भोपाल, गुरुवार 11 जून 2026 ■ ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष : 13, अंक : 70 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 39 न्यून. 28 haribhoomi.com


ताली बजाकर पीएम का स्वागत करते मंत्री

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पूजा करते हुए

**पीएम मोदी @ 4399 डेज...पं. नेहरु का रिकॉर्ड तोड़ा**

# एनडीए की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का नेताओं ने खड़े होकर किया 'अभिवादन'

- एनडीए की इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का स्टॉल भी नजर आया
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी भारत मंडपम पहुंचे और पीएम को शुभकामनाएं प्रेषित कीं

इस तुलना के लिए नेहरु के 1952 के बाद के कार्यकाल को आधार माना गया है, क्योंकि देश में पहले आम चुनाव होने से पहले, 1947 से 1952 के बीच वे अंतरिम सरकार के प्रमुख थे। 2014 में पीएम मोदी ने अपने पहले शपथ ग्रहण समारोह से लेकर 2019 में लगातार दूसरी बार और 2024 में ऐतिहासिक रूप से लगातार तीसरी बार जनादेश हासिल करने तक सेवा की है


झालमुड़ी का स्वाद लेते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस उपलब्धि को लेकर केंद्रीय कैबिनेट में सराहना प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम के साथ बुधवार को एक और कीर्तिमान जुड़ गया। पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्र में 12 साल ▶▶ शेष पेज 6 पर

### एनडीए सरकार के 12 साल पर भाजपा का मंथन

वहीं, इससे पहले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने भारत मंडपम में एनडीए सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर पार्टी द्वारा आयोजित एक संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

**पीएम मोदी ने एनडीए कॉन्क्लेव को किया संबोधित**

### बोले- 12 सालों में देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इतने लंबे समय तक सेवा करने का सौभाग्य मिला। निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में निरंतर सबसे लंबी अवधि तक सेवा करने का अवसर, इसे मैं अपना परम सौभाग्य मानता हूं। आपने इस अवसर पर मुझे सम्मानित किया, इतना मान दिया, इसके लिए मैं आप सभी का बहुत-बहुत आभारी हूं। मोदी ने कहा कि एनडीए के 12 वर्षों की एक बड़ी सफलता ये भी है कि देश कांग्रेस के कुचक्र से आजाद हुआ है। कांग्रेस ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पीएम के राष्ट्र सेवा के 12 वर्ष पूर्ण**

## सीएम ने गुफा मंदिर में पूजा की, सुखी जीवन की कामना की

पीएम को हनुमान चालीसा और प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल होकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. मोहन यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी के राष्ट्र सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों की ओर से शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की आज़ादी के बाद निर्वाचित रूप से सबसे अधिक अवधि तक देशसेवा करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। वे दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता व सबसे ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**भोपाल से लेकर दिल्ली तक महा-संग्राम**

कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रद्द मामला

# चुनाव आयोग में भी 'योग' नहीं! अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/ भोपाल

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस फैसले को संविधान और लोकतंत्र विरोधी बताते हुए केंद्रीय निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया है। चुनाव आयोग ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए कानूनी सलाह लेनी शुरू कर दी है। हालांकि देर रात तक इस पर फैसला नहीं आया।

बुधवार को कांग्रेस के एक हाई-प्रोफाइल प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अन्य आयुक्तों से मुलाकात कर एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। इस डेलिगेशन में खुद मीनाक्षी नटराजन के साथ संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, भूपेश बघेल, रणदीप सुरजेवाला, दीपा दासमुंशी और वरिष्ठ वकील व नेता विवेक तन्खा और अभिषेक मनु सिंघवी शामिल थे। मुलाकात के बाद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि उन्होंने आयोग के सामने सारे तथ्य और आंकड़े मजबूती से रख दिए हैं। वहीं, भोपाल में राज्यसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने मध्य प्रदेश के राज्यसभा उम्मीदवारों की स्क्रूटनी के बाद फाइनल लिस्ट जारी कर दी है। इनमें भाजपा प्रत्याशी तरुण चुग, महेश केवट और रजनीश अग्रवाल के नाम शामिल हैं। मध्य प्रदेश में राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 18 जून को मतदान होना है।

*भोपाल में राज्यसभा के रिटर्निंग ऑफिसर ने उम्मीदवारों की स्क्रूटनी के बाद फाइनल लिस्ट जारी कर दी है। इनमें भाजपा प्रत्याशी तरुण चुग, महेश केवट और रजनीश अग्रवाल के नाम शामिल*

**राज्यसभा की तीन सीटों के लिए 18 जून को मतदान**

अभिषेक मनुसिंघवी व विवेक तन्खा ने रखी दलीलें


बाएं से मीनाक्षी नटराजन, तन्खा, वेणुगोपाल और सिंघवी

### ये टू प्लस टू को 5 नहीं, टू प्लस टू को 7 करने का केस

कांग्रेस के वरिष्ठ अधिवक्ता और नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने निर्वाचन अधिकारी (आरओ) के फैसले पर तीखे सवाल उठाए। सिंघवी ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर का यह फैसला कानूनी रूप से पूरी तरह गलत और विकृत है। मीनाक्षी के खिलाफ ऐसा कोई आपराधिक मामला नहीं है जिसे छिपाया गया हो। अदालत ने सिर्फ एक ▶▶ शेष पेज 6 पर

**अब कांग्रेस के पास क्या विकल्प?**

कांग्रेस को चुनाव आयोग से राहत नहीं मिलती है तो कांग्रेस कोर्ट का रुख करेगी। सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर ली गई है। राज्यसभा सांसद और वकील विवेक तन्खा और उनकी ▶▶ शेष पेज 6 पर

***झारखंड में राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी परिमल नाथवानी का पर्चा वैध***

*__रांची।__ इधर, झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के नामांकन पत्र पर कांग्रेस की आपत्तियों को खारिज करते हुए रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने उसे वैध घोषित कर दिया है। इस फैसले के बाद कांग्रेस ने चुनाव प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए तीखी नाराजगी जताई है। कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा के प्रस्तावक और विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। कांग्रेस का आरोप था कि नाथवानी के दस्तावेजों में नाम के क्रम में गड़बड़ी है और हलफनामे के कुछ कॉलम खाली छोड़े गए हैं। विवाद बढ़ने पर निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से मार्गदर्शन लिया और लंबी सुनवाई के बाद नाथवानी का पर्चा सही पाया। इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद विशेष विमान से रांची पहुंचे। उन्होंने* ▶▶ शेष पेज 6 पर



राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता

**निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के दरवाजे पर संघ की गणवेश टांगी युकां कार्यकर्ताओं ने**

## इधर, भोपाल में कांग्रेस ने किया 'सामूहिक उपवास'

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस ने विरोध की लड़ाई सड़क से लेकर अदालत तक ले जाने का ऐलान कर दिया है। बुधवार को राजधानी के रोशनपुरा चौराहे पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने 3 घंटे का सामूहिक उपवास किया। धरना-उपवास में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, अरुण यादव, आरिफ मसूद, आतिफ अकील समेत बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रदेश कांग्रेस ने किया हर स्तर पर लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ने का ऐलान

### 50 साल की राजनीति में ऐसा नहीं देखा: दिग्विजय


पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि लालच, तोड़-फोड़ के सभी प्रयास जब विफल हो गए तो भाजपा ने आखिरी दांव एक दस्तावेज के आधार पर खेला। मंगलवार को लोकतंत्र की हत्या हुई। 50 साल सक्रिय राजनीति में हो गए ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सभी विधायक राष्ट्रपति भवन तक मार्च करेंगे

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषित किया कि वरिष्ठ नेताओं को एक-एक जिले में भेजा जाएगा। गुरुवार को सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर धरना होगा। आठ दिन के भीतर कलेक्टर या भाजपा कार्यालय का घेराव होगा। इसके बाद सीएम हाउस या मुख्य ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

**खबर संक्षेप**

### श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में गबन, मांगी रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के आरोपों का मामला अब प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गया है। भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह की शिकायत के बाद राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पीएम के पूर्व प्रमुख सचिव नृपेंद्र मिश्र अचानक अयोध्या पहुंचे। उन्होंने ट्रस्ट के पदाधिकारियों की बैठक की।

### सेप्टिक टैंक में दम घुटने से दो भाइयों की मौत



**बैतूल।** मुलताई थाना क्षेत्र के परमंडल गांव में सेप्टिक टैंक के अंदर उतरे संजय पंवार (30) बाहर नहीं लौटे तो उन्हें बचाने के लिए बड़े भाई विजय पंवार (38) नीचे उतरे, वह भी अचेत हो गए। दोनों की मौत हो गई। साथी मुकेश परिहार भी जहरीली गैस की चपेट में आ गया। मुकेश की हालत गंभीर है। पुलिस जांच में जुटी है।

### शिक्षा मंत्री को हटाने की मांग आंदोलन की दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर अपना आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है। सीजेपी ने सरकार को 20 जून से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन शांतिपूर्ण धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। अब आंदोलन को देश के कई बड़े शहरों तक ले जाया जाएगा।

**संयुक्त संचालक के यहां छापा**

## कंडवाल के ठिकानों से मिली 9.5 करोड़ की बेनामी संपत्ति



अफसर के सुपर मार्केट और दो मंजिला जिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

लोकायुक्त पुलिस ने महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक लक्ष्मीनारायण कंडवाल के ठिकानों पर तड़के छापा मारकर काली कमाई का बड़ा खुलासा किया है। अधिकारी के पास उनके 30 साल के सेवाकाल के कुल वेतन की तुलना में 241 प्रतिशत अधिक संपत्ति मिली है। कंडवाल को अब तक वेतन से करीब ढाई करोड़ रुपए की आय हुई थी, जबकि छापे में साढ़े नौ करोड़ रुपए की बेनामी संपत्ति का पता चला है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय के मुताबिक ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पंचायत सचिवों के लिए नई गाइडलाइन**

## गृहग्राम या अपनी ससुराल की पंचायत में नहीं रह सकेंगे सचिव



रिश्तेदार के सरपंच बनते ही होगा तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में तबादला सीजन के बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने पंचायत सचिवों के स्थानांतरण को लेकर नई और सख्त गाइडलाइन जारी कर दी है। नई नीति के तहत अब प्रदेश का कोई भी पंचायत सचिव अपने गृहग्राम या ससुराल की पंचायत में पदस्थ नहीं रह सकेगा। इसके साथ ही, यदि किसी पंचायत में सचिव का कोई रिश्तेदार सरपंच या उपसरपंच चुना जाता है, तो वहां से भी सचिव का तबादला तुरंत प्रभाव से किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश पर जारी इस ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मंत्री राकेश सिंह ने उज्जैन में हो रहे कामकाज में देरी के लिए माना था जिम्मेदार**

## मंत्री की नाराजगी ईएनसी राणा को पड़ी भारी पीडब्ल्यूडी से हटाकर एमपीआरडीसी में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


केपीएस राणा

पीडब्ल्यूडी में विभागीय मंत्री की नाराजगी प्रभारी प्रमुख अभियंता (ईएनसी) केपीएस राणा को भारी पड़ गई। उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर एमपीआरडीसी में प्रमुख अभियंता के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी जगह पर जबलपुर के प्रभारी प्रमुख अभियंता आरएल वर्मा को नया ईएनसी बनाया गया है। अभी एक दिन पहले ही सिंहस्थ को लेकर मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में विभागीय मंत्री राकेश सिंह ने उज्जैन में हो रहे कामकाज में देरी के लिए प्रमुख अभियंता को जिम्मेदार बताया था। राणा लगभग एक साल तक इस पद पर पदस्थ रहे। राज्य सरकार ने मंगलवार को देर रात आदेश जारी कर पीडब्ल्यूडी के प्रभारी प्रमुख अभियंता (ईएनसी) केपीएस राणा का तबादला मप्र सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) में प्रमुख अभियंता के पद पर कर दिया। कुछ समय से विभागीय मंत्री व ईएनसी के बीच पटरी नहीं बैठ रही थी। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जबलपुर के प्रभारी प्रमुख अभियंता आरएल वर्मा नए ईएनसी बने

**6 जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के बीच**

## आंधी-बारिश के बीच दो जिलों में लू भोपाल सहित प्रदेश में गर्मी-उमस बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में लगातार तीसरे दिन बुधवार को दिन के तापमान में बढ़त के साथ गर्मी और उमस का असर बढ़ गया। खजुराहो और नौगांव में पारा 45 डिग्री तक रहने से दोनों जिलों में लू का असर रहा, जबकि छह जिलों में 43 से 44 डिग्री तक गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। प्रदेश में औसत पारा 41 डिग्री के करीब रहा। भोपाल में दशमलव 4 डिग्री बढ़कर 29 मई के बाद सबसे अधिक पारा 40.4 डिग्री दर्ज हुआ है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

- एक दर्जन जिले 42 से 43 डिग्री तक तपे, दो दिन बाद राहत
- सुबह से शाम तक 21 शहरों में प्री-मानसून बारिश ओले गिरे


राजधानी की करोंद मंडी, दोपहर 1:30 बजे का दृश्य, तेज गर्मी से चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए लोग

### पांच जिले सबसे गर्म

बुधवार को गर्मी और उमस बढ़ गई। 5 जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के बीच रहा। इनमें दतिया, ग्वालियर, दमोह, सतना और टीकमगढ़ जिले शामिल हैं। यहां भीषण गर्मी और उमस रही। सबसे गर्म रहे खजुराहो में 45 और नौगांव में 44.6 डिग्री दर्ज हुआ। उमरिया, सागर, रीवा, गुना, रायसेन, राजगढ़ आदि जिलों में पारा 42 से 43 डिग्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

**रिलायंस और मेटा का इस दिशा में एक बड़ा कदम**

भारत अब ग्लोबल एआई क्रांति में सबसे आगे रहने को तैयार

## गुजरात में बनेगा एआई डेटा सेंटर, अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होने की उम्मीद

- यह डेटा सेंटर 168 मेगावाट की क्षमता वाला होगा
- यह भारत में मेटा का पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा
- मशीनों को ठंडा करने समुद्र के खारे पानी को साफ करके इस्तेमाल किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने एक बड़ी साझेदारी का ऐलान किया है। दोनों कंपनियां मिलकर गुजरात के जामनगर में एक अत्याधुनिक एआई तकनीक से लैस डेटा सेंटर बनाने जा रही हैं। यह प्रोजेक्ट तकनीक के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। यह डेटा सेंटर 168 मेगावाट की क्षमता वाला होगा और इसके अगले दो वर्षों में बनकर तैयार होने की उम्मीद है। ▶▶ शेष पेज 6 पर



एआई इमेज

### जामनगर में ही क्यों बन रहा है यह डेटा सेंटर?

गुजरात का जामनगर रिलायंस के लिए एक रणनीतिक जगह है, यही वजह है कि वह दुनिया के सबसे बड़े डेटा सेंटर कैंपस में से एक विकसित कर रहा है। एआई जैसी एडवांस तकनीक को चलाने के लिए बहुत ज्यादा बिजली की जरूरत होती है और जामनगर में इसके पर्याप्त ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जुकरबर्ग और अंबानी ने कहा- यह पहल नई क्रांति की शुरुआत

मेटा के फाउंडर और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि यह पहलभारत की अर्थव्यवस्था में हमारे लंबे निवेश को और मजबूत करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत अब ग्लोबल एआई क्रांति में सबसे आगे रहने के लिए तैयार है।


छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
12 साल
विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के
स्वास्थ्य को सुरक्षा कवच
2.46 करोड़+ हितग्राहियों
को मिली स्वास्थ्य सुरक्षा
Har Ghar Jal
Jal Jeevan Mission
पेयजल हर आंगन
41 लाख+ परिवारों को
मिला नल कनेक्शन
धुआं छंटा, मुस्कान खिली
38 लाख+ महिलाओं को
मिला गैस कनेक्शन
नक्सलमुक्त भारत,
नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़
बस्तर से सशस्त्र
माओवाद का अंत
प्रधान मंत्री
आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awas Yojana-Gramin
छप्पर की जगह पक्की छत
26 लाख+ परिवारों के
पक्के आवासों की स्वीकृति
शक्ति का सम्मान
68 लाख+ महिलाओं
को महतारी वंदन
योजना के तहत
सालाना
₹12 हजार की आर्थिक
सहायता
सम्मान की सौगात
24 लाख+ किसानों को
सालाना ₹6,000 की
आर्थिक सहायता
वित्तीय समावेशन
1.87 करोड़+ हितग्राहियों
के जन धन खाते खुले
मोदी की गारंटी से
आगे बढ़ता छत्तीसगढ़
श्री विष्णु देव साय, माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

12 जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों...



13 'अगरबत्ती' में सुलगी फूलन देवी की याद: जाति, सत्ता...








### 25 हजार वर्गफीट वाले मैदान के लिए 1 हजार प्रतिदिन देना होगा शुल्क

# देश में पहली बार: सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2026 के तहत नगर निगम ने तय किए रेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल-26 से देशभर में लागू सालिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2026 के तहत भोपाल नगर निगम देश का पहला नगर निगम है, जिसने नियमों के तहत रेट तय कर दिए हैं। इसके लिए अलग-अलग कैटेगिरी तय की गई हैं। यदि किसी घर या संस्थान में जन्मदिन, धार्मिक, सामाजिक या पारिवारिक कार्यक्रम में 100 से अधिक लोग शामिल हो रहे हैं, तो आयोजक अपने क्षेत्र के एएचओ, दारोगा, वार्ड कार्यालय, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के कर्मचारियों को जानकारी दे सकता है ताकि निर्धारित राशि जमा करवाई जा सके। इसका जिम्मा संबंधित क्षेत्र के जोन प्रभारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, वार्ड के उप स्वास्थ्य पर्वेक्षक की रहेगी जो अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी भी करेंगे और राशि भी जमा करवाएंगे।

25 हजार से ज्यादा एरिया के लिए शुल्क रहेगा 2500 रुपए

100 से अधिक लोगों के आयोजन के लिए देना होगी जानकारी

## कचरा उठवाने के लिए जमा होगा नियमानुसार शुल्क



कॉमर्शियल आयोजन के लिए 2700, आवासीय के लिए 2400 और वेलफेयर सोसायटी के आयोजन के लिए 2100 रुपए प्रति टन कचरे के लिए प्रतिदिन के मान से शुल्क वसूला जाएगा। जबकि मॉल, बड़े होटल, रेस्टोरेंट, रिसोर्ट, ऑफिस कॉम्पलेक्स, हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, मेडिकल कॉलेज, स्कूल-कॉलेज यूनिवर्सिटी, होस्टल, हाउसिंग सोसायटी, सरकारी आवासीय परिसर, धार्मिक स्थल, स्टेडियम, बड़े कार्यक्रम स्थल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट भी बीडल्यूजी (बल्क वेस्ट जनरेट) की श्रेणी में शामिल माने जाएंगे। यानि अब संस्थानों को खुद ही कचरे का निपटान करना होगा।

## कचरे का करना होगा चार स्तर पर सेग्रीगेशन

ठोस अपशिष्ट का चार-स्तरीय सग्रीगेशन जरूरी है। अपशिष्ट को गीले, सूखे, स्वच्छता और विशेष देखभाल में अलग करना जरूरी है। गीले कचरे में रसोई का कचरा, सब्जियां, फलों के छिलके, मांस, फूल आदि शामिल हैं। सूखे कचरे में प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच, लकड़ी और रबर आदि शामिल हैं, जिन्हें छंटाई और पुनर्चक्रण के लिए सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधाओं में ले जाया जाएगा। स्वच्छता संबंधी कचरे में डायपर, सैनिटरी पैड, टैम्पोन आदि शामिल हैं, जिन्हें सुरक्षित रूप से लपेटकर अलग से संग्रहित किया जाएगा। विशेष देखभाल वाले कचरे में पेंट के डिब्बे, बल्ब, पारा थर्मामीटर और दवाइयां आदि शामिल हैं, जिन्हें अधिकृत एजेंसियों द्वारा एकत्र किया जाएगा या निर्दिष्ट संग्रहण केंद्रों पर जमा किया जाएगा।

### नियमों के तहत रेट तय: निगमायुक्त

निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि नए नियमों के तहत रेट तक कर दिए गए हैं। मैदानी अमले की जिम्मेदारी तय की गई है। भोपाल देश का पहला नगर निगम है जिसने नए नियमों के तहत रेट तय कर दिए हैं।




लोगों ने दौड़कर निकाला, घायलों को अस्पताल भेजा गया

# आजाद मार्केट में अचानक गिरी पेड़ की टहनी, तीन लोग हुए घायल, सिर, पीठ और चेहरे पर आईं चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के व्यस्त आजाद मार्केट में बुधवार दोपहर तब अफरा-तफरी मच गई, जब बिना बारिश और तेज हवा के एक पेड़ की बड़ी टहनी टूटकर सड़क पर गिर गई। हादसे में नीचे से गुजर रहे तीन लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को टहनी के नीचे से बाहर निकाला। घायलों के सिर, पीठ और चेहरे पर चोटें आई हैं। एक घायल को अस्पताल भेजा गया, जबकि दो का प्राथमिक उपचार मौके पर ही लोगों ने किया। निगम के अमले ने टहनी को हटाकर यातायात सामान्य करवाया। घटना दोपहर करीब 3.15 बजे की है। आजाद मार्केट में स्थित मुनगा के पेड़ की एक भारी टहनी अचानक टूटकर सड़क पर आ गिरी। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें टहनी गिरते ही मौके पर अफरा-तफरी मचती दिखाई दे रही है।



आजाद मार्केट में पेड़ गिरने से अफरा-तफरी मच गई।



### कुछ सेकंड पहले ही निकले थे, बाल-बाल बचे

किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री विवेक साहू घटना के कुछ सेंकड पहले ही निकले थे कि अचानक पेड़ की डगाल गिर गई। वे बाल-बाल बच गए। उन्होंने घायलों को निकालने में मदद की और प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। घायलों के परिजनों को फोन करके सूचना दी गई। उन्होंने बताया कि आजाद मार्केट क्षेत्र में कई पुराने पेड़ हैं, जिनकी टहनियों की नियमित छंटाई नहीं की गई है।



# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Madhya Pradesh. * Finance at the sole discretion of the financier. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com मुख्य अधिकृत विक्रेता – भोपाल : कोहिनूर टीवीएस, 7389901018, 7554245855, कोहिनूर टीवीएस, 7389924459, 7389924456, अट्रेक्टिव टीवीएस, इंद्रपुरी भोपाल, 8370003697, 8370002230, कोहिनूर टीवीएस, 9870326564, 9111018733, भोपाल टीवीएस, 0755–4948300, 9926526466, संकल्प टीवीएस, मो. 7898987990, 7898987984, सक्सेस टीवीएस, मो. 9826717528, 8889655523, रायसेन : सिद्धीसारथी टीवीएस, 9238234860, 9303816415, सीहोर : ममता टीवीएस, 9201826868, राजगढ़ : श्री सांवरिया टीवीएस, 9039551201, 7748099834, जीपीडी टीवीएस, 9753055245, 7974190962, मंगल टीवीएस, 9171112384, 9171112386, विदिशा : यूरेका टीवीएस, 07592–403859, 9806974281, तारणम् टीवीएस, 9243122422, 9827399444, अशोकनगर : श्री विनायक टीवीएस, 7879041038, 7999608681, गुना : वंदना टीवीएस, 9755364517, 7694000571, श्री हरिगिरधर टीवीएस, 9425710114, 9425710113, बैतूल : ओम शक्ति टीवीएस, 9340291652, 7049027410, नर्मदापुरम : श्री ओम शक्ति टीवीएस, 9340249811, 9329914754, इटारसी : आई लक्ष्मी टीवीएस, 9244377833, सारणी : लक्ष्मी टीवीएस, 9425366960, 8959091939, हरदा : श्री विद्यासागर टीवीएस, 7697255552, अधिकृत डीलर भोपाल : भानपुर 9981997535, 9981641501, 9713681500, करोंद 7772005953, हर्राखेड़ा 9893548735, ईंटखेड़ी 8120928303, फंदा 9806175382, नेहरूनगर 7723977850, 9893231841, बैरागढ़ 9827081627, 7987196944, बैरसिया 07565–292222, 7580876776, 9754784161, बंगरसिया 9131494312, 9826934463, देहगांव 9893932299, उदयपुरा 9893509802, सुल्तानपुर 8120053803, अधिकृत डीलर अशोकनगर : बहादुरपुर 9591155334, राजपुर 6266358545, ईसागढ़ 8878682065, 9425798779, मुंगावली 8839740541, 9806374388, अधिकृत डीलर गुना : आरोंन 8085808501, बमौरी 7987068010, फतेहगढ़ 6265242811, मक्सूदनगढ़ 9424849214, राघौगढ़ 9669843208, जामनेर 7770960853, अधिकृत डीलर रायसेन : गैरतगंज 9425653354, 7999934324, देहगांव 6264514663, मंडीदीप 9893016056, 9009085515, ओबेदुल्लागंज 7987999256, 9713470480, सिलवानी 6266504460, बैगमगंज 8770809631, बरेली 9009222227, उदयपुरा 9893509802, अधिकृत डीलर राजगढ़ : छापीहेड़ा, 8109238402, जीरापुर, 7581071198, 6166386978, खिलचीपुर 9893624685, कुरावर 9981241802, माचलपुर, 9685505767, सारंगपुर, 7000013615, 7000822287, तलेन 9926922770,अधिकृत डीलर विदिशा : गंज बासोदा 8989029329, 9584494644, गुलाबगंज 9993944799, 9993182352, ग्यारसपुर 9752535692, 6260403349, लटेरी 9074929908, शमशाबाद 9755106709, सिरोंज 8770963822, कुरवाई 9617457020, अधिकृत डीलर नर्मदापुरम : बाबई 7828641086, बनखेड़ी 8602257406, बुदनी 9827005454, डोलरिया 9977220337, पिपरिया 9329770107 , सिवनी मालवा 6264865638, शाहगंज 8461890106, सोहागपुर 7000862026, अधिकृत डीलर बैतूल : आमला 6261272636, आठनेर 9425623807, चिचोली 9179178890, चोपना 9977653785, घोड़ाडोंगरी 9407521428, भैंसदेही 9977711439, अधिकृत डीलर सीहोर : आष्टा 9977707427, चांदबड़ 8719082045, लाड़कुई 9229651220, नसरूल्लागंज 9977877877, श्यामपुर 9201826868, बिलकिसगंज 9783587709, श्यामपुर 7566784778, 9981241802, अधिकृत विक्रेता हरदा : टिमरनी 9755930630.

dentsu/hb bho/05/26



लिफ्ट का निरीक्षण करते हुए।

लिफ्ट बंद होने के बाद लोगों ने सीढ़ियों से भागने की कोशिश की पर रास्ता बंद था

# बंसल वन की दूसरी मंजिल पर लिफ्ट बंद, फंसे रहे दर्जनभर कर्मचारी व अन्य लोग, बड़ा हादसा टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के आरकेएमपी रेलवे स्टेशन स्थित बंसल वन में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब अचानक लिफ्ट बंद हो गई और दूसरी मंजिल पर मौजूद करीब दर्जनभर कर्मचारी व अन्य लोग कुछ देर तक फंस गए। राहत की बात यह रही कि समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक लिफ्ट बंद होने के बाद लोगों ने इमरजेंसी एक्जिट का उपयोग करने की कोशिश की, लेकिन वहां जाने वाली सीढ़ियों का रास्ता बंद मिला। इससे कर्मचारियों और भवन प्रबंधन के बीच बहस की स्थिति बन गई। घटना के दौरान लिफ्ट के बाहर बड़ी संख्या में कर्मचारियों की भीड जमा हो गई। कर्मचारियों ने सीढ़ियों के रास्ते को हर समय खुला रखने की मांग की।

कर्मचारियों और भवन प्रबंधन के बीच बहस की स्थिति बन गई, सीढ़ियों के रास्ते को खुला रखने की मांग की



लिफ्ट बंद होने के बाद अफरा-तफरी का रहा माहौल।

### तकनीकी कारणों से बंद हुई लिफ्ट

बताया जा रहा है कि बंसल वन में इससे पहले भी खराब मौसम और बिजली आपूर्ति बाधित होने के दौरान लिफ्ट बंद होने या फंसने की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि लिफ्ट संचालन और आपातकालीन व्यवस्थाओं को लेकर पर्याप्त सतर्कता नहीं बरती जा रही है। घटना के बाद भवन प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच कुछ देर तक तीखी बहस भी हुई। कर्मचारियों ने कहा कि व्यावसायिक भवन में रोजाना बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं, ऐसे में इमरजेंसी एक्जिट का बंद रहना गंभीर लापरवाही है। वहीं प्रबंधन की ओर से तकनीकी कारणों से लिफट बंद होने की बात कही गई।

## खबर संक्षेप

### एमसीयू के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग में प्रवेश के बुलाए आवेदन

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग में प्रवेश के लिए आवेदन बुलाए गए हैं। विभाग में एमएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एम.ए. इन ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म तथा बीएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया जैसे रोजगारमूलक पाठ्यक्रमों एडमिशन प्रक्रिया जारी है। विवि में एमएससी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में दो वर्षीय मास्टर डिग्री के दौरान विद्यार्थियों को टीवी प्रोडक्शन, डिजिटल मीडिया, कंटेंट क्रिएशन, स्टूडियो संचालन, कैमरा एवं वीडियो एडिटिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय एवं बोर्ड से स्नातक तथा 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

### हज का सफर पूर्ण कर लौटने का सिलसिला शुरू 20 तक आएंगी फ्लाइट

**भोपाल।** हज के मुकद्दस सफर को पूरा करने के बाद हज यात्रियों की वापसी का सिलसिला शुरु हो गया है। दो जून से फ्लाइट सउदी के जद्दा से मुंबई वापस लौट रहे हैं। जिसको देखते हुए मुंबई बड़ी संख्या में परिजन, रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग एयरपोर्ट पर अपने लोगों को लेने पहुंच रहे हैं। हज से लौटे बंदे वापसी के साथ ही इस्तकबाल करने के बाद लोगों के साथ मिलकर हज की कबूलियत की दुआ भी कर रहे हैं। इधर हज यात्री भी अपने अनुभव साझा कर रहे हैं। हज यात्रियों की वापसी का सिलसिला बीस जून तक जारी रहेगा।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होगा सामूहिक योग कार्यक्रम

**भोपाल।** इस साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संबंध में सभी कुलसचिवों, प्राचार्यों एवं संबंधित संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुसार आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए निर्धारित गतिविधियों का पालन किया जाएगा। श्विविद्यालयों और महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की तैयारी के तहत 19 जून को प्रशिक्षित योग शिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा।

## नगर निगम ने बारिश के पहले जारी किए दो हजार नोटिस

# राजधानी में 1500 जर्जर इमारतें, 242 की हालत ऐसी बारिश में कभी भी ढहने को तैयार

नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने सभी जोनल अधिकारियों को हिदायत दी है कि वह अपने जोन में जर्जर इमारतों को चिन्हित कर सिविल सेल को लिस्ट भेजें।


हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पुराने शहर में जर्जर इमारतों का जाल बिछा है। यहां बैरसिया रोड, बुधवारा, इतवारा, जहांगीराबाद, सुल्तानिया रोड, हमीदिया रोड पर करीब डेढ़ हजार जर्जर इमारतें हैं। जिन्हें जमींदोज करने की जगह नगर निगम बारिश के पहले नोटिस थमा देता है।

हालात यह हैं कि इन इमारतों को तोड़ना तो दूर खाली तक नहीं कराया गया है। इनमें 242 जर्जर मकान तो ऐसे हैं जो कभी भी ढह सकते हैं। नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने सभी जोनल अधिकारियों को हिदायत दी है कि वह अपने जोन में जर्जर इमारतों को चिन्हित कर सिविल सेल को लिस्ट भेजें। जिससे इन इमारतों को तोड़ने की कार्रवाई की जा सके। जर्जर मकानों, ओवरहैड टैंक, बावड़ी और कुओं की हालिया लिस्ट 30 मार्च 2023 को इंदौर में हुए बावड़ी हादसे के बाद बनाई गई थी। भोपाल में हुए सर्वे में 977 जर्जर मकानों को चिन्हित किया गया। बताया गया कि इन मकानों में चार हजार लोग रहते हैं।

**पुराने शहर के वार्ड-40 में सबसे ज्यादा जर्जर इमारतें**

**भोपाल में हुए सर्वे में 977 जर्जर मकानों को चिन्हित किया गया था**



राजधानी के ऐशबाग क्षेत्र की जर्जर इमारतें।

### पुराने शहर में सबसे खतरनाक इमारतें

खस्ताहाल इमारतें यूं तो पूरे शहर में हैं, लेकिन इनकी तादाद पुराने शहर में ज्यादा है। यहां ऐसी कई इमारतें हैं जो 100 साल से भी ज्यादा पुरानी हैं। इनमें पीर गेट, जुमेराती, हमीदिया रोड, चौक बाजार, इकबाल मैदान, इमामी गेट इलाके में ऐसी इमारतें जर्जर हालत में खड़ीं हैं। जो बारिश में कभी भी भरभरा कर ढह सकती हैं।

**वार्ड 40 में सबसे ज्यादा जर्जर मकान**

निगम की लिस्ट के मुताबिक 85 वार्डों में से 31 वार्डों में जर्जर मकान हैं। इनमें सबसे ज्यादा 600 जर्जर मकान वार्ड 40 में हैं। जर्जर मकानों के मामले में दूसरे नंबर पर वार्ड 14 है, जिसमें 79 और तीसरे नंबर पर वार्ड 18 है जिसमें 70 जर्जर मकान हैं। चौथे नंबर पर वार्ड 28 है, जिसमें जर्जर मकानों की संख्या 61 है। वार्ड 21 में 36 और वार्ड 20 में 23 जर्जर मकान हैं, जबकि अन्य वार्डों में जर्जर मकानों की संख्या एक से सात तक है।

### यहां जर्जर इमारतों से हुए हादसे

- अगस्त 2020 में 150 साल पुराने सदर मंजिल का एक हिस्सा गिरने से दो दर्जन से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे।
- जून 2022 को शाहपुरा में जर्जर मकान तोड़ने के दौरान मलबे में दबने से एक मजदूर की मृत्यु हो गई थी।
- जुलाई 2022 में इंद्रा नगर मल्टी में जर्जर भवन का छज्जा गिरने से कार क्षतिग्रस्त हो गई थी।

**दो हजार मकान मालिकों को नोटिस**

अब तक 2000 से ज्यादा जर्जर मकान मालिकों को नोटिस जारी किया गया है। ऐशबाग स्टेडियम के पीछे स्थित जनता क्वार्टर में जर्जर भवनों के संबंध में हाउसिंग बोर्ड को पत्र लिखने के निर्देश दिए हैं। **संजय शर्मा,** पीआरओ, नगर निगम

तेज बारिश में घरों में भरेगा पानी

### शहर के 789 नालों में भरी गंदगी से 150 कॉलोनियों को जलभराव का खतरा



इस बार फिर बारिश में शहर की कॉलोनियों में पानी भरने के हालात बनेंगे। पिछले दिनों प्री मानसून बारिश से कुछ जगहों पर जलभराव भी हुआ था। दरअसल नगर निगम ने शहर में नालों की सफाई ठीक से नहीं की है। जिसकी वजह से शहर के 789 नालों से पानी निकासी में रुकावट होगी। इन नालों की सफाई नहीं होने से तेज बारिश में बावड़िया कला और नर्मदापुरम रोड के साथ अरेरा कॉलोनी और शिवाजी नगर जैसे पॉश इलाकों के साथ निचली बस्तियों में भी पानी भर जाएगा। इधर निगम अफसरों का दावा है कि नालों की सफाई के लिए 21 जेसीबी, 21 डंपर और 14 पोकलेन मशीनें मिलाकर 56 मशीनें लगी हुईं हैं। इस काम में 200 से ज्यादा लोग लगे थे, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि सफाई का काम आधा-अधूरा किया गया है।

**टीबी सेंटर के बगल से गुजरता है नाला**

सेंट्रल लाइब्रेरी के पास टीबी सेंटर के बगल से नाला गुजरता है। नाले में गंदगी के चलते पानी के ठहराव के कारण यहां मच्छरों का भी प्रकोप रहता है।

**इन इलाकों में होता है जलभराव:** भोपाल टॉकीज, सिंधी कॉलोनी, अशोका गार्डन, न्यू राजीव नगर, कैलाश नगर, आशिमा मॉल के पास की बस्ती, ललिता नगर, नयापुरा, सुभाष नगर, घोड़ा नक्कास, सैफिया कॉलेज रोड, करोंद शिव नगर, बावड़िया कलां, बाणगंगा, डिपो चौराहा, पंचशील नगर, महामाई का बाग समेत 150 से अधिक कॉलोनियों में बारिश का जल भर जाता हैं।

**टीम रख रही निगरानी**

नालों की सफाई लगातार जारी है। सभी नालों की सफाई शेड्यूल के हिसाब से की गई है। इसी हिसाब से नालों की सफाई की जा रही है। तेज बारिश होने पर निगम की टीम सभी जगहों पर निगरानी भी रखती है।
**मालती राय,** महापौर नगर निगम



दुकानदार स्वयं ही निर्माण को तोड़ते हुए।

मेट्रो और निगम अधिकारियों ने किया था संयुक्त निरीक्षण

# मेट्रो के दायरे में आने वाले 30 दुकानदार खुद हटा रहे कब्जे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के रोशनपुरा में मेट्रो कॉरिडोर के दायरे में आ रही करीब 30 दुकानों के संचालकों ने प्रशासन द्वारा दी गई मोहलत के बाद खुद ही अपने कब्जे और अस्थायी निर्माण हटाना शुरू कर दिए हैं। गत दिवस मेट्रो और नगर निगम के अधिकारियों ने क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया था। इस दौरान निरीक्षण में कई दुकानों के सामने शेड, प्लेटफॉर्म, सीढ़ियां तथा अन्य अस्थायी निर्माण मेट्रो ब्लू लाइन के प्रस्तावित मार्ग में बाधक मिले। इसके बाद संबंधित दुकानदारों को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने की मोहलत दी गई थी।

बुधवार को मोहलत समाप्त होने से पहले ही ज्यादातर दुकानदारों ने अपने स्तर पर निर्माण हटाना शुरू कर दिया। कई स्थानों पर दुकानदार मजदूरों की मदद से शेड और अन्य निर्माण हटाते नजर आए। मेट्रो प्रशासन की ओर से दुकान मालिकों को जिला प्रशासन के माध्यम से मुआवजा भी दिया गया है। हालांकि दुकानदारों में मुआवजे की राशि के अंतर को लेकर आक्रोश है।



अपने स्वेच्छा से सामान हटाते दुकानदार।

**पुल पातरा तक बरखेड़ी क्षेत्र में भी लोगों ने स्वच्छा से अतिक्रमण हटाए**

पुल बोगदा से पुल पातरा तक बरखेड़ी क्षेत्र में मेट्रो के दायरे में आ रहे अतिक्रमणों को भी लोगों ने स्वेच्छा से हटाए। मेट्रो प्रशासन के अनुसार शहर में मेट्रो लाइन के दायरे में जिन क्षेत्रों में स्थान चिन्हित किए गए हैं वहां मुआवजा राशि जिला प्रशासन के माध्यम से उपलब्ध करवाई जा रही है। मेट्रो प्रशासन ने जिला प्रशासन को निर्धारित राशि का भुगतान कर दिया है। कई जगह से अभी अतिक्रमण हटाए जाने हैं। इसके लिए नोटिस दिए गए हैं। ज्यादातर स्थानों पर लोगों ने स्वेच्छा से अपना निर्माण हटा लिया है।

5 किग्रा पैंगोलिन स्केल बरामद, वाहन भी जब्त

## पैंगोलिन के अवयवों की तस्करी करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स (एसटीएसएफ) ने दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन के अवयवों की तस्करी और अवैध व्यापार में संलिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में देवीदीन विश्वकर्मा निवासी डिंडोरी, कृपाल सिंह मरकाम एवं मुकेश कुमार विश्वकर्मा निवासी उमरिया तथा विजय कुमार ग्राय निवासी जबलपुर शामिल हैं।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मप्र के निर्देशों तथा वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में आरोपियों के कब्जे से लगभग 5 किग्रा पैंगोलिन की शल्क (स्केल), एक मोटरसाइकिल और एक चार पहिया वाहन को भी जब्त किया गया।

पुलिस ने दर्ज किया उकसाने का मामला

## पत्नी की प्रताड़ना से दुखी होकर की थी पति ने आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सागर धाम कॉलोनी मालखेड़ी में पांच महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले युवक की पत्नी पर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। मृतक के मोबाइल पर मिले वीडियो और परिजन के बयान के आधार पर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है।

***कपड़े खरीदने गई और व्यापारी से कर ली दोस्ती***

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि रीना राय दो साल पहले कपड़े खरीदने बैरागढ़ गई थी। वहां 45 साल के कपड़ा व्यापारी से उसकी दोस्ती हो गई। दोनों में प्रेम प्रसंग चलने लगा। रीना राय अंदर के कमरे में अकेली रहती थी और कपड़ा व्यापारी से मोबाइल पर बातचीत करती थी, जिसके कारण पति दुखी रहता था।

विवि के रवींद्र सिंह को अस्थि कलश पुनः सांची लाने नोडल अधिकारी नियुक्त किया

## मंगोलिया से आज सांची लौटेंगे भगवान बुद्ध के प्रधान शिष्यों के अस्थि कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सांची के चेतियागिर विहार में रखे भगवान बुद्ध के प्रधान शिष्यों सारिपुत्त और महामोग्गलान के अस्थि कलश गुरुवार को मंगोलिया से सांची पहुचेंगे।

अस्थि कलश को श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी के अध्यक्ष एवं लंकाजी टेंपल जापान के मुख्य संघनायक वेनेगल उपतिस्स नायक



थेरो और राष्ट्रीय संग्रहालय दिल्ली के पदाधिकारी 30 मई को दिल्ली से मंगोलिया लेकर गए थे।

**चेतियागिर विहार में पारंपरिक पूजा के उपरांत रखा जाएगा**

मंगोलिया की राजधानी उलानबटार स्थित गंडन तेगचेनलिंक मठ में अस्थि कलश को 9 जून तक आम जनता के दर्शनार्थ रखा गया था। अब इन्हें पुनः चेतियागिर विहार में पारम्परिक पूजा के उपरांत रखा जाएगा।

साइबर जालसाजों से रहें सावधान, बिल भुगतान केवल अधिकृत माध्यमों से करें

## बिजली उपभोक्ताओं को किया अलर्टः फर्जी मैसेज और कॉल के जरिए हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के सम्माननीय बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली बिलों का नगद भुगतान कंपनी के जोन, वितरण केंद्र कार्यालय, पीओएस मशीन अथवा अधिकृत भुगतान केन्द्रों जैसे एमपी ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर पर ही करें। उपभोक्ताओं को बिजली बिलों के केशलेस भुगतान हेतु कंपनी के पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप, व्हाट्सएप पे एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से भी बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।

**बिजली काटने का दिखाते हैं डर**

कंपनी के संज्ञान में आया है कि साइबर जालसाजों द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को एसएमएस, व्हाट्सएप मैसेज अथवा आईव्हीआर तकनीक से फोन कॉल पर नंबर दबाने हेतु कहा जाता है जिसमें बिल भुगतान कराने हेतु भय बनाकर कि आपकी बिजली कुछ घंटों बाद काट दी जाएगी, इसके लिए बिल भुगतान करने हेतु विशेष नंबर दबाएं, मोबाइल नंबर विशेष अथवा अनजान लिंक/एप पर क्लिक कर या संपर्क कर बकाया राशि जमा कराएं।

1800-233-6112 पर शिकायतों के त्वरित निराकरण की होगी व्यवस्था

महिलाएं सीधे आयोग से संपर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगी

## महिला आयोग ने शुरू की टोल-फ्री हेल्पलाइन सेवा 1800-233-6112 पर मिलेगी लोगों को सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य महिला आयोग ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महिलाओं के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-233-6112 का शुभारंभ किया है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं सीधे आयोग से संपर्क कर अपनी शिकायतें, समस्याएं और सुझाव दर्ज करा सकेंगी।

**आयोग के सचिव ने किया विमोचन**

भोपाल स्थित राज्य महिला आयोग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष रेखा यादव, सदस्य साधना स्थापक तथा आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने हेल्पलाइन का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर आयोग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयोग के सचिव सुरेश तोमर ने बताया कि हेल्पलाइन महिलाओं की शिकायतों के पंजीयन, मार्गदर्शन, परामर्श तथा संबंधित मामलों के फॉलोअप के लिए एक प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य करेगी। इससे शिकायत निवारण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और सुलभ बनेगी।

***महिलाओं और आयोग के बीच होगा सीधा संवाद***

*अध्यक्ष रेखा यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को न्याय और सहायता तक सहज पहुंच उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नई टोल-फ्री हेल्पलाइन महिलाओं और आयोग के बीच सीधा संवाद स्थापित करेगी, जिससे उनकी समस्याओं का त्वरित संज्ञान लेकर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।*

**प्रत्येक शिकायत पर प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाएगी : साधना स्थापक**

आयोग सदस्य साधना स्थापक ने कहा कि आयोग का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और न्यायपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर संवेदनशीलता, गंभीरता और प्राथमिकता के साथ कार्रवाई की जाएगी, जिससे पीड़ित महिलाओं को शीघ्र राहत मिल सके।

# प्रधानमंत्री मोदी ने जनसेवा, समर्पण और विश्वास के 12 वर्षों में रचा नया इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का गौरवपूर्ण कीर्तिमान स्थापित करने पर बुधवार को प्रदेश के प्रमुख मंदिरों एवं सभी विधानसभाओं में धार्मिक आयोजन हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल के गुफा मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल नीलबड़ स्थित देवी व हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर अनाज से निर्मित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भव्य रंगोली का अवलोकन किया। पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल करूणाधाम आश्रम एवं प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने खेड़ापति हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल एवं यशस्वी भविष्य की मंगलकामनाएं कीं।

**» प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु, यशस्वी भविष्य के लिए की मंगल कामनाएं**

**» भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किए विभिन्न आयोजन**

**» अमरकंटक में मां नर्मदा उद्गम स्थल पर कार्यकर्ताओं ने धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए**

## पीएम मोदी के गौरवपूर्ण कीर्तिमान पर प्रदेश के मंदिरों, पार्टी प्रदेश कार्यालय एवं विधानसभाओं में हुए धार्मिक आयोजन



भाजपा प्रदेश कार्यालय में हनुमान चालीसा पाठ करते खंडेलवाल, जामवाल व पदाधिकारी।

### खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यालय में किया हनुमान चालीसा पाठ

भाजपा प्रदेश कार्यालय में स्थित श्री हनुमान मंदिर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पूजा-अर्चना कर सुंदरकांड का पाठ किया। मंदसौर के पशुपतिनाथ मंदिर, इंदौर के श्री खजराना गणेश मंदिर, उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर, दतिया के मां पीतांबरा पीठ, धार के वाग्देवी मंदिर भोजशाला, सीहोर के सलकनपुर देवी मंदिर, मैहर के शारदा माता मंदिर एवं अमरकंटक में मां नर्मदा उद्गम स्थल में कार्यकर्ताओं ने धार्मिक कार्यक्रम किए।

## इंदौर के खजराना गणेश मंदिर, उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर, धार के वाग्देवी मंदिर भोजशाला में हुए अनुष्ठान

पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष विकास, सुशासन, कल्याण को समर्पित

भारत ने विकास, सामाजिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की



करुणाधाम आश्रम में पूजा-अर्चना करते शांडिल्य महाराज, जामवाल, सबनानी, यति व लोग।

### जामवाल ने करुणाधाम आश्रम में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत किया पौधरोपण

भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने करूणाधाम आश्रम में पूजा-अर्चना की। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंन कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष भारत के विकास, सुशासन, गरीब कल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। इन 12 वर्षों में देश ने औद्योगिक विकास, सामाजिक सुरक्षा, आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व के 12 वर्ष पूरे होने पर महापौर ने बांटे फल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में महापौर मालती राय ने सोमवारा स्थित कर्फ्यू वाली माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं देश का नेतृत्व करने की प्रार्थना की। इस मौके पर महापौर राय ने बच्चों, गरीबों एवं असहाय व्यक्तियों को फल वितरित किए। उन्होंने 2047 के विकसित भारत के संकल्प की सफलता के लिए मंगल कामना भी की।

## पीएम मोदी ने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई : हेमंत

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने नीलबड़ चौराहे पर स्थित देवी व हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन कर मंदिर के पुजारियों का सम्मान एवं नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास और विरासत को साथ लेकर आगे बढ़ने का नया मॉडल प्रस्तुत किया है। भारतीय संस्कृति एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण व संवर्धन को नई शक्ति मिली है। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण, उज्जैन में महाकाल लोक का विकास, काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्विकास समेत देशभर के प्रमुख धार्मिक तथा सांस्कृतिक स्थलों के कायाकल्प ने हमारी गौरवशाली विरासत को वैश्विक पहचान दिलाई है। इसके साथ ही गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए भारत को विश्व मंच पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सेवा देने का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। यह उपलब्धि केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि देश की जनता के अटूट विश्वास, उनके समर्पण और राष्ट्रसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने केवल जनकल्याण की योजनाओं को ही गति नहीं दी, बल्कि भारत को विश्व मंच पर नई पहचान भी दिलाई है। यह प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और अथक परिश्रम का परिणाम है।

## अनाज की रंगोली से उकेरीं पीएम मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियां






रंगोली देखते खंडेलवाल व शर्मा।

नीलबड़ स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में किसानों द्वारा विभिन्न प्रकार के अनाजों से आकर्षक एवं भव्य रंगोली तैयार की गई। इस विशेष रंगोली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और शासनकाल के 12 वर्षों की 12 प्रमुख उपलब्धियों को कलात्मक रूप से प्रदर्शित किया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चार हजार 399 दिनों का यह ऐतिहासिक कार्यकाल राष्ट्रसेवा, समर्पण और जनविश्वास का प्रतीक है।

### श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में मंत्री सारंग ने पीएम मोदी के नाम से हनुमानजी को अर्पित की गदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को प्राचीन मंदिर छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भव्य महाआरती एवं सामूहिक संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया। सारंग ने श्री खेड़ापति हनुमान जी के चरणों में प्रधानमंत्री मोदी के नाम की गदा अर्पित की। सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर अपनी एक सशक्त, आत्मविश्वासी एवं निर्णायक राष्ट्र के रूप में विशिष्ट पहचान स्थापित की है।



हनुमानजी के चरणों में गदा अर्पित करते मंत्री सारंग।

## जनप्रतिनिधियों ने भी किए आयोजन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, यशस्वी भविष्य के लिए मप्र की सभी विधानसभाओं के प्रमुख मंदिरों-धार्मिक स्थलों में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर पूजा-पाठ, हवन कर मंगलकामनाएं की गईं। विभिन्न स्थानों पर संपन्न धार्मिक आयोजनों में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, सांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


12 वर्षों की राष्ट्रसेवा और समर्पण को नमन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का

प्रदेश के 8.5 करोड़ नागरिकों और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से

हार्दिक आभार और अभिनंदन



आदरणीय प्रधानमंत्री जी,

सादर प्रणाम

भारतवर्ष के प्रधानमंत्री के रूप में आपके यशस्वी नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश की समस्त जनता तथा अपनी ओर से आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। आपके दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विगत वर्षों में विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता, डिजिटल नवाचार, आधारभूत संरचना निर्माण तथा वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। आपके इस स्वर्णिम कार्यकाल की एक प्रमुख विशेषता, विश्व अर्थव्यवस्था के पटल पर भारत की अर्थव्यवस्था का प्रमुख विकास इंजन के रूप में उभरना रहा है। रूस यूक्रेन संकट में ऑपरेशन गंगा, कोविडकाल में वैक्सीन मैत्री, जी-20 की अध्यक्षता इन सभी में भारत एक वर्ल्ड लीडर के रूप में सामने आया है। आतंकवाद के विरुद्ध आपकी जीरो टॉलरेंस सभी ने देखी। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद बालाकोट स्ट्राइक और पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर, हर बार आपके मजबूत नेतृत्व में भारत ने दुश्मन को करारा जवाब दिया है।

आपके मन में देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग के लोगों के लिये गहन संवेदना है। यही कारण है कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। आज पूरे देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को 5 किलो मुफ्त अनाज उपलब्ध कराया जा रहा है। आपने 4 करोड़ से अधिक लोगों को पक्के मकान देकर उनका पक्की छत का सपना साकार किया है। जल जीवन मिशन से नल से जल की व्यवस्था हुई है। देश के अन्नदाता के प्रति आपकी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों के बैंक खातों में जा चुकी है।

नारी सशक्तिकरण के लिये आपके प्रयास हम सब के लिये अनुकरणीय है। लोकसभा एवं विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के लिये आपकी प्रतिबद्धता और समर्पण वंदनीय है। पिछले 12 वर्षों में आपने नारी सशक्तिकरण के लिये पीएम उज्ज्वला योजना, स्व-सहायता समूहों का गठन, लखपति दीदी, पीएम सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम मातृ वंदना जैसी अनेक योजनाओं की सौगात दी। आज देश में 48 प्रतिशत स्टार्टअप्स में महिला निदेशक हैं।

प्रदेश को हमेशा पल-पल पर आपका मार्गदर्शन स्नेह और आशीर्वाद मिला है। आपने मध्यप्रदेश को केन- बेतवा लिंक परियोजना, पार्वती - कालीसिंध - चंबल लिंक परियोजना जैसी सिंचाई परियोजनाओं की सौगात दी है, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश औद्योगिकीकरण के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। फरवरी 2025 में आपने स्वयं पधार कर भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का उद्घाटन कर हमें अनुग्रहीत किया था। पिछले 2 वर्षों में प्रदेश को 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और तेजी से ये धरातल पर उतर रहे हैं। आपके ही कर कमलों से धार में देश के पहले टेक्सटाइल पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन आपके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़े में सम्पन्न हुआ।

आपका आशीर्वाद मध्यप्रदेश को सभी क्षेत्रों में मिला है। आपने सड़क अधोसंरचना में मध्यप्रदेश को बड़ी सौगातें दी हैं। आपने 136 कि.मी. लंबे लगभग 3 हजार करोड़ रुपये लागत से उज्जैन- गरोठ ग्रीन फील्ड हाईवे का निर्माण कराया जिससे इंदौर एवं उज्जैन के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मिली। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के इटारसी-बैतूल 22 कि.मी. टाइगर कॉरिडोर, भोपाल- कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर के 4-लेन में अपग्रेड करने की स्वीकृति, 6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर की परियोजना की स्वीकृति प्रदान की। आपके द्वारा प्रदेश को दी गई कई सड़क परियोजनायें प्रगतिरत हैं।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में वर्ष 2026 "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष गेहूं में समर्थन मूल्य पर 13.42 लाख किसानों द्वारा 104.36 लाख मे. टन गेहूं विक्रय किया गया है। यह विगत 10 वर्षों में सर्वाधिक है। भावान्तर योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक लगभग 6 लाख 86 हजार किसानों के खाते में लगभग 1 हजार 454 करोड़ रुपये की राशि का अंतरण किया गया है।

आपके नेतृत्व में गरीबों के कल्याण से संबंधित योजनाओं में मध्यप्रदेश लगातार कार्य कर रहा है। प्रधानमंत्री आवास (शहरी) में 9 लाख से अधिक हितग्राहियों को अपना पक्का घर मिला है वहीं प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) में 54.08 लाख नागरिकों को आवास मिले हैं। आवास पूर्णता में संख्यात्मक रूप में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में प्रदेश में 15.94 लाख प्रकरणों में 2697 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है। इस योजना में मध्यप्रदेश देश में प्रथम है।

आपके मार्गदर्शन में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति हुई है। प्रदेश में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 14 से बढ़कर 19 तथा निजी चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या 12 से बढ़ कर 14 हो गई है। इसी तरह से भारत की परम्परागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का भी आपके मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार विस्तार कर रही है। वर्तमान में प्रदेश में 7 शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय हैं तथा 8 नए कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं। आपकी राष्ट्र को स्वास्थ्य क्षेत्र में दी गई सबसे बड़ी सौगात "आयुष्मान भारत" में जनसंख्या अनुपात में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है।

आप ने इन 12 वर्षों में भारत वर्ष के गौरवशाली अतीत और सांस्कृतिक विरासत को भी पुन: जागृत किया। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण राष्ट्र की चेतना का जागरण है। आपके द्वारा काशी विश्वनाथ धाम, श्री महाकाल महालोक, केदारनाथ धाम एवं सोमनाथ धाम का विकास वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का अद्‌भुत प्रयास है। वर्ष 2014 में आपके प्रयास से संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता दी। आज 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग को अपना चुके हैं। यह भारत की आध्यात्मिक शक्ति को मिली विश्व की सबसे बड़ी मान्यता है।

आपके कुशल एवं दृढ़ नेतृत्व में पूरे भारत वर्ष में मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था, उसे मध्यप्रदेश ने भी प्राप्त कर लिया। यह आपकी दृढ़ इच्छा शक्ति का ही परिणाम है कि दशकों से चली आ रही एक राष्ट्रीय समस्या का उन्मूलन संभव हो सका। अब आपके मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित गाँवों के त्वरित विकास के लिये माइक्रो डेवलपमेंट प्लान तैयार किया जा रहा है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र ने देश एवं प्रदेश के विकास को नई गति प्रदान की है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मैं आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में भारत अमृतकाल के लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए विश्व में और अधिक गौरवशाली स्थान प्राप्त करेगा।

सादर !

भवदीय

(डॉ. मोहन यादव)
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11032/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

## पेज एक का शेष....

### एनडीए की बैठक ...

पूरे होने के साथ ही भारत के सबसे लंबे वक्त तक लगातार 4399 दिनों तक चुने हुए सरकार के प्रमुख के तौर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए बुधवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की भारत मंडपम में बैठक हुई। इस दौरान एनडीए के कई नेताओं ने पीएम मोदी का सम्मान किया। वहीं, पीएम मोदी की इस उपलब्धि के सम्मान में एनडीए के सभी नेताओं ने खड़े होकर तालियों के साथ उनका अभिवादन किया। एनडीए की इस बैठक में पश्चिम बंगाल की मशहूर झालमुड़ी का स्टॉल भी नजर आया। इस स्टॉल पर मौजूद बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पीएम मोदी को झालमुड़ी दी। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ ही अब तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जेपी नड्डा समेत तमाम केंद्रीय मंत्री पहुंचे। वहीं, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत समेत कई मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भारत मंडपम पहुंचे।

### बोले-12 सालों ...

देश को लाचारगी, बेचारगी और हीन भावना के गर्त में गिरा दिया था। देश को यही एहसास कराया जाता था कि भारत में विकास धीरे-धीरे ही होता है, भारत में तेज विकास संभव ही नहीं है और बड़ी ही चतुराई से धीमी विकास को एक नाम दिया था, 'हिंदू ग्रोथ रेट' यानी कार्यशैली कांग्रेस की, दायित्व कांग्रेस का, विफलता कांग्रेस की लेकिन कलंक देश की बड़ी हिंदू आबादी के नाम लगाया गया जबकि असल में इस कुसंस्कृति का नाम होना चाहिए था कांग्रेस ग्रोथ रेट। इस कांग्रेस ग्रोथ रेट में न सुशासन था, न नीति, न नीयत और ना निर्णय। पहली बार अटल जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार आई तब जाकर हमें एक झलक दिखी कि विकास में गति कैसे आती है लेकिन दुर्भाग्य से 2004 में देश फिर से अस्थिरता के बवंडर में और कांग्रेस के शिकंजे में फंस गया। विकास तो दूर की बात है, देश को कांग्रेस ने एक के बाद एक हजारों करोड़ों रुपए के घोटालों में घसीट दिया। देश ने देखा कि जब नीयत, नीति और निर्णय तीनों एक साथ काम करते हैं तो विकास की गति कैसी होती है।

### सीएम ने गुफा ...

बड़े लोकतंत्र के नायक हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में सर्वाधिक लंबे समय तक कार्य किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात भोपाल के लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद कही। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के सुखी जीवन की कामना भी की। वे गुफा मंदिर में आयोजित हनुमान चालीसा और प्रार्थना कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने हनुमान चालीसा का श्रवण कर विधि-विधान से भगवान का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भारत को दुनिया में नंबर-1 देश बनाने के लिए लगातार काम किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत आंतरिक रूप से सुरक्षित है, और सीमा से बाहर भी दुश्मनों के दांत खट्टे कर भारतीय सेना ने अपनी सामर्थ्य सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि यह सभी देशवासियों के लिए गौरवशाली क्षण है। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद आलोक शर्मा व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### ये टू प्लस टू ...

नोटिस भेजकर पूछा था कि मामले का संज्ञान लिया जाए या नहीं। कानून के मुताबिक, जब तक मजिस्ट्रेट संज्ञान नहीं लेता, तब तक कोई आपराधिक मामला शुरू ही नहीं होता। सिंघवी ने आगे समझाया कि चुनाव नियमों के तहत सिर्फ उन्हीं मामलों का खुलासा करना अनिवार्य होता है, जिनमें आरोप तय हो चुके हों और सजा दो साल से अधिक की हो। इस मामले में अभी मजिस्ट्रेट का संज्ञान, जांच और चार्जशीट जैसे तीन बड़े चरण बाकी हैं। इसके बावजूद आरओ ने इसे लंबित आपराधिक मामला मान लिया, जो कि सरासर गलत है। यह आदेश ऐसा है जैसे 2+2=7 लिखा हो, न कि 4। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांग की है कि वह अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल कर आरओ के इस फैसले को तुरंत निरस्त करे।

### अब कांग्रेस के पास ...

टीम, मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा नामांकन खारिज किए जाने के मामले में कोर्ट का रुख करने की तैयारी कर रही है। उधर, अभिषेक मनु सिंघवी की कानूनी टीम और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी भी इस मामले में कानूनी विकल्पों पर रणनीति बना रही है। लेकिन ये मामला काफी लंबा खिंच सकता है। बहरहाल कांग्रेस चुनाव आयोग के फैसले का इंतजार कर रही है।

### झारखंड में ...

आरोप लगाया कि बहस के लिए दोपहर 1 बजे तक का समय तय होने के बावजूद तय वक्त से पहले ही कमरे का दरवाजा बंद कर दिया गया, जिससे वे अपना पक्ष नहीं रख सके।

### इधर, भोपाल में ...

नेताओं ने कहा कि यह लड़ाई केवल एक राज्यसभा सीट, मीनाक्षी नटराजन या कांग्रेस की नहीं बल्कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की है, जिसे हर स्तर पर लड़ा जाएगा। इसके पहले युवक कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। विरोध स्वरुप कार्यालय के दरवाजे पर आरएसएस का गणवेश टांग आए।

### 50 साल की...

मगर ऐसा नहीं देखा। लोग नियम-कानून से डरते थे, लेकिन अब तो इन्हें कानून, नियम, संविधान की परवाह ही नहीं है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि वोट चोरी के बाद अब सीट चोरी की जाने लगी है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा ने हमारे विधायकों को यहां-वहां करने के तमाम प्रयास किए, लेकिन जब यह साफ हो गया कि वह चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है तो अवैधानिक तरीके से नामांकन निरस्त किया गया।

### सभी विधायक राष्ट्रपति....

निर्वाचन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से समय मांगा है। यदि नहीं मिलता है तो सभी विधायक राष्ट्रपति भवन तक मार्च करेंगे।

### कंडवाल के ठिकानों ....

शिकायत मिलने पर तीन टीमों का गठन कर कंडवाल के मकान, जिम और एक डिपार्टमेंटल स्टोर पर एक साथ कार्रवाई की गई। जांच में स्कीम-103 में एक तीन मंजिला मकान व व्यावसायिक परिसर, स्कीम-140 में 10 हजार वर्गफीट के प्लॉट और पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के तारापुर, बेकलाय व बनेड़िया में 11 प्लॉट बरामद हुए हैं। वर्ष 1996 से विभाग में कार्यरत लक्ष्मीनारायण कंडवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस कार्रवाई के बाद अब विभाग द्वारा उनके निलंबन की तैयारी की जा रही है।

### गृहग्राम या अपनी...

नई गाइडलाइन के तहत प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों और जिला पंचायत सीईओ को 15 जून 2026 तक स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। ये तबादले जिला कलेक्टर की अनुशंसा और प्रभारी मंत्री की मंजूरी के बाद जिला पंचायत सीईओ द्वारा जारी किए जाएंगे। प्रदेश में कुल 23 हजार से अधिक पंचायत सचिव हैं। सरकार को यह सख्त कदम इसलिए उठाना पड़ा क्योंकि 1994 से 1996 के बीच हुई नियुक्तियों में ज्यादातर सचिव स्थानीय प्रभावशाली लोगों या सरपंचों के रिश्तेदार थे। जनप्रतिनिधि आपसी रिश्तेदारी का फायदा उठाकर सचिवों से मिलकर वित्तीय गड़बड़ियां करते हैं। इसी साठगांठ को तोड़ने के लिए सरकार ने यह नई नीति लागू की है।

### मंत्री की नाराजगी...

ने साफ तौर पर कहा था कि सिंहस्थ जैसे कार्य में वे देरी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। जो भी कार्य चल रहे हैं, वे समय-सीमा में पूरे होने चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में देरी के लिए संबंधित इंजीनियरों से जवाब तलब करने को भी कहा। इस बैठक के बाद पीडब्ल्यूडी में पहला तबादला आदेश ईएनसी राणा का ही निकाला गया। अभी और भी इंजीनियरों पर कार्रवाई हो सकती है।

### आंधी-बारिश के ...

29 मई को 40.6 डिग्री रहा है। इसके साथ ही 21 से अधिक शहरों में प्री-मानसून एक्टिविटीज भी दर्ज हुई हैं। इनमें आंधी बारिश के साथ कुछ जिलों में ओले भी गिरे।

### पांच जिले सबसे ...

तक रहने से तेज गर्मी का अहसास रहा।

### गुजरात में बनेगा ...

यह भारत में मेटा का पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा। इसे पूरी तरह से ग्रीन एनर्जी से चलाया जाएगा। मशीनों की गर्मी कम करने के लिए समुद्र के खारे पानी को साफ करके इस्तेमाल किया जाएगा।

### जामनगर में ही ....

संसाधन मौजूद हैं। सबसे खास बात यह है कि यह डेटा सेंटर पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा पर चलेगा और इसे ठंडा रखने के लिए समंदर के खारे पानी को साफ करके इस्तेमाल किया जाएगा। इसमें लगने वाली बिजली और पानी का पूरा खर्च मेटा उठाएगा। मेटा की दुनिया की सबसे लंबी अंडरवाटर केबल की मदद से भारतीय यूजर्स को बेहतरीन स्पीड और क्वालिटी वाली इंटरनेट सर्विस मिलेगी। एआई डेटा सेंटर बहुत ज्यादा बिजली खपत करते हैं, इसलिए मेटा ने भारत में लगभग 1 गीगावाट क्लीन एनर्जी के लिए दो कंपनियों के साथ करार भी किया है।

---

## कार्यालय पुलिस दूरसंचार मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल

E-mail: ssp_radio@mppolice.gov.in फोन कार्यालय (0755) 2443674

क्रमांक- पु.दू.मु./क्रय /IP-EXCHANGE/02/26/D-9710/2026, दिनांक 05/06/2026

**ई-निविदा सूचना**

पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेडियो) मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार सामग्री के क्रय हेतु ऑन लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र. | सामग्री का नाम | संख्या | (EMD) राशि रु. | निविदा राशि रु. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, integration of all required Software | 01 Lot. | 90,000/- | 3,000/- |
| 2 | Manpower with one year onsite CAMC | 02 Nos. | | |

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क) किसी भी स्थिति में वापसी योग्य नहीं होगा और न ही इसमें किसी प्रकार की छूट दी जावेगी।
2. सुरक्षा निधि की राशि एवं निविदा शुल्क वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेडियो) मध्य प्रदेश, भोपाल के नाम से ऑनलाइन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आवश्यक रूप से जमा करना होगा या EMD की राशि ऑनलाईन वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर एवं ऑफ लाईन इस कार्यालय में उपस्थित हो कर FDR/Bank Guarantee के रूप में जमा की जा सकती है।
3. वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in एवं www.mppolice.gov.in से निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।
4. आन लाईन निविदा वेब साइट https://www.mptenders.gov.in पर अपलोड करना होगी।
5. इस निविदा में अंतिम मूल्य निर्धारण हेतु रिवर्स ऑक्शन (Reverse Auction) प्रक्रिया अपनाई जाएगी।
6. ई-निविदा शेड्यूल :-

| S.No. | Work Item | Tentative Schedule |
|---|---|---|
| 1. | Documents Publish/download/Sale Start Date | 05/06/2026 (Friday) 18:00 Hrs |
| 2. | Pre-bid Queries Submission Start Date | 05/06/2026 (Friday) 18:30 Hrs |
| 3. | Pre-bid Queries Submission End Date | 11/06/2026 (Thursday) 18:00 Hrs |
| 4. | Pre-bid Meeting Date | 12/06/2026 (Friday) at 12:00 Hrs |
| 5. | Pre-bid Queries Response Submission Date | 13/06/2026 (Saturday) at 18:00 Hrs |
| 6. | Bid Submission Start Date | 13/06/2026 (Saturday) from 18:30 Hrs |
| 7. | Bid Submission End Date | 18/06/2026 (Thursday) upto 15:00 Hrs |
| 8. | Opening of PQ Bid | 19/06/2026 (Friday) at 15:10 Hrs |

(समीर सौरभ) (भा.पु.से.)
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (रेडियो)
मध्यप्रदेश, भोपाल

जी - 14176/26 स्वच्छता ही सेवा

---

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक- एस/458 मण्डल द्वारा श्री माईकल टोप्पो (माईकेल टोप्पो) आत्मज श्री डेमियन टोप्पो के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 07/02/1992 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 15/07/2021 को पंजीकृत किया गया है। श्री माईकल टोप्पो (माईकेल टोप्पो) आत्मज श्री डेमियन टोप्पो द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती निभा सिंह पत्नी श्री नीरज कुमार सिंह को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 17/10/2025 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्रीमती निभा सिंह पत्नी श्री नीरज कुमार सिंह के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र-1, गोमांतिका परिसर जवाहर चौक, भोपाल

**// आम सूचना //**

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1216/ए मण्डल द्वारा श्रीमती मसूद जहा पत्नी श्री मुनव्वर शाह के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 17/10/2022 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 10/02/2021 को पंजीकृत है। श्रीमती मसूद जहा पत्नी श्री मुनव्वर शाह द्वारा उक्त सम्पत्तिश्री शेख जफर आत्मज श्री शेख भूरा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13/05/2026 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री शेख जफर आत्मज श्री शेख भूरा के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

### परिशिष्ट B संख्यांक 13
**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल, भोपाल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
एमएसीसी/1747/2025
श्रीमती रजनी अहिरवार बनाम मनोज कुमार
NEXT DATE: 10-07-2026

प्रेषिती-
1. रेशम मांडले उर्फ अहिरवार मनोज अहिरवार
2. मनोज कुमार लखनलाल मांडले

पता - मकान नंबर 89, न्यु चर्च कालोनी, जहांगीराबाद, भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती रजनी अहिरवार ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/1747/2025 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28-04-2026 को मेरे हस्ताक्षर से से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश (हिमांशु कौशल) मैक ट्रिब्यूनल सदस्य इक्कीसवें मोटर. दु. दावा अधि. भोपाल (म.प्र.)

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

भोपाल की सबसे कम कीमत में सबसे ज्यादा सुविधा के साथ
क्लॉसेस रात्रि 10 बजे तक उपलब्ध है।
DCA PGDCA में प्रवेश लेने पर ...
FREE GYM+CPCT +LIBRARY एक साल तक फ्री
और साथ में Free DCA, PGDCA की All Subject की Books, Q Bank Notes आदि भी फ्री उपलब्ध है।
ONLY LIBRARY 299/- Rs. PER MONTH
भोपाल कम्प्यूटर एकेडमी (अधिकृत : माखनलाल विश्वविद्यालय)
Plot No. 15, NIRMAL TOWER, NEAR APSARA CINEMA, ABOVE SBI BANK, ASHOKA GARDEN, BHOPAL
M. 86027-11111

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910



WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर
COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein! 3.3kW Solar Lagaye Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER
Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
HURRY UP!
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE One with the Sun, adani Solar, ECE INDIA Sun for Everyone
Contact us 99932-41867
Aura Mall, Bhopal, 462010
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955
R-5,6,7,10,11,12,19,20,21,25,26/6/26, 01,02,05,06,08

आवश्यकता
सिक्योरिटी एजेंसी की आवश्यकता अटल परिसर, भोपाल हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत सिक्योरिटी एजेंसी की आवश्यकता है। इच्छुक एजेंसियां अपना प्रोफाइल एवं प्रस्ताव भेजें।
संपर्कः Mr. Raju K.
मोबाइलः 9149547001 – अटल परिसर प्रबंधन समिति, भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26

### नाम परिवर्तन

मैं अंकित सिंह आ. श्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर,पता म. नं. D 71 तिरुपति अभिनव होम्स अयोध्या बायपास रोड भोपाल-462037, मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड में एवं वोटर आईडी में मेरा नाम अंकित सिंह दर्ज है जबकि मेरी 10वीं,12वी की अंकसूची एवं सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित कुमार आ. श्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर दर्ज है, जहाँ जहाँ भी अंकित कुमार है उसके स्थान पर अंकित सिंह पढ़ा लिखा जावे दोनों ही नाम मेरे ही है।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)



PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com


### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड
उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना
आम/कोर्ट नोटिस

## शब्द पहेली - 6253



**बाएँ से दाए**
1. असहकार-5
4. शत्रुता,दुश्मनी-4
7. नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर,शिव-4
11. संज्ञा,संबोधन-2
13. वेग,गति-3
14. महसूल,राहदरी-2
15. अंधकार,अंधेरा-3
17. कुंजी,ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता,बेगानापन-5
25. समय,वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा,सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी,धूल-2
32. नट,बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स,हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1. तराजू डंडा,पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना,अड़ जाना-3
5. जंगल,कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी,धन-4
12. वोट,राय-2
16. राजा,महाराजा-3
17. चतुर्थ,चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन,देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर,लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना,बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल,नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी,अवकाश-2
37. राख,मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 6252 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ग | र | ज | ना | | र | स | ही | न | |
| गु | | | वा | | ढ | | हा | | | ग |
| जा | | म | नी | षा | को | ई | रा | ला | | र |
| र | ट | ना | | | स | | | य | म | ज |
| ना | | ना | | क | ला | म | | क | ल | |
| | र | | गै | र | | ह | स्त | | ना | |
| | क | वि | | वा | द | क | | सु | | स |
| क | म | रा | | | श | | | ब | से | रा |
| प | | म | न | मो | ह | न | सिं | ह | | बो |
| ट | | | क | | रा | | गा | | | र |
| | म | त | ल | ब | | ल | र | ज | ना | |

## सूडोकु नवताल - 6263

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6262 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## खबर संक्षेप

### टाटा मोटर्स ने लांच किया बिल्कुल नया 'इंट्रा वी40'

**मुंबई।** टाटा मोटर्स ने अपनी नई इंट्रा वी40 लांच करके वैकल्पिक ईंधन मोबिलिटी के क्षेत्र में अपनी कोशिशों को और तेज कर दिया है। इसके साथ ही, कंपनी ने तेज़ी से बढ़ते छोटे कमर्शियल वाहन और पिकअप सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और मज़बूत किया है। यह वाहन 1.2 लीटर इंजन से लैस है, जो 58 बीएचपी की अधिकतम शक्ति और 106 एनएम का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है। यह गाड़ी एक हाइड्रोफॉर्मड चेसिस पर आधारित है।

### एयरटेल ने लगाए 2,900 नए 5जी टावर

**नई दिल्ली।** निजी दूरसंचार सेवा प्रदाता एयरटेल ने उत्तर भारत में 2,900 से अधिक नये 5जी टावर लगाने की बुधवार को घोषणा की, जिससे ग्राहकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उसने पिछले 12 महीने में पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में ये नये 5जी टावर लगाये हैं। इस विस्तार से ग्राहकों को अधिक तेज गति कवरेज और बेहतर नेटवर्क अनुभव मिलेगा।

### यूनिकॉर्न तीन वर्षों में खोलेगा 150 स्टोर्स

**गुरुग्राम।** एप्पल प्रीमियम पार्टनर यूनिकॉर्न इन्फोसॉल्यूशंस ने अपने 100वें एप्पल मोनो ब्रांड स्टोर का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि दो दशकों से अधिक की सतत वृद्धि और देशभर में ग्राहकों को सर्वोत्तम एप्पल उपलब्ध कराने की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह यात्रा 2006 में उस समय शुरू हुई जब यूनिकॉर्न ने अहमदाबाद में अपना पहला स्टोर खोला। यूनिकॉर्न का लक्ष्य अगले तीन वर्षों में अपना विस्तार कर स्टोर्स की संख्या 150 पर पहुंचाने का है।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बढ़ाई जमा दरें

**मुंबई।** एयू स्मॉल फाइनेंस बैंकने अपनी फिक्स्ड डिपॉज़िट (एफडी), रिकरिंग डिपॉज़िट (आरडी ) और फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट (एफसीएनआर ) डिपॉजिट की ब्याज दरों में संशोधन किया है। नई दरें 10 जून 2026 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक द्वारा की गई इस संशोधित दर संरचना के तहत अब ग्राहकों को एफडी और आरडी पर अधिकतम 7.40 फीसदी प्रति वर्ष तक का ब्याज मिलेगा, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.90 फीसदी प्रति वर्ष तक का लाभ दिया जाएगा।

### वारवी ग्लोबल को 120.8 मिलियन का ऑर्डर

**अहमदाबाद।** वारवी ग्लोबल लिमिटेड ने लगभग 120.8 मिलियन मूल्य के एक महत्वपूर्ण खरीद आदेश प्राप्त होने की घोषणा की है। इस ऑर्डर में लगभग 9 लाख मीटर सूटिंग फैब्रिक्स की आपूर्ति शामिल है और यह मूल्य-वर्धित टेक्सटाइल सेगमेंट्स में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है। अगले तीन महीनों में निष्पादन के लिए निर्धारित यह ऑर्डर कंपनी की ऑर्डर बुक को और मजबूत करता है तथा राजस्व की दृश्यता को बढ़ाता है।

### एक्सिस मैक्स लाइफ ने किया बोनस का ऐलान

**नई दिल्ली।** एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस ने पॉलिसीधारकों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,530 करोड़ रुपए के पार्टिसिपेटरी बोनस का एलान किया है। विगत 24 वर्षों में कंपनी ने अब तक कुल 18,377 करोड़ के बोनस का एलान किया है। घोषित बोनस 21 लाख से ज्यादा पात्र पार पॉलिसीधारकों को जुलाई, 2026 से प्रदान किया जाएगा।

### नेटफ्लिक्स पर लॉक अप का प्रसारण 27 को

**मुंबई।** नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ साझेदारी में निर्मित लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को शुरू हो रही है। लॉक अप के लिए एक परफेक्ट माहौल तैयार कर दिया है। इस शो में भारत की सबसे अधिक चर्चित हस्तियाँ एक ही छत के नीचे कैद होंगी।

---

**भारत को आर्थिक परिदृश्य में सतत विकास के लिए बेहतर ढंग से तैयार किया**

# उद्योग जगत ने 12 साल पूरे होने पर पीएम मोदी की नीतियों की सराहना की, देश की आर्थिक नींव को किया मजबूत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पद पर 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश के उद्योग जगत ने उन्हें बधाई देते हुए इस अवधि में अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत होने की बात कही है। भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष आर. मुकुंदन ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में लागू किए गए केंद्रित सुधारों और रणनीतिक पहलों ने देश की आर्थिक नींव को मजबूत किया है। उनके अनुसार, इन प्रयासों से भारत को तेजी से बदलते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में सतत विकास के लिए बेहतर ढंग से तैयार किया गया है।

**नवाचार, व्यवसाय करने में सुगमता और प्रगति** | **भारत की आर्थिक संरचना को मजबूत दिशा दी प्रधानमंत्री ने**

### बुनियादी ढांचे और डिजिटल क्षेत्र में प्रगति



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

उद्योग संगठनों के मुताबिक, इस अवधि में बुनियादी ढांचे के विकास, डिजिटल परिवर्तन, विनिर्माण क्षेत्र, नवाचार, स्थिरता और व्यवसाय करने में सुगमता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिली है।

### उद्योग जगत का रुख

उद्योग प्रतिनिधियों का मानना है कि इन सुधारों के चलते निवेश माहौल में सुधार हुआ है और आर्थिक गतिविधियों को गति मिली है। हालांकि, विशेषज्ञ समय-समय पर इन सुधारों के प्रभावों और चुनौतियों पर भी चर्चा करते रहे हैं। कुल मिलाकर, उद्योग जगत ने इस अवधि को भारत की आर्थिक संरचना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण चरण बताया है।

## केंद्रीय मंत्री ने किया दाजी की लिखी पुस्तक का विमोचन

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने हार्टफुलनेस के वैश्विक मार्गदर्शक दाजी द्वारा लिखी नई पुस्तक अष्टावक्र महागीता के पांच नुस्खे का विमोचन किया। यह पुस्तक प्राचीन आध्यात्मिक ज्ञान को आधुनिक जीवन की चुनौतियों से जोड़ने का प्रयास करती है।

पुस्तक विमोचन समारोह में नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों, आध्यात्मिक साधकों और विभिन्न



क्षेत्रों के विचारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिकता और आधुनिक जीवन के बीच संतुलन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रासंगिकता पर चर्चा की गई। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि हार्टफुलनेस एक ऐसा विज्ञान है, जो व्यक्ति को स्वयं से जोड़ने और उसकी आंतरिक शक्ति को पहचानने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक विरासत सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती रही है और दाजी उसी ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

---

**निगम की अनदेखी: पार्किंग ठेकेदार की मनमानी, कोई रोक नहीं**

# न्यूमार्केट में पार्किंग के नाम लूट दो घंटे गाड़ी खड़ी, 70 रु.की वसूली

**नागरिकों में आक्रोश, नगर प्रशासन से ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के सबसे व्यस्त और व्यावसायिक क्षेत्र न्यू मार्केट में पार्किंग व्यवस्था आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। यहां के पार्किंग ठेकेदार पर मनमानी वसूली के आरोप लग रहे हैं। ज्ञात हो कि पार्किंग का ठेका अख्तर इंटरप्राइजेस के नाम से है। ताजा मामला सामने आया है, जहां एक वाहन चालक से मात्र दो घंटे की पार्किंग के लिए 70 रुपए वसूल लिए गए। इस घटना के बाद उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों ने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पूरे सिस्टम की कोई मॉनिटरिंग नहीं




न्यूमार्केट का पार्किंग स्थल

न्यू मार्केट में खरीदारी और अन्य कार्यों से पहुंचे एक वाहन चालक ने अपनी गाड़ी करीब दो घंटे के लिए पार्क की थी। वापस लौटने पर पार्किंग कर्मियों ने उससे 70 रुपए की मांग की। जब वाहन चालक ने निर्धारित दरों की जानकारी मांगी तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने भी पार्किंग शुल्क को लेकर शिकायतें सामने रखीं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पार्किंग ठेकेदार द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली जा रही है। कई बार रसीद भी नहीं दी जाती, जिससे पूरे सिस्टम की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले ही बढ़ती महंगाई से लोग परेशान हैं, ऊपर से पार्किंग के नाम पर की जा रही कथित लूट ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

### नगर प्रशासन की निगरानी पर उठे सवाल

स्थानीय व्यापारियों और नागरिक संगठनों ने भी पार्किंग व्यवस्था की नियमित जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि नगर निगम द्वारा पार्किंग का ठेका दिया गया है तो उसकी निगरानी भी निगम की जिम्मेदारी है।




### औचक निरीक्षण कराया जाएगा और गलत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी



इस पूरे मामले में भोपाल नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन का कहना है कि अगर न्यूमार्केट की पार्किंग में ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली या निर्धारित शुल्क से ज्यादा राशि की वसूली की जा रही है तो ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों से पार्किंग स्थलों का औचक निरीक्षण करवाएंगे। इसके पार्किंग व्यवस्था को सुधारने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। साथ ही नई पार्किंग स्थल भी चिन्हित किए जाएंगे।

### पार्किंग चलाने वालों द्वारा की जाती है महिलाओं के साथ बदतमीजी

यह बात सत्य है कि न्यूमार्केट ही नहीं पूरे भोपाल में जहां-जहां पार्किंग का ठेका है वहां लोगों का पार्किंग शुल्क के नाम पर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इतना ही नहीं आम उपभोक्ता के अलावा माताएं, बहनों के साथ बदतमीजी की जाती है। ट्रैफिक पुलिस का काम सिर्फ गाड़ियों को उठाने तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसकी भी चिंता करनी चाहिए। नगर प्रशासन और जिला प्रशासन को भी इस बात की निगरानी करनी चाहिए।



**चंद्रशेखर तिवारी, अध्यक्ष, हिंदू उत्सव समिति भोपाल**

### बोले नागरिक

मैं परिवार के साथ न्यू मार्केट खरीदारी करने गया था। करीब दो घंटे बाद लौटा तो पार्किंग के 70 रुपए मांगे गए। इतनी राशि किस आधार पर ली जा रही है, इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। यह आम लोगों के साथ अन्याय है।

**राहुल शर्मा, वाहन चालक**

महंगाई पहले से ही लोगों की कमर तोड़ रही है। ऐसे में पार्किंग के नाम पर मनमानी वसूली करना गलत है। प्रशासन को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए।

**संगीता वर्मा, गृहिणी**

न्यू मार्केट में रोजाना हजारों लोग आते हैं। यदि पार्किंग शुल्क तय है तो उसे बड़े बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। लोगों से मनमाने तरीके से पैसे वसूलना स्वीकार्य नहीं है।

**अमित जैन, व्यापारी**

पार्किंग व्यवस्था जनता की सुविधा के लिए होती है, न कि लोगों से अतिरिक्त पैसे वसूलने के लिए। नगर निगम को पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

**लखन कुशवाह, उपभोक्ता**

---

**माइंडमाइन समिट का आयोजन 15 जून को**

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरएसएस प्रमुख करेंगे संबोधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माइंडमाइन समिट 2026 का 16वां संस्करण 15 जून 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा। इस वर्ष समिट की थीम 'अनिश्चित समय, आत्मविश्वासी निर्णयः भारत का पुनर्संतुलन' रखी गई है। कार्यक्रम में देश के प्रमुख नीति-निर्माता, उद्योगपति, अर्थशास्त्री, राजनयिक, निवेशक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और सार्वजनिक बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे। समिट के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, सुनील कांत मुंजाल और रामदेव अग्रवाल के साथ विशेष बातचीत। वहीं शाम के सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। समिट का समापन 18वें बीएमएल मुंजाल अवॉर्ड्स समारोह के साथ होगा, जिसमें नवाचार आधारित शिक्षण और विकास के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संगठनों को सम्मानित किया जाएगा।

### सार्थक चर्चा मंच बनेगा

कार्यक्रम से पहले अपने संदेश में सुनील कांत मुंजाल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और चुनौतियों के बीच भारत अपने विकास के एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि यह समिट उन अवसरों, परिवर्तनों और संभावनाओं पर सार्थक चर्चा का मंच बनेगा। इनमें शमिका रवि, बांसुरी स्वराज, एंटोनियो बारटोली, सुरेश प्रभु, संजीव कृष्ण, प्रवीर सिन्हा और नीलेश शाह सहित कई अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं।

## एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की

एजेंसी ▶▶ पुणे

फैक्ट्रियों और वर्कशॉप्स में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने एक नई तकनीक विकसित की है। यह तकनीक कटिंग मशीनों से होने वाले तेज शोर को 20 डेसिबल तक कम कर सकती है। यह मशीन से निकलने वाली चिंगारियों, धूल और छोटे धातु कणों को बाहर फैलने से भी रोकती है।

एमआईटी-डब्ल्यूपीयू के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के फैकल्टी मेंबर डॉ. रोहित रघुनाथ घाडगे, डॉ. महेश वसंतराव कुलकर्णी और पीएचडी स्कॉलर यश उत्साही चावंडे ने इस तकनीक को विकसित किया है।

---

## बिजनेस न्यूज

### बिरला इंटरनेशनल स्कूल में 'राइजिंग स्टार्स कार्निवल' का आयोजन

**भोपाल।** बिड़ला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, नीलबड़ में आयोजित दो दिवसीय 'राइजिंग स्टार्स कार्निवल 2026 का सफलतापूर्वक समापन हुआ। बच्चों की प्रतिभा, रचनात्मकता और खेल कौशल को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भोपाल के प्रमुख बाल प्रतिभा एवं खेल आयोजनों में शामिल इस कार्निवल में कला, खेल, संगीत और तकनीक से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एकल नृत्य, गायन, चित्रकला, कोलाज मेकिंग, पेपर क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग, लेगो बिल्डिंग, कहानी सुनाना, शतरंज, रुबिक क्यूब स्प्रिंट, स्क्रैच 3.0 गेम डिजाइनिंग, बास्केटबॉल, फुटसल, लॉन टेनिस और स्केटिंग जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जबकि अनुभवी निर्णायकों ने प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन किया। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को अपनी रचनात्मक क्षमता और कौशल को पहचानने तथा आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना था। इस अवसर पर निर्वाण बिड़ला ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे पहचानने और विकसित करने के लिए ऐसे मंच बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि राइज़िंग स्टार्स कार्निवल बच्चों को अपनी रुचियों को खोजने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है।

### जीएसटी नोटिसों के जवाब पर कर सलाहकारों को दी जानकारी

**भोपाल ।** एसोसिएशन ऑफ टैक्सपेयर्स एंड प्रोफेशनल्स द्वारा कर सलाहकारों के लिए



जीएसटी विभाग द्वारा जारी सूचना पत्रों और नोटिसों का प्रभावी उत्तर देने विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर सलाहकारों और कर विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट नवनीत गर्ग ने कहा कि जीएसटी विभाग की ओर से कोई भी सूचना पत्र प्राप्त होने पर उसका गहन विश्लेषण करना आवश्यक है। सबसे पहले यह जांचना चाहिए कि नोटिस में अधिकारी द्वारा कहीं कोई कानूनी त्रुटि या कमी तो नहीं छोड़ी गई है, जिसके आधार पर उसे चुनौती दी जा सके। उन्होंने सलाहकारों को बताया कि नोटिस में लगाए गए आरोपों का परीक्षण कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मामला जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के अंतर्गत आता है या धारा 74 के अंतर्गत। उन्होंने कहा कि प्रकरण की प्रकृति और कर राशि के आधार पर उचित कानूनी रणनीति तैयार करना आवश्यक है। नवनीत गर्ग ने अधिकारियों के क्षेत्राधिकार की जांच को भी महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश्वर दयाल सहित वरिष्ठ कर सलाहकार मृदुल आर्य, मनोज पारख, भूपेश खुरपिया, अंकुर अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, अवधेश शाह, संदीप चौहान, मयंक अग्रवाल और दीपेश भंडारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान जीएसटी कानून से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की गई । तथा प्रतिभागियों ने नोटिसों के जवाब से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

---

**फाडा रिपोर्टः देशभर में वाहन बिक्री में 9.55 फीसदी की वृद्धि दर्ज**

# मध्यप्रदेश में बीते मई माह में हुई 1,32,974 कुल वाहनों की बिक्री

**बाजार में मांग का रुझान मिश्रित रहा, दोपहिया वाहनों में गिरावट रही**

**प्रदेश में 1,01,353 यूनिट टू-व्हीलर और 4,554 यूनिट थ्री व्हीलर बिके** | **पैसेंजर व्हीकल की 13,803 यूनिट और ट्रैक्टर में 10,332 यूनिट की बिक्री हुई**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा)के द्वारा जारी मई 2026 की वाहन रिटेल रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में कुल वाहन बिक्री 1,32,974 यूनिट रही। वाहनों की बिक्री में 2.47 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। हालांकि कुछ प्रमुख सेगमेंट्स में अच्छी बढ़त भी देखी गई। फाडा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने बताया कि बाजार में मांग का रुझान मिश्रित रहा। दोपहिया वाहनों में गिरावट रही, जबकि पैसेंजर व्हीकल और कमर्शियल सेगमेंट में वृद्धि दर्ज की गई। उम्मीदें आने वाले महीनों में ऑटोमोबाइल बाजार की दिशा तय करेंगी।

### कमर्शियल वाहनों की बढ़ती जरूरतों ने बिक्री को समर्थन दिया



पांडेय ने बताया कि मध्यप्रदेश में वाहन बिक्री की कुल बिक्री 1,32,974 यूनिट रहीं। जिसमें में टू-व्हीलर 1,01,353 यूनिट और थ्री व्हीलरः 4,554 यूनिट बिके। जबकि कमर्शियल व्हीकल की 2,736 यूनिट, पैसेंजर व्हीकल की 13,803 यूनिट और ट्रैक्टर में 10,332 यूनिट की बिक्री हुई। इसके साथ ही कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट 196 यूनिट वाहन बिके। पांडेय ने देशभर में हुई वाहनों की कुल बिक्री के बारे में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कुल वाहन बिक्री में 9.55 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में सबसे तेज वृद्धि (23.25 फीसदी) देखी गई। टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, कमर्शियल और ट्रैक्टर सेगमेंट में भी सकारात्मक ग्रोथ रही, जबकि कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट में गिरावट दर्ज हुई। फाडा के अनुसार, बाजार में त्योहारी मांग की तैयारी, ग्रामीण क्षेत्र की स्थिर स्थिति और कमर्शियल वाहनों की बढ़ती जरूरतों ने बिक्री को समर्थन दिया है, जबकि कुछ क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च में सावधानी का असर देखने को मिला।

---

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Acclerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building,7th Floor,
Plot P-6,7,8,Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email,: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**
**(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)**

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/396 दिनांक :-02/06/2026

संदर्भः

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (33) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

| S.No. | Work Item | CIN | Company Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | Ac3390681 | U62099MP2023PTC066345 | डाटाट्यूट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AC3497000 | U47213MP2024PTC070619 | अल-नवाज ट्रेडिंग एंड एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AC3247231 | U56290MP2023PTC069004 | डीडीएस फूड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AC3264289 | U01400MP2015PTC033929 | जय जर्विक एग्रो रसायन प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AC3288205 | U63030MP2022PTC061116 | संत सिंगाजी सेल्डा ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AC3298846 | U74999MP2022PTC059839 | फार्मस्टैक्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AC3297350 | U46491MP2023PTC068579 | द्विश कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AC3598137 | U62013MP2023PTC066309 | पीएनएआरएस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AC3401499 | U52520MP2016PTC040680 | अगस्त्या शॉपिंग मार्ट प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AC3418282 | U52100MP2020PTC052792 | नेवाटिया रिटेल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AC3423966 | U78100MP2025PTC078177 | टैलेंटथ्रेड प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AC3427181 | U21001MP2023PTC068548 | फार्मक्लिनिक लैब्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AC3417634 | U55204MP2022PTC063976 | रिकॉन लेकवैली रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AC3447945 | U17099MP2023PTC065555 | यूजीडब्ल्यू बायो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AC3443107 | U15400MP2022PTC060421 | विपांची एग्रो प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AC3483885 | U72200MP2012PTC028365 | ऑक्सीजन इन्फोलैब प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AC3486718 | U78300MP2024PTC072837 | अनुश्री अंजलि सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AC3487273 | U74999MP2021PTC057526 | यूपीक्लिक्यू मार्केटिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AC3502106 | U15490MP2021PTC054700 | अद्वैता सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AC3527400 | U72900MP2022PTC060103 | हंटटेक-डीईएफ टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AC3536860 | U52292MP2023OPC067388 | लिक्सम कार्गो (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AC3555449 | U52609MP2021PTC055565 | फ्रेगीज एग्रीबिजनेस वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AC3551743 | U72900MP2023PTC064136 | अट्राइडीज डाइवर्जन प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AC3540233 | U92490MP2020PTC053061 | स्क्रिप्टनाइट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 25 | AC3541105 | U46497MP2026PTC081824 | दुआ में याद रखना ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड |
| 26 | AC3579313 | U04520MP2006PTC018566 | गैलेक्सी आवास प्राइवेट लिमिटेड |
| 27 | Ac3575218 | U52100MP2021PTC057571 | कुबेरकोश वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 28 | AC3579417 | U26919MP2021PTC054933 | बीरा पाइप्स इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड |
| 29 | AC3580066 | U72900MP2022PTC059377 | वानी सॉफ्टवेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 30 | AC3597658 | U62099MP2023PTC064627 | किनु टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 31 | AC3639553 | U74120MP2015PTC034910 | ओस्टेंसिव प्लास्टोटेक प्राइवेट लिमिटेड |
| 32 | AC3627947 | U68200MP2023PTC066536 | अनाद्या बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड |
| 33 | Ac3618085 | U19204MP2024PTC074065 | दिव्टी एनर्जी कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र


CBC 07123/11/0182/2627

## चिंतन

# कांग्रेस सावधान रहती तो नहीं होती फजीहत

मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होना कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका तो है ही, लेकिन एक अहम सबक भी है जो उन्हें इस गलती से लेना चाहिए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के सामने मीनाक्षी नटराजन से जुड़े तेलंगाना के मामले में व्यापक तथ्य रखे, साथ ही दावा किया कि इस स्तर पर मुकदमे को शपथ पत्र में देना जरूरी नहीं होता। हो सकता है कांग्रेस सच बोल रही हो, लेकिन तथ्य यह भी हो सकता है कि मीनक्षी ने जानबूझकर इसे छुपाया है। मध्यप्रदेश के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) ने नामांकन रद्द करने का फैसला इसी आधार पर लिया है। एमपी में कांग्रेस खासकर राहुल गांधी के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। चूंकि यहां कमलनाथ और दिग्विजय सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज कर मीनाक्षी को उतारा गया था। कहा जा रहा है कि पार्टी के भीतर से ही कुछ लोगों ने शपथ पत्र में कथित कमी की जानकारी भाजपा तक पहुंचाई। यदि इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह कांग्रेस के लिए सबसे गंभीर चेतावनी है। किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका संगठनात्मक अनुशासन और आपसी विश्वास होता है। जब अंदरखाने असंतोष और अविश्वास बढ़ने लगे, तो विपक्ष को हमला करने का अवसर मिल जाता है। इसके बाद भाजपा ने सवाल उठाए और नामांकन रद्द कर दिया गया। आरओ ने कांग्रेस को इस आपत्ति पर जवाब देने के लिए समय भी दिया है। बहरहाल, जब मामला प्रतिष्ठा से जुड़ा हो तो पार्टियों को पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। कांग्रेस के पास तो बहुत बड़ी लीगल टीम है। जो अब चुनाव आयोग के सामने तर्क दे रही है, लेकिन यह टीम नामांकन से पहले ही सभी तथ्यों की सभी तरीके से पड़ताल कर लेती तो अब दिक्कत नहीं होती। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस के भीतर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी के विधायक लगातार क्रॉस वोटिंग करते दिखाई देते हैं। मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस को यही डर सता रहा है। कांग्रेस को भाजपा पर आरोप लगाने से पहले अपने घर को ठीक करना चाहिए। अपनी कमजोरी पर पार पाए बिना वह भाजपा जैसी चतुर राजनीतिक टीम के सामने टिक पाएगी, यह कहना मुश्किल है। हालांकि मामला अभी चुनाव आयोग में लंबित है, लेकिन फैसला जो भी हो कांग्रेस सावधानी बरतती तो उसकी इस तरह से फजीहत नहीं होती। वहीं, कांग्रेस का कहना है कि तेलंगाना से जुड़े जिस मामले को लेकर विवाद खड़ा हुआ, वह अभी प्रारंभिक अवस्था में था और उसे शपथ पत्र में दर्ज करना कानूनी रूप से आवश्यक नहीं था। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कानूनी विशेषज्ञों ने चुनाव आयोग के सामने यही तर्क रखा है। चुनावी राजनीति में कई बार तकनीकी त्रुटियां भी बड़े राजनीतिक संकट में बदल जाती हैं और विपक्ष इन्हें तुरंत मुद्दा बना लेता है। भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी तैयारी और आक्रामक रणनीति मानी जाती है। वह विपक्ष की छोटी से छोटी कमजोरी को भी बड़ा मुद्दा बनाने में देर नहीं करती। कांग्रेस यदि अब भी केवल भाजपा पर आरोप लगाने तक सीमित रहती है, तो यह उसकी रणनीतिक कमजोरी को ही दर्शाएगा। अंततः इस पूरे प्रकरण से कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा सबक यही है कि राजनीति में लापरवाही की कोई जगह नहीं होती। चुनावी दस्तावेजों की एक छोटी कमी भी बड़े संकट में बदल सकती है। यदि कांग्रेस नामांकन से पहले पूरी कानूनी और तथ्यात्मक सावधानी बरतती, तो आज उसकी इस तरह सार्वजनिक फजीहत नहीं होती।

## सारा संसार



अरब सागर के पानी से घिरा हुआ 'कोलाबा किला या अलीबाग फोर्ट' अलीबाग का एक प्रसिद्ध पर्यटक स्थल और महाराष्ट्र का प्रमुख किला है। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध किले में शामिल कोलाबा फोर्ट एक 300 साल पुराना किला है, जो कभी शिवाजी महाराज के शासन के दौरान मुख्य नौसेना स्टेशन था। इस वजह से किले को राष्ट्रीय संरक्षित स्मारक के रूप में भी घोषित किया गया है।

## राष्ट्र सेवा

कैप्टन अभिमन्यु



# नए भारत के निर्माण का स्वर्णिम अध्याय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों का कालखंड भारतीय इतिहास में विकास, सुशासन, राष्ट्रीय गौरव और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करने वाला स्वर्णिम अध्याय बन गया है। वर्ष 2014 में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" के मंत्र के साथ प्रारंभ हुई यह यात्रा आज विकसित भारत के संकल्प की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इन 12 वर्षों में भारत ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं, जिन्होंने देश को आत्मनिर्भर, सशक्त और विश्व पटल पर प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर राष्ट्रीय एकता को नई मजबूती प्रदान की गई। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ, जिसने देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को नई ऊर्जा दी। डिजिटल इंडिया अभियान ने देश में तकनीकी क्रांति का मार्ग प्रशस्त किया। आज यूपीआई, डिजिटल भुगतान और ई-गवर्नेंस के माध्यम से भारत दुनिया के अग्रणी डिजिटल देशों में शामिल हो चुका है। जन धन योजना, आधार और मोबाइल के त्रिशक्ति मॉडल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय समावेशन से जोड़ा। गरीब, किसान, महिला और युवा कल्याण को केंद्र में रखते हुए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर मिले, उज्ज्वला योजना से माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति मिली, आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई। स्वच्छ भारत मिशन ने जन आंदोलन का रूप लेकर देशभर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई। जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुंचाया गया। वहीं, हर घर बिजली, हर घर शौचालय और हर घर बैंक खाता जैसे संकल्प धरातल पर साकार हुए। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को उत्पादन, नवाचार और रोजगार के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान की। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और पीएम विश्वकर्मा जैसी पहलों ने उद्यमिता को नई पहचान दी। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाते हुए भारत ने स्वदेशी रक्षा उत्पादन को अभूतपूर्व गति दी। विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत ने नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। जी-20 की सफल अध्यक्षता, वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती भूमिका तथा "वसुधैव कुटुम्बकम् " के संदेश ने विश्व समुदाय में भारत की प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। यह यात्रा केवल सरकार के कार्यकाल की कहानी नहीं, बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के सपनों, विश्वास और सामूहिक प्रयासों की गाथा है। 4399 दिनों की यह उपलब्धि राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, सुशासन और समर्पण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मविश्वास, सुरक्षा, विकास और विश्वगौरव के नए युग में प्रवेश कर चुका है। संकल्प से सिद्धि तक, सेवा से समृद्धि तक- यही है नए भारत की पहचान।

( लेखक वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व वित्त मंत्री, हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# विकसित भारत की यात्रा का स्वर्णिम काल



केंद्र के 12 वर्ष
विष्णु देव साय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास यात्रा के 12 वर्ष पूरे होना उस परिवर्तनकारी कालखंड का प्रतीक है, जिसने देश की दशा और दिशा को बदला है। वर्ष 2014 में देश ने एक ऐसे नेतृत्व पर विश्वास जताया, जिसने शासन को सत्ता का माध्यम नहीं, सेवा का संकल्प माना। आज जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं, तो स्पष्ट दिखाई देता है कि इन 12 वर्षों में भारत ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक आत्मविश्वास के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' को केवल नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे शासन की कार्यसंस्कृति बनाया।

जन-धन योजना ने गरीबों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ा, आधार और मोबाइल की जैम ट्रिनिटी ने सरकारी योजनाओं को पारदर्शी बनाया और डीबीटी ने लाभ सीधे हितग्राहियों के खाते तक पहुंचाया। इससे भ्रष्टाचार और बिचौलिया व्यवस्था पर प्रभावी रोक लगी। शासन पहली बार सचमुच अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचा। गरीब कल्याण इस दौर की सबसे बड़ी पहचान रहा है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का घर दिया। उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई। आयुष्मान भारत ने गरीब परिवारों को महंगे इलाज की चिंता से राहत दी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि ने अन्नदाताओं को सीधी आर्थिक सहायता दी। ये योजनाएं केवल सरकारी घोषणाएं नहीं रहीं, बल्कि करोड़ों परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का आधार बनीं। इन 12 वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था ने भी नई शक्ति प्राप्त की है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने देश को केवल उपभोक्ता बाजार नहीं रहने दिया, बल्कि उत्पादन, नवाचार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा दी। मोबाइल निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उत्पादन, सेमीकंडक्टर, फार्मा और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ा है। आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आत्मविश्वास के साथ खड़ा है। डिजिटल इंडिया ने भारत की शासन व्यवस्था और नागरिक जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। यूपीआई ने डिजिटल भुगतान को आम आदमी के जीवन का हिस्सा बना दिया है। गांवों तक इंटरनेट और डिजिटल सेवाओं की पहुंच ने शासन को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया है। कोविड काल में कोविन प्लेटफॉर्म के माध्यम से टीकाकरण का सफल संचालन भारत की डिजिटल क्षमता का बड़ा उदाहरण रहा। आज भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी दुनिया के लिए मॉडल बन चुका है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी पिछले 12 वर्ष ऐतिहासिक रहे हैं। आधुनिक राष्ट्रीय राजमार्ग, एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, मेट्रो नेटवर्क, अमृत भारत स्टेशन और बेहतर लॉजिस्टिक्स ने देश की गति बढ़ाई है। सड़क, रेल, हवाई और डिजिटल कनेक्टिविटी ने भारत के उन क्षेत्रों को भी विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है, जो लंबे समय तक उपेक्षित रहे थे। यही कनेक्टिविटी विकसित भारत की मजबूत रीढ़ बन रही है। छत्तीसगढ़ में 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में हमें



मोदी जी की गारंटी पर जनादेश मिला। महतारी वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राही महिलाओं को एक हजार रुपये प्रति माह देकर महिला सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। पहली ही कैबिनेट में हमारी सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री आवास को मंजूरी देकर हमने अंत्योदय के मंत्र को चरितार्थ किया है। प्रदेश में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी हो रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई इस कालखंड की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। वर्षों तक देश के अनेक आदिवासी और वनांचल क्षेत्र नक्सली हिंसा, भय और पिछड़ेपन के चक्र में फंसे रहे। प्रधानमंत्री के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सफल रणनीति के अनुसार डबल इंजन की सरकार में नक्सलवाद की जड़ों पर निर्णायक प्रहार हुआ। 31 मार्च 2026 तक माओवाद को समाप्त करने का संकल्प सरकार ने पूरा किया। राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर मोदी सरकार की नीति स्पष्ट रही है, राष्ट्रहित सर्वोपरि और आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस। उरी के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिन्दूर ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से समझौता नहीं करता। सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक नीति ने देशवासियों के मन में नया विश्वास पैदा किया है। जनजातीय समाज के सम्मान और विकास को भी इन 12 वर्षों में राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि जनजातीय अस्मिता के सम्मान का ऐतिहासिक कदम है। छत्तीसगढ़ जैसे जनजातीय बहुल राज्य में इन योजनाओं का प्रभाव विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। प्रदेश की बड़ी आबादी जनजातीय समाज से आती है। दूरस्थ अंचलों में रहने वाले परिवारों तक पहली बार योजनाएं व्यवस्थित रूप से पहुंच रही हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में वनोपज, पर्यटन, कौशल विकास और स्थानीय उद्यमिता के माध्यम से आजीविका के नए अवसर तैयार हो रहे हैं। यह विकास केवल सड़क और भवन का विकास नहीं है, बल्कि आत्मसम्मान, भागीदारी और भरोसे का विकास है।

महिला सशक्तिकरण भी मोदी सरकार के 12 वर्षों की प्रमुख उपलब्धि रही है। उज्ज्वला, जन-धन, स्वच्छ भारत, जल जीवन मिशन और मातृशक्ति से जुड़ी योजनाओं ने महिलाओं के जीवन को सरल बनाया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक के जरिये देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को नई दिशा देने का प्रयास हुआ। जब महिला सशक्त होती है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र तीनों मजबूत होते हैं।

अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास और केदारनाथ धाम पुनर्निर्माण परियोजना जैसे कार्यों ने विकास भी, विरासत भी की अवधारणा को साकार किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन और संकल्प के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों ने यह सिद्ध किया है कि मजबूत नेतृत्व, स्पष्ट नीति और जनभागीदारी से देश की दिशा बदली जा सकती है। गरीबी से मुक्ति, नक्सलवाद पर निर्णायक प्रहार, जनजातीय विकास, डिजिटल क्रांति, आधुनिक अवसंरचना और सांस्कृतिक आत्मविश्वास सबने मिलकर विकसित भारत की मजबूत नींव रखी है। आज भारत केवल आगे नहीं बढ़ रहा, बल्कि आत्मविश्वास के साथ दुनिया को दिशा भी दे रहा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का संकल्प अवश्य सिद्ध होगा।

( लेखक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


# शिव का कोई आरंभ और अंत नहीं



संकलित
दर्शन

शिव तत्व के बारे में बात करना बहुत कठिन है क्योंकि इसे केवल महसूस किया जा सकता है। शब्द बहुत निकट जाते हैं लेकिन वापस लौट आते हैं। क्या शिव कोई सत्ता है? क्या उसका कोई रूप है? क्या वह किसी स्थान पर विराजमान कोई व्यक्ति है? नहीं, शिव संपूर्ण ब्रह्मांड हैं। शिव तत्व वह है जहां से सब कुछ आया है, सब कुछ स्थित है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। ऐसा कोई मार्ग नहीं है कि आप किसी भी समय शिव तत्व से बाहर निकल सकें क्योंकि शिव ही संपूर्ण सृष्टि हैं। शिव विश्वरूप हैं, जिसका अर्थ है कि संपूर्ण ब्रह्मांड उनका रूप है और फिर भी वे निराकार या अरूप हैं। आप ब्रह्मांड की आदि ध्वनि ओम् की गहराई में जाकर उसे जान सकते हैं। आप शिव को कैसे समझ सकते हैं? केवल ध्यान के माध्यम से। शिवरात्रि से जुड़ी एक सुंदर कथा है। एक बार ब्रह्मांड के निर्माता ब्रह्मा और ब्रह्मांड के संरक्षक विष्णु दोनों शिव के विस्तार को जानना चाहते थे। ब्रह्मा ने कहा, 'मैं ऊपर जाऊंगा और उनके मस्तक की खोज करूंगा और तुम उसके चरण ढूंढोगे।' हजारों वर्षों तक विष्णु शिव के पैरों को खोजने के लिए नीचे की ओर यात्रा करते रहे और ब्रह्मा उनके सिर को खोजने के लिए ऊपर की ओर गए, लेकिन उन्हें वह नहीं मिला। अंततः वे दोनों मध्य में मिले और कहा कि वे भी उन्हें नहीं खोज सके। शिव का कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है।

# ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जिएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## सटाका




## आज की पाती

### मादक पदार्थों का बढ़ता प्रकोप

आए दिन हम सोशल मीडिया के माध्यम से सुनते है कि आज का युवा, जो कल देश का भविष्य है, वह धीरे-धीरे नशे की चपेट में आ गया है, जहां वह इन मादक पदार्थों का सेवन करके अपने मां-बाप, भाई-बहन की परवाह न करके आत्महत्या तक कर लेता है। हमारा देश एक युवा देश है जहां प्रतिभा से भरपूर युवा अपने सपने को साकार करने की सोच रखता है। वहीं दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में युवा गाजा, चिट्टा जैसी मादक वस्तुओं का सेवन करके अपने जीवन को दाव पर लगा रहे हैं, जो कि चिंता का विषय है। वहीं दूसरी तरफ प्रशासन भी कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। यदि हमें आज के युवा को नशे के प्रकोप से बचाना है तो लोगों की सोच को बदलना होगा और प्रशासन को भी इस पर कड़ी नजर रखनी होगी।

*– ललित कुमार, रेवाड़ी*

## ट्रेंड

### नए मानक स्थापित



पीएम नरेंद्र मोदी का नेतृत्व संकल्प से सिद्धि और सेवा से सुशासन तक की यात्रा का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारत ने आत्मविश्वास, विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए मानक स्थापित किए हैं।

**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### भारत भाग्य विधाता



अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' उन बहादुर डॉक्टरों, नर्सों और हेल्थकेयर वर्कर्स के साहस, सेवा-भाव और कर्तव्य के प्रति समर्पण को दिखाती है, जिन्होंने 26/11 के आतंकी हमलों के दौरान मानवता की सेवा में खुद को समर्पित कर दिया था।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### फर्टिलाइज़र विरासत



असम की फर्टिलाइज़र (खाद) विरासत को आगे बढ़ाने से लेकर उसके भविष्य को आकार देने तक, नामरूप एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। 10,601 करोड़ का नामरूप अमोनिया-यूरिया फर्टिलाइज़र कॉम्प्लेक्स खेती की उत्पादकता बढ़ाएगा।

**- हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### विकास की गति




आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों के साथ बहुत ही सार्थक बैठकें कीं। इन बैठकों का मकसद प्रधानमंत्री मोदी के विज़न के अनुरूप पश्चिम बंगाल के विकास की गति को तेज़ करना और राज्य की जनता तक प्रतीक्षित लाभ सीधे पहुंचाना था।

**- सुवेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

## करंट अफेयर


# इबोला प्रभावित देशों से आने वालों पर पाबंदी लगाए यूरोप



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन यूरोपीय देशों को अफ्रीका के इबोला प्रभावित देशों से यूरोप में आने वाले लोगों के लिए यात्रा पाबंदियां बढ़ाने की सलाह दे रहा हैं। ट्रंप प्रशासन ने यह संकेत भी दिया है कि ऐसा न करने पर विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट समेत अन्य मौकों के लिए यूरोप से लोगों की यात्रा को लेकर अमेरिका के नियमों में सख्ती बरती जा सकती है। विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मंगलवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन को फोन करके अपनी चिंताएं व्यक्त कीं और कांगो तथा युगांडा में इबोला फैलने पर अमेरिका और यूरोप के तालमेल एवं जवाबी प्रयासों पर चर्चा की। इसमें कहा गया, 'विदेश विभाग की सबसे बड़ी प्राथमिकता और ध्यान अमेरिकी लोगों की सेहत की रक्षा करना और इबोला का प्रकोप हमारे नजदीक तक पहुंचने से रोकने पर है।' विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'अमेरिका ने इस संक्रमण को फैलने से निपटने के लिए कदम बढ़ाया है और अब दुनिया को भी और कदम उठाने होंगे।' अधिकारी ने रूबियो और वॉन डेर लेयेन के बीच फोन पर हुई बातचीत के बारे में नाम जाहिर नहीं होने की की शर्त पर जानकारी दी।

## ऑफ बीट

# होता कुछ है, हम भ्रम में देखते कुछ हैं



कई प्रजातियों द्वारा समझा जाने वाला भ्रम दृश्य भ्रम का अध्ययन मस्तिष्क कैसे काम करता है इसकी दिलचस्प जानकारी प्रदान करता है। दृश्य भ्रम अवधारणात्मक त्रुटियां हैं, जो संभवतः हमें जटिल प्राकृतिक जानकारी को कुशलतापूर्वक संसाधित करने में सक्षम बनाती हैं। एकल भ्रम एक छवि में बिंदुओं के विन्यास के आधार पर मात्रा की गलत धारणा का कारण बनता है। जो लोग भ्रम का अनुभव करते हैं वे एक साथ गुच्छित होने पर बिंदुओं की संख्या का अधिक अनुमान लगाएंगे और/या बिखरे होने पर बिंदुओं की संख्या को कम आंकेंगे। हम जानते हैं कि एकल भ्रम मनुष्यों, कैपुचिन बंदरों, गप्पियों और भौंरों द्वारा महसूस किया जाता है। ऐसा प्रतीत होता है कि चिंपैंजी, रीसस बंदर और घरेलू कुत्तों को भ्रम का एहसास नहीं होता है। दिलचस्प बात यह है कि इंसानों में उम्र एकल भ्रम की धारणा को प्रभावित करती है – छोटे बच्चे बड़ों की तुलना में कम संवेदनशील होते हैं। मनुष्यों और अन्य प्रजातियों द्वारा मात्राओं की इस गलत धारणा का अनुभव करने का एक संभावित विकासवादी कारण यह है कि यह हमें बड़ी संख्या में वस्तुओं को अधिक कुशलतापूर्वक और तेज़ी से संसाधित करने और तुलना करने में मदद दे सकता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण को भी दी मंजूरी

### केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 7 संकल्प पारित


हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के फेज -2(ए) को मंजूरी दे दी। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि शहरी परिवहन को सुगम और आधुनिक बनाने के लिए कैबिनेट ने "अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के चरण 2ए' को भी अपनी मंजूरी दे दी है। इस नए विस्तार के तहत 6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार किया जाएगा। यह परियोजना मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा।

### ब्याज सहित इस मेट्रो परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए आएगी

6.032 किमी लंबा नया मेट्रो कॉरिडोर तैयार

मौजूदा अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो गलियारे के साथ जुड़ेगा



अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना

### पांच नए मेट्रो स्टेशन होंगे

फेज-2(ए) में चार एलिवेटेड और एक भूमिगत स्टेशन होगा। नया मार्ग शुरू होने के बाद, अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई 77.63 किमी हो जाएगी। परियोजना के तहत प्रस्तावित स्टेशन -आश्रम रोड, कोटेश्वर प्राचीन मंदिर, साबरमती नदी, सरदार नगर और एयरपोर्ट होंगे। ब्याज सहित इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 2,169.04 करोड़ रुपए है। इस दौरान करीब 2,000 लोगों को रोजगार मिलेगा और प्रणाली के संचालन और रखरखाव के दौरान 500 लोगों के काम मिलने की संभावना है।

### अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए विशेष जोर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक निर्वाचित पीएम के रूप में सबसे लंबी अवधि तक पद पर रहने का नया रिकॉर्ड कायम किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को रेखांकित करते हुए आज हुई कैबिनेट की बैठक में बाकायदा एक प्रस्ताव भी पारित किया गया है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से पीएम मोदी ने 'सात संकल्प' पेश किए हैं, जिनमें डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, स्टार्टअप इंडिया, नवाचार और उद्यमिता पर विशेष जोर दिया गया है।

## अमरावती में केंद्रीय कार्यालय की मंजूरी

आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती में केंद्रीय सरकारी जनरल पूल कार्यालय आवास (सीजीजीपीओ) के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह परियोजना विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।



### 5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा

यह कार्यालय परिसर 5.53 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा और इसमें दो प्रमुख ब्लॉक बनाए जाएंगे। एक ब्लॉक प्लॉट सी-9 पर ग्राउंड प्लस 13 मंजिलों का होगा, जबकि दूसरा ब्लॉक प्लॉट सी-8 पर ग्राउंड प्लस 10 मंजिलों का बनाया जाएगा।

### केंद्रीय कर्मचारियों के लिए आवासीय योजना

अमरावती में जनरल पूल रेजिडेंशियल अकोमोडेशन (जीपीआरए) के निर्माण को स्वीकृति दे दी है। इसका उद्देश्य पर्याप्त आवासीय सुविधा प्रदान करके केंद्र सरकार के कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ कम करना है। जीपीआरए कैंपस 17 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है। इस परियोजना में टाइप 2 से टाइप 6 तक की 1,504 आवासीय इकाइयों वाले 11 आवासीय टावर शामिल हैं, जिनमें रिफ्यूज एरिया भी शामिल हैं। परियोजना में 1,972 समतुल्य कार पार्किंग स्थान (ईसीएस) की क्षमता वाली बेसमेंट पार्किंग सुविधा उपलब्ध है। परियोजना का कुल निर्मित क्षेत्र 31.30 लाख वर्ग फुट (2,90,762 वर्ग मीटर) है।

---

## खबर संक्षेप

### मोदी-नेहरू की तुलना उचित नहीं: शरद पवार

**मुंबई।** एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने महाराष्ट्र के भाजपा मंत्री गिरीश महाजन की कड़ी आलोचना की है। महाजन ने ऑपरेशन ब्लू स्टार को लेकर पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के खिलाफ टिप्पणी की थी।



उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना जवाहरलाल नेहरू से करने पर भी आपत्ति जताई और कहा कि ऐसा करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

### एल्विश यादव ने बनाई खरगोश जनता पार्टी

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हमेशा सक्रिय रहने वाले एल्विश यादव ने अपनी राजनीतिक पार्टी 'खरगोश जनता पार्टी' बना ली। उन्होंने इसे नारा भी दिया- तेज दिमाग, लंबे कान, सबका विकास गाजर के साथ। एल्विश ने पार्टी का ऑफिशियल पेज भी उन्होंने बना दिया है। उनके पेज पर 2 घंटे में ही 3,213 फॉलोअर्स भी हो गए।



### भारतराजा को सीएम विजय ने दी श्रद्धांजलि

**चेन्नई।** बुधवार सुबह तमिल सिनेमा के दिग्गज निर्देशक भारतीराजा का निधन हुआ। सीएम विजय ने निर्देशक भारतीराजा को श्रद्धांजलि दी, उनके अंतिम दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीराजा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने भी दुख जताया।



### पीएम बाल पुरस्कार 2026 के लिए मांगे नामांकन

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर रहा है। इस पुरस्कार के लिए आवेदन 1 अप्रैल 2026 से आरंभ हुए थे और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। सभी प्रविष्टियां पोर्टल पर जमा कराई जा सकती हैं।




---

### सोनिया गांधी ने फोन करके ममता बेनर्जी को दिया बड़ा ऑफर

# कांग्रेस में करें टीएमसी का विलय, देंगे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद, ऋतब्रत बोले- ऐसा नहीं होने देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में करारी हार ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को खत्म करने की कगार पर पहुंचा दिया है। ममता बेनर्जी के 80 विधायकों में से 58 विधायकों ने अपना अलग गुट तैयार कर लिया और उसके बाद दिल्ली में भी करीब 20 सांसद टीएमसी से अलग हो गए। इस बीच कांग्रेस की सुप्रीम लीडर सोनिया गांधी ने टीएमसी अध्यक्ष ममता बेनर्जी को बड़ा ऑफर दिया है। सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को टीएमसी के कांग्रेस में विलय का ऑफर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता से कहा है कि वो टीएमसी का विलय कर दें, इसके बदले में उन्हें कांग्रेस का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके अलावा उनके भतीजे और सांसद अभिषेक बेनर्जी को भी पार्टी महासचिव का पद दिया जाएगा। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मुलाकात के एजेंडे या चर्चा के विषयों का आधिकारिक तौर पर खुलासा नहीं किया है। वहीं, संभावित विलय को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने ऐसी किसी संभावना से इनकार किया है। उनका कहना है कि पार्टी के विधायक, सांसद और स्थानीय निकायों के जनप्रतिनिधि कांग्रेस में जाने के पक्ष में नहीं हैं, इसलिए विलय की अटकलों का कोई आधार नहीं है।

अभिषेक बेनर्जी को महासचिव बनाया जाएगा

बागी गुट बोला- कांग्रेस में जाने को तैयार नहीं



इंडिया ब्लॉक की बैठक में सोनिया गांधी और ममता बेनर्जी

### ममता ने मांगा समय

सूत्रों के मुताबिक, सोनिया गांधी ने ममता बेनर्जी को प्रस्ताव दिया है कि टीएमसी पर भाजपा के राजनीतिक हमलों को देखते हुए उन्हें अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लेना चाहिए, वरना भाजपा उन्हें भी आम आदमी पार्टी की तरह परेशान करेगी। सोनिया गांधी ने खुद उन्हें फोन किया था। सूत्रों ने बताया कि ममता बेनर्जी ने इस पर फ़ैसला करने के लिए कुछ दिन का समय मांगा है।

### न तो सांसद जा रहे हैं और न ही विधायक

पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता और तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने टीएमसी और कांग्रेस के संभावित विलय की चर्चाओं को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि न तो टीएमसी की विधायक दल कांग्रेस में शामिल हो रही है और न ही पार्टी के सांसदों, नगर निकायों या पंचायतों के प्रतिनिधियों के बीच ऐसा कोई रुझान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विधायकों की संख्या 64 है और यह बढ़ने की उम्मीद है। ये लोग आएंगे और विधानसभा अध्यक्ष को एक पत्र सौंपेंगे। संसद में जो सांसद हैं, उनमें से दो-तिहाई से अधिक भी कांग्रेस में विलय नहीं हो रहे हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन किसके साथ विलय कर रहा है?



### राहुल-अभिषेक के बीच मुलाकात

इसी बीच बुधवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद अभिषेक बेनर्जी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। 10 जनपथ पर हुई ये मुलाकात करीब डेढ़ घंटे तक चली। दोनों नेताओं के बीच ये मुलाकात फायदेमंद रही है।

### अभिषेक की याचिका पर आज सुनवाई

कलकत्ता उच्च न्यायालय गुरुवार को तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी की उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने पार्टी विधायकों के हस्ताक्षर में कथित जालसाजी की जांच के सिलसिले में राज्य अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) की किसी भी कठोर कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

### 58 विधायक, 2 राज्यसभा सांसद हुए अलग

## टीएमसी के 20 बागी लोकसभा सांसदों में शत्रुघ्न और यूसुफ भी



यूसुफ, सायानी घोष, शत्रुघ्न सिन्हा

ममता बेनर्जी की टीएमसी में लगातार टूट जारी है। काकोली घोष के नेतृत्व वाले टीएमसी बागी गुट ने 20 लोकसभा सांसदों के नाम की सूची जारी कर दी। इसमें ममता की करीबी मानी जाने वाली जादवपुर से सांसद सायोनी घोष, यूसुफ पठान और शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम शामिल है। पिछले 3 दिनों में टीएमसी के दो राज्यसभा सांसद पार्टी छोड़ चुके हैं। इससे पहले 8 जून को सुखेंदु शेखर ने राज्यसभा से इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान में टीएमसी के लोकसभा में 28 में से 20 सांसद और राज्यसभा में 13 में से 2 सांसद यानी कुल 22 सांसद टूट चुके हैं। 80 में से 58 विधायक अलग गुट बना चुके हैं।

### सुष्मिता देव ने भी दिया इस्तीफा, सीएम हिमंत से मिलीं

सुष्मिता देव ने टीएमसी और राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस बड़े फैसले के बाद उन्होंने बुधवार को दिल्ली में असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि वह फिलहाल राजनीति से छोटा सा ब्रेक ले रही हैं। इसके बाद ही वह अपने भविष्य के बारे में कोई फैसला लेंगी। उन्होंने त्यागपत्र का कारण निजी बताया है। उन्होंने कहा कि वह असम की रहने वाली हैं और अब पूरी तरह स्वतंत्र हैं।



### सयानी घोष और माला राय भी हुईं बागी

टीएमसी की सबसे मुखर और तेज-तर्रार सांसदों में से एक सयानी घोष ने अब बगावती सुर अपना लिए हैं। अपनी पार्टी प्रमुख ममता बेनर्जी की तारीफों के पुल बांधने वाली और विरोधियों पर तीखे तीर चलाने वाली सयानी घोष अब बागी खेमे में शामिल हो चुकी हैं। जादवपुर से सांसद सयानी घोष अब उन 20 सांसदों के गुट में शामिल हो गई हैं, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में टीएमसी की करारी हार के ठीक एक महीने बाद संसद में एक अलग गुट बनाने की मांग की है। ममता बेनर्जी की बेहद करीबी मानी जाने वाली एक और सांसद माला रॉय भी दिल्ली पहुंचकर इस बागी खेमे में शामिल हो गई हैं। लोकसभा सांसद काकोली घोष दस्तीदार के नेतृत्व में इन 20 सांसदों ने सोमवार (8 जून) को लोकसभा स्पीकर को पत्र लिखकर एनडीए को समर्थन देने की पेशकश की है।

सीएम शुभेंदु ने किया विभागों का बंटवारा

## दिलीप को ग्रामीण विकास, निशीथ को जलसंसाधन का जिम्मा

पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को मंत्रियों के विभागों का औपचारिक बंटवारा किया गया। स्वपन दासगुप्ता को वित्त, तपस रॉय उद्योग, डॉ. शरद मुखर्जी स्वास्थ्य, जगन्नाथ चट्टोपाध्याय उच्च शिक्षा, दूध कुमार मंडल कृषि, दीपक बर्मन स्कूल शिक्षा, शंकर घोष पर्यटन एवं संसदीय कार्य, दिलीप घोष पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास व कृषि विपणन, अग्निमित्रा पॉल शहरी विकास एवं नगर निकाय, निशीथ प्रमाणिक उत्तर बंगाल विकास, जल संसाधन का काम देखेंगे।

### सीएम के पास गृह, भूमि सुधार सहित अन्य विभाग

सीएम अधिकारी को गृह एवं पर्वतीय मामले, भूमि एवं भूमि सुधार, शरणार्थी राहत एवं पुनर्वास, बिजली, सूचना एवं संस्कृति तथा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा जिन विभागों का आवंटन अन्य मंत्रियों को नहीं किया गया है, वे भी सीएम के पास रहेंगे। 1 जून को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में कुल 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

---

### आज कांग्रेस का दिल्ली में महामंथन

## देशभर के वरिष्ठ कांग्रेसियों की बैठक, कई मुद्दों पर होगी चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नई दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आहूत की जाएगी। कांग्रेस संगठन महासचिव, केसी वेणुगोपाल ने बताया कि वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों और संगठनात्मक मुद्दों पर व्यापक चर्चा के लिए यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में विभिन्न राज्यों की राजनीतिक स्थिति, आगामी चुनावी चुनौतियों, विपक्षी गठबंधन की रणनीति तथा संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बदलते राजनीतिक समीकरणों और चुनावी गतिविधियों के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व संगठनात्मक स्तर पर व्यापक समीक्षा करना चाहता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों से उनके राज्यों की राजनीतिक रिपोर्ट भी मांगी जाएगी।



### आशुतोष महाराज आरोपों से पलटे

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर दबाव में फर्जी एफआईआर की

एजेंसी ▶▶ मथुरा

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ दो बटुकों से यौन शोषण का केस दर्ज कराने वाले आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज अपने आरोपों से पीछे हट गए हैं। उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो जारी कर कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने दबाव बनाकर उनसे अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने दावा किया कि उन्हें गुमराह कर इस मामले में शामिल किया गया। साजिश में कुछ अधिकारी भी शामिल थे। उनके पास इससे जुड़े सबूत और वॉट्सएप चैट मौजूद हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा करेंगे और बताएंगे कि उन्हें इस विवाद में क्यों और कैसे शामिल किया गया। उन्होंने रामचंद्र दास पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे कुकर्मी कहा।



आशुतोष महाराज अविमुक्तेश्वरानंद

नीट प्रबंधन पर संसदीय समिति ने की बैठक

## एनटीए डीजी, उच्च शिक्षा सचिव और एनएमसी अधिकारियों से मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट परीक्षा के संचालन और उससे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर संसद की निगरानी लगातार बढ़ रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की, जिसमें नीट परीक्षाओं के संचालन पर चर्चा की गई। समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ सांसद राम गोपाल यादव ने की। बैठक का विषय 'राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम, 2019 के तहत नीट परीक्षाओं का संचालन' था। यह चर्चा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन नियामक संस्थाओं की संरचना, जिम्मेदारियों और कार्यप्रणाली की समीक्षा के तहत की गई।

### अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन



रामगोपाल यादव

बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी, एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह तथा राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के समक्ष अपना पक्ष रखा। समिति ने नीट परीक्षा के संचालन, परीक्षा प्रबंधन और नियामक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से जुड़े पहलुओं पर जानकारी प्राप्त की।

### गड़बड़ियां रोकने पर की चर्चा

समिति ने नीट परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों व पेपर लीक के मुद्दों को रोकने के उपायों पर जानकारी ली नीट परीक्षा को फुलप्रूफ बनाने को लेकर पूर्व में दी गई समितियों के सुझावों को भी परखा।

---

विकसित भारत के लिए समावेश मानव विकास की रहेगी थीम

## पीएम आज करेंगे नीति आयोग की 11वीं बैठक की अध्यक्षता

### रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता पर होगी गहन चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन कल्चरल सेंटर में नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक विकसित भारत 2047 के लिए समावेशी मानव विकास थीम पर होगी। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम, केंद्र शासित प्रदेशों के उप-राज्यपाल और प्रशासक, पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर केंद्रीय मंत्री, साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष शामिल होंगे।



### स्वास्थ्य और पोषण पर भी देंगे ध्यान

बैठक में नौकरियों, कौशल और विकास के नतीजों पर खास ध्यान दिया जाएगा। उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्किलिंग की कोशिशों को मजबूत करने और पूरे देश में टिकाऊ रोजगार के मौके पैदा करने के उपायों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। साथ ही बुनियादी मानव पूंजी और भविष्य के लिए जरूरी कौशल। उत्पादक रोजगार और उद्यमिता। स्वास्थ्य और पोषण। सभी के लिए समानता और सम्मान पर भी चर्चा होगी।

### राज्य की योजनाओं पर भी होगा जोर

इस चर्चा में राज्य-स्तर की विकास योजनाओं को समावेशी मानव विकास के व्यापक राष्ट्रीय विजन के साथ जोड़ने पर भी ध्यान दिया जाएगा। गवर्निंग काउंसिल से यह भी उम्मीद है कि वह 26 से 28 दिसंबर, 2025 तक आयोजित मुख्य सचिवों के 5वें राष्ट्रीय सम्मेलन से निकली सिफारिशों की समीक्षा करेगी।

### एनडीए की बैठक में पीएम मोदी ने कांग्रेस साधा निशाना

## दशकों तक विकास की रफ्तार धीमी रही थी, हमने विकास किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एनडीए नेताओं की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दशकों तक विकास की रफ्तार धीमी रही, जबकि एनडीए ने नई सोच और फैसलों के जरिए तेज विकास को संभव बनाया। पीएम ने कहा, हमारे लिए दल से बड़ा हमेशा देश रहा है। हम नेशन फर्स्ट की भावना से काम करते हैं। भारत को सिर्फ दुनिया की बराबरी नहीं करनी, बल्कि उससे एक कदम आगे रहना है। वो दिन दूर नहीं जब हम मेड इन इंडिया प्लेन भी बनाएंगे। पीएम ने कहा कि सरकार की नीतियों के कारण 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। जो लोग पहले गरीब थे, वे अब मिडिल क्लास का हिस्सा बन रहे हैं। मिडिल क्लास अब न्यू मिडिल क्लास बन रहे हैं।

### आज के भारत के संकल्प और लक्ष्य बड़े

पीएम ने कहा कि कल के विकसित भारत की गारंटी है, आज का आकांक्षी भारत। आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा है। आज के भारत की आकांक्षी बड़ी हैं, सपने बड़े हैं इसलिए उसके संकल्प और लक्ष्य भी बड़े हैं।

### 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकलकर आए

### आकांक्षी भारत के गर्भ में विकसित भारत पल रहा



एनडीए के सम्मेलन में सहयोगी दलों का अभिवादन करते पीएम मोदी

**भारत की विकास दर 7.8%**

पीएम ने कहा कि आज दुनिया के बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्था संघर्ष कर रही है तब भी 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर तो, जो 31 मार्च को खत्म हुआ है, उसमें भी भारत की ग्रोथ 7.8 प्रतिशत रही है। हम आज दुनिया की तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन चुके हैं।'

### लोगों ने अपना भरोसा हमें सौंपा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि साल 2014 में जब एनडीए की जीत हुई थी तब मैंने कहा था कि आज देश के सामान्य मानवी में एक नई आशा का उदय हुआ है। इस आशा का, इस उम्मीद का संरक्षण हम सभी का बहुत बड़ा दायित्व था। देश के लोगों ने कांग्रेस के विश्वासघात के बाद अपने भरोसा हमें सौंपा था। मुझे आज संतोष है, गर्व है कि एनडीए परिवार के तौर पर हमने देश के विश्वास को हमेशा और मजबूत किया है।

## पीएम पद पर लगातार 4,399 दिन पूरे कर नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ने पर विश्वभर के नेताओं ने दी बधाई

# इटली की पीएम मेलोनी ने रोम में हुई मुलाकात को याद करते हुए पीएम मोदी को दी बधाई, दुनिया के दिग्गजों ने बताया परिवर्तनकारी युगपुरुष

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाहरलाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़कर भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री का दर्जा हासिल किया है। इस मौके पर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने बुधवार को पीएम मोदी को बधाई दी।

बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम पद पर लगातार 4,399 दिन पूरे कर लिए हैं और इस तरह चुने हुए प्रधानमंत्री के तौर पर नेहरू के कार्यकाल का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। 2014 में पहली बार पद संभालने के बाद से वे लगातार सेवा कर रहे हैं। इटली की नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की हालिया इटली यात्रा को भी याद किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी और सहयोग के लिए एक नया फ्रेमवर्क शुरू किया था। मेलोनी ने लिखा, नरेंद्र मोदी को बधाई, जो आज भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले चुने हुए प्रधानमंत्री बन गए हैं। उन्होंने आगे कहा, हाल के हफ्तों में रोम में फिर से मिलना और मिलकर एक 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' (विशेष रणनीतिक साझेदारी) शुरू करना खुशी की बात रही है।

> मेलोनी ने कहा कि पीएम मोदी ने इतिहास रच दिया है


पीएम मोदी की इटली यात्रा के दौरान की तस्वीर

यह साझेदारी भविष्य की ओर देखते हुए हमारे देशों और हमारे लोगों के लिए नए अवसर पैदा करने पर केंद्रित है।

प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छे संबंध रखने वाली मेलोनी ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्हें बधाई दी। दोनों नेताओं ने अक्सर सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींचा है। उनकी दोस्ताना बातचीत ने इंटरनेट यूजर्स के बीच लोकप्रिय मेलोडी निकनेम को जन्म दिया है।

भूटान के पीएम ने मुलाकात को याद कर कहा

### पीएम मोदी मेरे दोस्त, भाई और मार्गदर्शक

भूटान के प्रधानमंत्री त्शेरिंग टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक भावुक पत्र लिखकर शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपना दोस्त, भाई और मार्गदर्शक बताया। टोबगे ने एक्स पर साझा किए गए अपने पत्र में कहा कि यह भारत के लिए ऐतिहासिक महत्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने परिवर्तन और विकास के एक नए दौर का अनुभव किया है। त्शेरिंग टोबगे ने बताया कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी से पहली मुलाकात 2014 में हुई थी। तब से दोनों नेताओं के बीच लगातार बातचीत और सहयोग बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत केवल विकास परियोजनाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज और लोगों के लिए नए अवसरों पर भी चर्चा होती रही है। अपनी चिट्ठी में उन्होंने लिखा कि सच्ची दोस्ती विश्वास, सम्मान और आपसी समझ पर आधारित होती है। यही गुण उनके और प्रधानमंत्री मोदी के संबंधों की पहचान हैं और यही भारत-भूटान की मजबूत एवं स्थायी साझेदारी की नींव भी हैं।



### असाधारण नेतृत्व के धनी अमेरिकी राजदूत बोले

भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पीएम मोदी का सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनना, उनके दशकों लंबे समर्पित सार्वजनिक जीवन और असाधारण नेतृत्व क्षमता का एक सशक्त प्रमाण है।



**ये जनता का भरोसा: श्रीलंका के राष्ट्रपति**



*श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम मोदी को बधाई पत्र भेजकर उनके विजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल लंबे कार्यकाल का रिकॉर्ड नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता ने उनके नेतृत्व पर बार-बार भरोसा जताया है।*

**जनसेवा के लिए समर्पित: नाइजीरिया के राष्ट्रपति**



*नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला अहमद टिनुबू ने पीएम मोदी को इस ऐतिहासिक मील के पत्थर पर बधाई देते हुए उन्हें अपना व्यक्तिगत मित्र और भरोसेमंद सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि लगातार तीन जनादेशों के माध्यम से भारतीय जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व पर अटूट विश्वास जताया है।*

## खबर संक्षेप

### कनाडा में लॉरेंस के मेन हैंडलर की हत्या




**टोरंटो।** कनाडा के सरे शहर में पिछले महीने दिनदहाड़े एक ऑफिस में घुसकर जिस शख्स की हत्या हुई थी, उसके तार कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ते नजर आ रहे हैं। अब कनाडा पुलिस ने भी इस बात की पुष्टि कर दी है कि मारा गया व्यक्ति कोई आम आदमी नहीं था, बल्कि लॉरेंस गैंग का गुरविक्रमजीत सिंह था जो अहम सहयोगी और मेन हैंडलर था। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस के विरोधी गैंग के रोहित गोदारा ने ली थी। यह घटना 4 मई 2026 की है।

### महाराष्ट्र से गुजरात तक धमकी ही धमकी



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और गुजरात में बुधवार को कई जगहों को बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं। इन जगहों में आरएसएस मुख्यालय, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की बिल्डिंग, मुख्यमंत्री कार्यालय, बॉम्बे हाईकोर्ट बिल्डिंग और मुंबई-पुणे के मेयर ऑफिस, अहमदाबाद नगर निगम मुख्यालय शामिल हैं। ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। दोनों राज्यों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ईमेल खालिस्तान नेशनल आर्मी बताने वाले ग्रुप की ओर से भेजे गए थे।

### अमरनाथ यात्रियों को राहत मिलेगी वन-स्टॉप सुविधा




**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा के लिए तवी रिवर फ्रंट पर नया यात्री पंजीकरण केंद्र बनाया जा रहा है, जहां ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के साथ स्वास्थ्य प्रमाणपत्र और आरएफआईडी पहचान सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद श्रद्धालु भगवती नगर यात्री निवास से अपने जत्थों के साथ यात्रा के लिए रवाना होंगे। श्री अमरनाथ यात्रा के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से तैयारियों को लेकर नई व्यवस्था लागू हो गई है।

## मिडिल ईस्ट में फिर बढ़ा तनाव-अमेरिका और ईरान में गर्मी बढ़ी

# ट्रंप ने कहा- रियायत नहीं कीमत चुकानी होगी ईरान बोला-सलामती चाहते हो तो गलती न करना

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। उन्होंने कहा है कि ईरान ने शांति समझौता करने में बहुत वक्त लगा दिया है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रंप ने यह भी दावा किया है कि ईरान की सेना, नौसेना और वायु सेना खत्म हो चुकी है और उनका कोई अस्तित्व नहीं बचा है। वहीं ईरान ने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका अपनी सलामती चाहता है तो गलती न करे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान समझौते पर बातचीत करने में काफी समय लगा रहा है और अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर यह टिप्पणी की।



फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि तेहरान के लिए इसका असल में क्या मतलब होगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि ईरान की सेना, नौसेना और वायुसेना पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट का दादागिरी करने वाला अब खत्म हो चुका है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, ईरान की सेना पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। उनकी नेवी और एयर फ़ोर्स जैसी कई चीज़ें तो अब बची ही नहीं हैं - वे पूरी तरह हार चुके हैं। ईरान सिर्फ़ बातें करता है, काम कुछ नहीं करता। मिडिल ईस्ट का दादागिरी करने वाला अब खत्म हो चुका है! उन्होंने एक ऐसी डील पर बातचीत करने में बहुत ज़्यादा समय लगा दिया जो उनके लिए बहुत अच्छी हो सकती थी।

### *ईरान-अब मिडिल ईस्ट का गुंडा खत्म, उसकी सेना, नौसेना, वायुसेना तबाह*


आए दिन धमाके हो रहे हैं

### *ईरान ने तीन देशों को बनाया निशाना?*

*ईरानी हमलों का दायरा जॉर्डन के अलावा कुवैत और बहरीन तक फैला है। ईरान के सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग (आईआरआईबी) ने बताया कि बहरीन स्थित अमेरिका के पांचवें बेड़े को भी निशाना बनाया गया है। बहरीन के गृह मंत्रालय ने एक्स के जरिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।*

### ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने जॉर्डन में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे सहित खाड़ी क्षेत्र के 22 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं। ईरान का कहना है कि यह कार्रवाई होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास अमेरिकी सैन्य हमलों के जवाब में की गई है।

### ईरान ने दी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को आखिरी चेतावनी कहा- सलामती चाहते हो तो...

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि उसे अपनी सुरक्षा के लिए फारस की खाड़ी क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की सेना किसी भी हमले या खतरे का जवाब देगी और साथ ही यह भी कहा कि फारस की खाड़ी में घुसपैठ करने वाले बाहरी लोगों को इतिहास में गंभीर परिणाम भुगतने पड़े हैं। अराघची ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि युद्ध के मैदान में हार के बावजूद अमेरिका ने हमारे संकल्प की परीक्षा लेने का फैसला किया। हमारी शक्तिशाली सेना किसी भी हमले या धमकी का मुंहतोड़ जवाब देगी. अगर आप सुरक्षित रहना चाहते हैं तो हमारे क्षेत्र से चले जाएं। ईरान का ये बयान तब आया है, जब अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ आत्मरक्षा में हमले शुरू कर दिए हैं। यह कार्रवाई अमेरिकी सेना के अपाचे हेलीकॉप्टर को मार गिराए जाने के बाद ईरान की अनुचित आक्रामकता के जवाब में की गई है। सेंटकॉम ने कहा कि ये हमले कमांडर-इन-चीफ के निर्देश पर उस घटना के उचित जवाब के तौर पर किए गए हैं।



## बेंगलुरु की कंपनी से होगी खरीदी

# नौसेना को मिलेंगे 20 सैटेलाइट सिस्टम जैमर, रक्षा मंत्रालय ने किया समझौता



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

तेजी से बदलते क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य के दौर में बढ़ती तकनीक की ताकत के मध्य भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोतों और अन्य हथियारों की आपात परिस्थितियों में बचाव, मारक क्षमता में आगामी समय में काफी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

कारण, समुद्री बल को आगामी समय में मिलने वाले 20 उन्नत क्षमता वाले ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम जैमर (ईसीजीएनएसएस) हैं। जिनकी खरीद के लिए रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बेंगलुरु की एक कंपनी 'अकॉर्ड सॉफ्टवेयर एंड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड' (एएसएसपीएल) के साथ कुल 449 करोड़ रुपए के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

### 75% स्वदेशी सामग्री शामिल

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस जैमर सिस्टम में 75% स्वदेशी सामग्री शामिल है। जबकि इसकी खरीद मंत्रालय की स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण (बाय इंडिया-इंडिजिनसली डिजाइन्ड, डेवलप्ड एंड मैन्युफैक्चर्ड) श्रेणी के तहत इस समझौते को अमलीजामा पहनाया गया है।

### यह होगा सिस्टम से फायदा

जैमर की मदद से दुश्मन के सैटेलाइट आधारित नेविगेशन सिस्टम से मिलने वाले उपग्रह सिग्नल अधिग्रहण और ट्रैकिंग प्रदर्शन को कम करना और भ्रामक जैमिंग (सिग्नल स्पूफिंग) की जा सकती है। जिससे अत्यधिक चुनौतीपूर्ण माहौल में नौसेना के जहाजों, हेलीकॉप्टरों, पनडुब्बियों और ड्रोन की सुरक्षित आवाजाही का मार्ग प्रशस्त होगा। क्योंकि इसकी कार्यप्रणाली से शत्रु हमेशा भ्रमित रहेगा और उसे कभी भी नौसेना के युद्धक बेड़े की लोकेशन, समय के बारे में सटीक जानकारी नहीं मिलेगी।

## दीर्घकालीन निर्माण का अनुबंध किया

# कानपुर में बनेंगे घातक स्वदेशी ड्रोन, राजस्थान में हुआ परीक्षण

एजेंसी ⏭ कानपुर

भविष्य के युद्धों में ड्रोन और स्वार्म टेक्नोलाजी की बढ़ती जरूरत के बीच कानपुर की ड्रोन कंपोनेंट निर्माण कंपनी बड़ी भूमिका निभाने जा रही है।

स्वदेशी घातक ड्रोन दिव्यास्त्र एमके-1 और एमके-2 के एयरफ्रेम यानी मुख्य ढांचे का निर्माण की जिम्मेदारी शहर की डेटम एडवांस्ड कंपोजिट्स प्रा. लिमिटेड को मिली है। दिव्यास्त्र का निर्माण करने वाली लखनऊ डिफेंस कॉरिडोर की कंपनी कावा यूएवी प्रा. लि. (ब्रांड नाम होवरइट) ने डेटम एडवांस्ड के साथ दीर्घकालीन निर्माण का अनुबंध किया है जिसके तहत हर साल कम से कम 200 एयरफ्रेम का निर्माण किया जाएगा। डेटम एडवांस्ड कंपोजिटस पिछले पांच वर्ष से ड्रोन कंपोनेंट का निर्माण कर रही है।



## चालक दल के 24 भारतीयों में से 21 को बचाया, 3 लापता

# ओमान के पास जहाज सेटेबेलो पर हमले की भारत ने की निंदा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य व उसके आसपास के समुद्री इलाके में वाणिज्यिक जहाजों पर किए जा रहे हमलों का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को ओमान के तट के पास सेटेबेलो नामक एक वाणिज्यिक तेल टैंकर पर हमला हुआ। जिसमें चालक दल के 24 भारतीय नागरिकों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है। 3 अन्य लापता हैं। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर जहाज पर किए गए हमले की इस घटना की निंदा की है।



भारत का ओमान में मौजूद दूतावास इस पूरे हालात पर गंभीरता के साथ निगरानी बनाए हुए है। भारतीय दूतावास ओमान के अधिकारियों के साथ निकटता से समन्वय स्थापित किए हुए है। भारत ने फिर से सभी पक्षों से तनाव को खत्म करने के अपने आह्वान को दोहराया है।

## किसी की पसंद किसी की नापसंद बना भारत का आम

# यूएस-यूके समेत कई देशों को पसंद आया भारतीय आम, जापान-नेपाल को नहीं भाया

### *50 से अधिक देशों में भारतीय आम की मांग*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जापान के बाद अब पड़ोसी देश नेपाल ने भी भारत से आने वाले आम और कई अन्य फलों के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल की बालेन शाह सरकार ने यह कड़ा कदम तब उठाया, जब सीमा पर तैनात संगरोध (क्वारंटाइन) निरीक्षकों ने भारतीय फलों की खेप में खतरनाक रासायनिक कीटनाशकों की मात्रा तय सीमा से काफी अधिक पाई। नेपाल के कृषि और पशुधन विकास मंत्रालय द्वारा लगाया गया यह प्रतिबंध कथित तौर पर अप्रैल-मई से ही लागू है।



### *आम निर्यातको की बढ़ रही चिंता*

*माना जा रहा है कि इस फैसले से गर्मियों के इस मुख्य सीजन में भारत के आम निर्यात को बड़ा झटका लगेगा। इससे भारत की प्रीमियम और लोकप्रिय किस्में जैसे अल्फांसो, दशहरी, चौसा, केसर, लंगड़ा और बंगनपल्ली सबसे ज्यादा प्रभावित होंगी। पिछले माह जापान ने भी भारतीय आम पर रोक लगा दी है। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा आम उत्पादक देश है।*

## अतिरिक्त सैनिक ले जा रहा था हेलिकॉप्टर

# पीओके में पाकिस्तानी सेना का एमआई-17 हेलिकॉप्टर क्रैश सभी 21 लोगों की हुई मौत

### *प्रदर्शनकारियों द्वारा मार गिराने का किया दावा*

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद

पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में भारी तनाव और विरोध प्रदर्शनों के बीच पाकिस्तानी सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर मुजफ्फराबाद के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। इस दर्दनाक हादसे में हेलिकॉप्टर पर सवार सभी 21 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी शामिल हैं। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज़ पब्लिक रिलेशंस के मुताबिक, हेलीकॉप्टर उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हुआ। पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग (इमरजेंसी लैंडिंग) की कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा और हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया।



### *हादसे के कारणों की पुष्टि नहीं हुई*

*सोशल मीडिया पर यह गंभीर दावा किया जा रहा है कि पीओके में उग्र प्रदर्शन कर रहे लोगों ने सेना के इस हेलिकॉप्टर को मार गिराया है। इस दावे की अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। सेना ने हादसे की असली वजह जानने के लिए एक जांच समिति (बोर्ड ऑफ इंक्वायरी) का गठन कर दिया है। यह हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पीओके में पाक सेना और प्रदर्शनकारियों के बीच हिंसक झड़पें चल रही हैं।*

## भारतीय सेना की बढ़ेगी मारक क्षमता

कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में गतिशीलता और सुरक्षा

# अत्याधुनिक ऑटोमैटिक मोर्टार वाहनों की खरीद प्रक्रिया शुरू, चीन-पाकिस्तान सीमा पर होगी तैनाती

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सेना अपनी मारक क्षमता और युद्ध कौशल को और अधिक तेज, सटीक तथा घातक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। आधुनिक युद्ध तकनीकों को अपनाते हुए सेना ने अब मोर्टार स्पेशलिस्ट व्हीकल खरीदने की आधिकारिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ये अत्याधुनिक वाहन युद्ध के मैदान में मोर्टार फायरिंग को पूरी तरह से ऑटोमेटिक (स्वचालित) बना देंगे, जिससे न केवल गोलाबारी की सटीकता और गति में अभूतपूर्व सुधार होगा, बल्कि अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी। वर्तमान समय में भारतीय सेना मुख्य रूप से पारंपरिक मोर्टार प्रणालियों पर निर्भर है। इन मौजूदा प्रणालियों में फायरिंग की सटीकता काफी हद तक क्रू सदस्यों के व्यक्तिगत अनुभव, मैनुअल गणनाओं और भौतिक अनुमानों पर टिकी होती है।


एआई इमेज

### *सटीक होगा निशाना*

*इस पारंपरिक प्रक्रिया में न सिर्फ कीमती समय नष्ट होता है, बल्कि मानवीय चूक की संभावना भी हमेशा बनी रहती है। सेना द्वारा खरीदे जा रहे नए एमएसवी वाहन इस समस्या का पूरी तरह से खात्मा कर देंगे।*

### वाहन की 5 खास विशेषताएं

- **न्यूनतम क्रू :** इस पूरे आधुनिक वाहन और मोर्टार सिस्टम को संचालित करने के लिए मात्र दो सदस्यों की आवश्यकता होगी
- **त्वरित रिस्पॉन्स:** फॉरवर्ड ऑब्जर्वर से लोकेशन मिलते ही वाहन का फायर-कंट्रोल सिस्टम मोर्टार को सही एंगल पर सेट कर देगा
- **फायरिंग की गति:** वाहन को पूरी तरह फायरिंग के लिए तैयार होने में मात्र 20 सेकंड का समय लगेगा
- **मल्टीपल टारगेटिंग:** एक लक्ष्य को भेदने के बाद दूसरे नए लक्ष्य पर दोबारा निशाना साधने में सिर्फ 5 सेकंड लगेंगे
- **क्षमता:** युद्ध की स्थिति के लिए वाहन अपने साथ लगभग 54 मोर्टार राउंड्स ले जाने में सक्षम होगा

प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल को 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दी सौगात

# विधायक पटवा ने औबेदुल्लागंज जनपद में 2 करोड़ 53 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन, कहा- निरंतर बढ़ती रहेगी विकास यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने बुधवार को औबेदुल्लागंज जनपद में 2 करोड़ 53 लख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भोजपुर में सड़क, बिजली एवं पंचायत में 50 करोड रुपए से ज्यादा के विकास कार्य प्रारंभ होंगे। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र औबेदुल्लागंज जनपद को यह सौगात नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के कार्यकाल को 12 वर्ष पूर्ण होने पर दी है।

विधायक पटवा ने कहा यह विकास यात्रा केवल निर्माण कार्यों की नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता निरंतर इसी प्रकार आगे बढ़ती रहेगी।


विधायक सुरेंद्र पटवा का स्वागत करते हुए।

### समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

विधायक पटवा ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को सभी कार्य गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर सहयोग एवं सहभागिता का संकल्प व्यक्त किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ तथा अंत में सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज द्वारा कार्यक्रम की समस्त व्यवस्थाएं सफलतापूर्वक संपादित की गईं।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति चौकसे, जिला भाजपा महामंत्री दीपेंद्र पाल, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, जनपद उपाध्यक्ष सरदार सिंह, कन्हैया नंदवंशी, सुरजीत सिंह गिल, देवेंद्र सिंह राजू, राजेंद्र गुड्डू साहू, सुजीत यादव, माधव यादव, माया राय, राधा कुशवाहा, रामकिशोर चौहान, रामपाल चौहान, बाबूलाल चौहान, दीपू परमार, गजेंद्र नागर, कोमल चौहान, जनपद पंचायत के सदस्य, सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जनपद सीईओ ने पटवा का किया स्वागत

इस अवसर पर जनपद सीईओ निखिलेश कटारे ने विधायक सुरेंद्र पटवा का पुष्प गुच्छा देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक पटवा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा ग्रामीण विकास को नई गति मिलेगी।

### पटवा ने किया अर्जुन नगर में सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन

विधायक सुरेंद्र पटवा ने बुधवा को अर्जुन नगर के वार्ड 10, 11, 12 में 20 लाख रुपए की लागत से डब्ल्यूबीएम सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष, पार्षद सुनील सेरिया, सुजीत यादव, सरोज नागर, भूपेंद्र नागर, सी एम ओ उपस्थित थे।



### खेड़ापति माता मंदिर में पटवा ने की पूजा-अर्चना

विधायक पटवा ने बुधवार को हिरानिया के प्रसिद्ध प्राचीन खेड़ापति माता मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके बाद पौधरोपण किया। इसके बाद वार्ड 10 और 11 में निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया, जिसकी लागत 20 लाख रुपए के लगभग है। वहीं खेड़ापति माता मंदिर समिति ने मंदिर के प्रवेश द्वार बनवाने के लिए ज्ञापन दिया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष डॉक्टर माखन नागर, नरेंद्र शर्मा, योगेश तिवारी, जेपी मिश्रा, रामेश्वर नागर, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर,



माधव यादव, उमेश नागर, पार्षद सरोज नागर, पार्षद राजेंद्र गुड्डू साहू, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम बोरखाड़ी में श्रमदान कर की कुए की सफाई

**औबेदुल्लागंज।** बारिश के जल को धरती के गर्भ में उतारने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ग्राम बोरखाड़ी सेक्टर सुलतानपुर में नवांकुर संस्था के मार्गदर्शन में स्थानीय लोगों ने श्रमदान कर कुआ की सफाई की। विश्व भूगर्भ जल दिवस के अवसर पर ग्राम में पानी को जमीन के अंदर पहुंचाने के प्रयास को लेकर चौपाल का आयोजन किया गया। इस श्रमदान कार्यक्रम में परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार, नवांकुर सेक्टर प्रभारी प्रियंका गौर, समिति अध्यक्ष सुन्दरलाल इमने, महेन्द्र नामदेव सहित अन्य लोगों शामिल थे।

### अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**औबेदुल्लागंज।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा औबेदुल्लागंज मध्य प्रदेश भोपाल मध्य प्रदेश स्तर की मांगे को लेकर बुधवार को नायब तहसीलदार नीलेश सरवटे को ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स एसोसिएशन के संरक्षक जगन्नाथ सिंह राजपूत, अध्यक्ष नवलकिशोर मालवीय, कोषाध्यक्ष, सीताराम मालवीय, सचिव प्रेमनारायण सोनी, उपाध्यक्ष कृष्ण वर्मा, कार्यकारी सचिव अरुण भावसार, संगठन सहसचिव विष्णु सेन, कार्यकारणी सदस्य, ऑडिटर घनश्याम पांडेय सहित पेंशनर्स एसोसिएशन ब्लाक शाखा औबेदुल्लागंज के उपस्थित थे।

### सर्वधर्म ब्रिज की जाली उखड़ने की आयुक्त से की शिकायत

**भोपाल।** शहर के कोलार रोड सिक्सलेन स्थित सर्वधर्म ब्रिज पर सौंदर्यीकरण के लिए लोहे की जालियां लगाई गई हैं। कुछ दिन पहले तेज आंधी से जालियां उखड़ गईं। इसे लेकर कांग्रेस ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को पत्र लिख जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। कोलार कांग्रेस के अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि सौंदर्यीकरण के लिए लगाई गई जालियों में भ्रष्टाचार किया गया है, जो तेज हवा में उखड़ गई। कमिश्नर से निर्माण की जांच, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई के साथ जालियों को तुरंत ठीक करने की मांग की गई है।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2716 | | |
| दिन: | 225 | 95 | 456 |
| रात: | 157 | 31 | 470 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 236 | 10 | 299 |
| रात: | 136 | 09 | 234 |

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया

# बंगाली डॉक्टर ने इलाज के बहाने क्लीनिक में युवती से किया दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिर दर्द का इलाज कराने पहुंची युवती को चढ़ाई ड्रिप, प्राइवेट पार्ट से की छेड़छाड़

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में 55 साल के बंगाली डॉक्टर द्वारा 18 साल की युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। युवती अपने पिता के साथ बंगाली डॉक्टर के पास सिरदर्द का इलाज कराने पहुंची थी। पिता उसे क्लीनिक पर छोड़कर काम से बाहर निकल गए। इसी बीच डॉक्टर ने युवती के साथ अश्लील हरकत करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ कर दी। युवती ने घटना की जानकारी घर पहुंचकर मां को दी। इसके बाद परिजन युवती को लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 18 साल की युवती एक कस्बे में रहती हैं और फर्स्ट ईयर की छात्रा है। उसे सिर में तेज दर्द था। पिता उसे मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास गांव के ही एक बंगाली डॉक्टर के क्लीनिक पर लेकर पहुंचे। उन्हें काम था और बेटी को डॉक्टर के क्लीनिक पर छोड़कर चले गए। बंगाली डॉक्टर ने युवती को ड्रिप लगाई और इलाज के दौरान उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ कर दी। पिता अपने काम निपटाकर क्लीनिक पर पहुंचे और बेटी को लेकर घर चले गए। घर पहुंचने पर बेटी ने मां को आपबीती सुनाई। इसके बाद मां-पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

### घर पर चलाता है क्लीनिक

पुलिस ने बताया कि आरोपी मूलतः बंगाल का है और सूखीसेवनिया के एक कस्बे में किराए से रहता है। वह किराए के मकान में क्लीनिक चलाता है और ग्रामीणों का इलाज करता है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया, वहां से जेल भेज दिया गया।

## खुद को अविवाहित बताकर होटल में मेकअप आर्टिस्ट से किया दुष्कर्म

मंगलवारा थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में मेकअप आर्टिस्ट से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को अविवाहित बताकर पहले उसे प्रेमजाल में फंसाया था फिर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने मेकअप आर्टिस्ट की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 30 साल की दलित महिला मूलतः बैतूल जिले की रहने वाली है और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती हैं। इन दिनों वह भोपाल में रह रही है।


मनीष रघुवंशी, आरोपी

### इंस्टाग्राम पर हुई दोस्ती

पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मार्च-अप्रैल 2024 में उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर मंडीबामौरा निवासी मनीष रघुवंशी से हुई थी। फिर शादी का प्रलोभन दिया और मिलने के लिए भोपाल आया था। वहां से लेकर कान्हा फन सिटी ले गया। घूमने के बाद मंगलवारा स्थित होटल में लेकर पहुंचा और वहां शारीरिक संबंध बनाए। उसने खुद को कुंवारा बताया था और कहा था कि जल्द ही शादी कर लेंगे। उसने दोबारा संबंध बनाने का कहा। इस पर मेकअप आर्टिस्ट ने कहा कि पहले शादी कर लो। वह विदिशा लौट गया और बातें करनी बंद कर दी। मेकअप आर्टिस्ट ने मनीष के बारे में जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह शादीशुदा है और एक बच्चे का पिता है। इसके बाद पुलिस को शिकायत की।

# 1800 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित हो रही ब्रह्मा परियोजना का पटवा ने किया निरीक्षण

### अत्याधुनिक उत्पादन इकाई अगले 18 माह में पूर्ण होकर उत्पादन प्रारंभ करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पटवा ने भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उमरिया में आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त बनाने वाली, लगभग 1800 करोड़ की लागत से 60 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में निर्मित हो रही ब्रह्मा परियोजना का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने निर्देशित भी किए। ज्ञात हो कि इस परियोजना का भूमिपूजन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ था। यह अत्याधुनिक उत्पादन इकाई आगामी 18 माह में पूर्ण होकर उत्पादन प्रारंभ करेगी।


बीईएमएल रेल परियोजना का निरीक्षण करते विधायक सुरेंद्र पटवा।

### क्षेत्र युवाओं को मिलेगा रोजगार

क्षेत्र के लगभग 3000 से 4000 युवाओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह परियोजना क्षेत्र के औद्योगिक विकास, आर्थिक सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी। इस दौरान वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, सुरजीत सिंह गिल, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, देवेंद्र सिंह राजू, माधव यादव, नरेश सेठी, गजेंद्र नागर, कमल चौहान, जीतू नंदवंशी, पवनजोत सिंह, लखविंदर सिंह, मनोज चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अस्पताल के बेड पर बैठा बुजुर्ग गिरा, इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल के पलंग से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह एक्सीडेंट में घायल हुए बेटे की देखरेख करने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान बेड पर बैठे-बैठे गिर गए। अस्पताल में इलाज के बाद उन्हें भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल रेफर किया गया। वहां दो दिन चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रमेश सिंह 61 मूलतः छिंदवाड़ा के रहने वाले हैं।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शर्मा ने साधना सिंह को दी जन्मदिन की बधाई


भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयप्रकाश शर्मा साधना सिंह को बधाई देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जयप्रकाश शर्मा ने अखिल भारतीय किरार महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, सभी कार्यकर्ताओं का एक परिवार के सदस्य की तरह ध्यान रखने वाली मातृत्व की प्रतिमूर्ति साधना सिंह चौहान को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## चलते ट्राले में पीछे से जा घुसा स्कूटर सवार, हुई मौत

**भोपाल।** परवलिया थाना क्षेत्र स्थित मुबारकपुर-परवलिया सड़क पर उप सरपंच चाय की दुकान के सामने बुधवार सुबह चलते ट्राले के पीछे स्कूटर टकराने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ट्राला जब्त कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार शनि केवड़ा पिता दिलीप केवड़ा (20) शांति नगर, गांधी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। बुधवार सुबह वह अपनी स्कूटर से मुबारकपुर परवलिया सड़क से होता हुआ गुजर रहा था। उप सरपंच चाय की दुकान के पास पहुंचते ही वह सामने चल रहे ट्राले में पीछे से जा घुसा। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसकी मौत हो गई।

पूज्य सिंधी पंचायत के 21 जून को होंगे चुनाव

## पंचायत चुनाव में नहीं चलेगी सर्वसम्मति नामांकन लेने की शुरू हुई प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संतनगर की सभी बड़ी चार हजार सदस्यों वाली सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के चुनाव में सर्वसम्मति होती नहीं दिखाई दे रही है। वहीं बुधवार से नामांकन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अध्यक्ष पद के लिए पहला नामांकन राज मनवानी ने लिया है। नामांकन वापस लेने की 12 जून की तारीख़ तय है।

पंचायत के 12 पदों के लिए चुनाव 21 जून को संपन्न होगें और उसी दिन परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत के त्रिवार्षिक चुनाव 2026 के फार्म वितरण की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है, जिसमें पहला फॉर्म अध्यक्ष पद के लिए राज मनवानी ने लिया। इस अवसर पर चुनाव कार्यालय में चुनाव अधिकारी बसंत चेलानी, सह चुनाव अधिकारी धर्म प्रकाश मोटवानी, आयलदास साधवानी, कन्हैयालाल मोटवानी, पुरुषोत्तम टिलवानी, दिलीप मंगतानी, लक्ष्मणदास वासवानी, राजन धनवानी उपस्थिति थे।


नामांकन फार्म लेते हुए प्रत्याशी।

## श्रद्धा से मनाई जा रही है साध्वी द्रौपदी धनवानी की बरसी, कल आएंगे कथाकार चमनजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

अपना संपूर्ण जीवन ब्रह्मचर्य जीवन जीते हुए मानव सेवा एवं गुरु ग्रंथ साहिब व गुरु नानक देव जी की आराधना में लीन कर देने वाली ब्रह्मलीन साध्वी द्रोपती धनवानी दीदी की 12 जून शुक्रवार को द्वितीय बरसी श्रद्धा पूरक मनायी जाएगी। साध्वी की परम शिष्य सोनी लालवानी ने बताया वैसे इसके लिए कार्यक्रम 9 जून से ही प्रारंभ हो गए है। चार दिन तक रोज शाम 5 बजे 108 संगत मिलकर श्री सुखमनी साहिब का पाठ कर रहे हैं, जबकि 12 जून को अमृतवेले 5:30 बजे दिल्ली से विशेष रूप से सत्संग एवं प्रवचन देने के लिए कीर्तनकार एवं कथाकार चमनजीत सिंह यहां पधारेंगे एवं 7 बजे तक उनका कीर्तन एवं प्रवचन चलेंगे। 7:30 बजे भोग साहिब होगा। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर होगा। बता दे कि यह संत नगर की ही नहीं, बल्कि राजधानी का एकमात्र ऐसा गुरुद्वारा है जिसका पूरा संचालन महिलाओं के हाथों में है और यह 24 घंटे सुखमनी साहिब जी का पाठ साहिब होता है।



पास ही पड़ा मिला टूटा मोबाइल, प्रेम प्रसंग का अनुमान

पुलिस मामले की जांच में जुटी, निकलवा रही सीडीआर

# रोटी बना रही 17 साल की नाबालिग ने फांसी लगाई, पास रखी मिलीं गर्भनिरोधक गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र में 17 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस को घटनास्थल से टूटा हुआ कीपेड मोबाइल और अंदर पत्थर के स्लैब पर गर्भनिरोधक गोली का पत्ता मिला है। अनुमान है कि किशोरी ने प्रेम प्रसंग में यह कदम उठाया है। पुलिस ने टूटा हुआ कीपेड मोबाइल जब्त किया है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।

पुलिस के अनुसार 17 साल की किशोरी थाना क्षेत्र में रहती थी। उसके पिता एमपी नगर के एक होटल में कुक का काम करते हैं। पिता का मां से काफी समय पहले तलाक हो चुका है। पिता के साथ 17 साल की किशोरी अपने छोटे भाई और बहन के साथ रह रही थी। छोटे भाई ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम दीदी ने उसे पास्ता बनाकर खिलाया। इसके बाद वह बहन के साथ बाहर खेलने चला गया। दीदी अंदर वाले कमरे में रोटी बना रही थी। उसने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया।

काफी आवाज देने के बाद भी उसने दरवाजा नहीं खोला। रात करीब 11 बजे पिता काम से घर लौटे और पिता ने दीवार में गड्ढा कर अंदर से दरवाजे की कुंदी खोली। इस दौरान नाबालिग फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

### अक्सर कमरे में खुद को कर लेती थी बंद

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि नाबालिग को गुस्सा बहुत आता था। वह अक्सर खुद को कमरे में बंद कर लेती थी। बाद में कमरा खोल दिया करती थी। मंगलवार को भी उसने खुद को कमरे में बंद कर लिया था।

### प्रेम प्रसंग का अनुमान

प्राथमिक जांच में पुलिस को मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है। दरअसल, पिता ने बेटी को मोबाइल नहीं दिया था। इसके बाद भी उसके पास कीपेड मोबाइल आ गया। साथ ही कमरे में पत्थर वाले स्लैब पर गर्भनिरोधक गोली का पत्ता मिला है। पुलिस ने किशोरी का पीएम कराते हुए शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। शार्ट पीएम रिपोर्ट में किशोरी के गर्भवती होने की पुष्टि नहीं हुई है।

शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

# एआई के जमाने में शिक्षक बच्चों को कुछ नया सिखाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में साधु वासवानी व मुकिता इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिकाओं का शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में सर्वप्रथम विद्यालय के महासचिव कन्हैयालाल रामनानी ने शिक्षक उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यशाला पर विचार रखते हुए बताया कि मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत सिद्ध भाऊ हमारे बीच उपस्थित हुए हैं। सिद्ध भाउ ने बताया कि बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करने के लिए हमें बच्चों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि बच्चों को प्यार की भाषा समझ में आती है साथ ही उनकी तारीफ करें। इससे बच्चे स्वाभिमानी बनते हैं। साथ उन्हें टाईम टेबिल बनाने के लिए प्रेरित करें। इससे उनके समय का सद्पयोग होगा।


कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक।

कार्यक्रम में सुधार सभा के अध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी ने बताया कि संतजी की कृपा से शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत कार्य हुए हैं। विद्यासागर पब्लिक स्कूल की पूर्व उप प्राचार्या जयश्री मूर्ति ने कहा कि आज का युग आटिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का युग है, शिक्षा लगातार सीखने की प्रक्रिया है। विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जायसवाल ने आए हुए अतिथियों का उनके आभार व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**

## पूर्व मंत्री जयवर्धन ने की मदद, घायल को लेकर पहुंचे अस्पताल



**भोपाल।** कांग्रेस विधायक विपिन जैन सड़क हादसे में घायल हो गए। हादसा शहर के 74 बंगला क्षेत्र में हुआ। विधायक अपने सरकारी निवास से कांग्रेस कार्यालय के लिए रवाना हुए थे। दुर्घटना में विधायक के साथ उनके पीएसओ को भी चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार विधायक अपने सरकारी निवास से कांग्रेस कार्यालय जाने के लिए निकले थे, तभी एक ऑटो दुर्घटनाग्रस्त हो गया और हादसा हो गया। पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह ने घायल विपिन जैन को अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में खुद मौजूद रहकर उन्होंने विपिन जैन का इलाज कराया।

## एफपीपीएएस में 3.91 प्रतिशत की कटौती

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के डेढ़ करोड़ से अधिक बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बिल में मामूली राहत मिलने जा रही है। मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) में 3.91 प्रतिशत की कमी करने का फैसला लिया है। नई दरों का लाभ 24 मई के बाद जारी होने वाले बिजली बिलों में मिलेगा। कंपनी द्वारा जारी आदेश के अनुसार 24 मई से 24 जून 2026 की अवधि के लिए नई दरें लागू की गई हैं।

## 5.39 करोड़ हितग्राहियों को निःशुल्क खाद्यान्न आवंटित

**भोपाल।** मप्र में दिसम्बर 2023 से लेकर अभी तक में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 5.39 करोड़ से अधिक पात्र हितग्राहियों को कुल 24,209 करोड़ रुपए का 74.31 लाख मीट्रिक टन निः शुल्क खाद्यान्न वितरित किया गया है।
खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित राशन सामग्री के परिवहन करने वाले 896 परिवहनकर्ताओं एवं 27,872 दुकानों के कमीशन देयकों का प्रतिमाह लगभग 40 करोड़ रुपए का भुगतान ऑनलाईन किया जा रहा है।

## वन कर्मचारियों को दिया जाए उच्च स्तर का प्रभार

**भोपाल।** मप्र वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर वन विभाग के कार्यपालिका वन कर्मचारियों को कार्यवाहक प्रभाव देने की मांग की है। मंच के प्राताध्यक्ष अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया कि वन विभाग के कर्मचारियों को न्यायालय आदेश होने के बावजूद भी उच्च स्तर एवं कार्यवाहक प्रभार नहीं दिया जा रहा है। इस कारण वन कर्मचारी में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। कर्मचारी मंच की मांग है कि वन विभाग में वन कर्मचारियों को उच्च स्तर का कार्यवाहक प्रभार तत्काल देने के वन विभाग शासन से आदेश प्रसारित किए जाएं।

---

### नटराजन का नामांकन खारिज होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने साधा कांग्रेस पर निशाना

# आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का जानबूझकर किया गया षड्यंत्र

**कांग्रेस ने हार से बचने के लिए अपने प्रत्याशी के शपथ-पत्र में गलत जानकारी दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन खारिज होने के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कांग्रेस ने राज्यसभा में हार से बचने के लिए जानबूझकर अपने प्रत्याशी के नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत शपथ-पत्र में गलत जानकारी दी। राज्यसभा की रिक्त हो रही उस सीट पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की नजर थी। 10-10 चुनाव लड़ चुके कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मीनाक्षी नटराजन का नामांकन दाखिल कराने में शामिल थे। आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाना कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा किया गया जानबूझकर षड्यंत्र है। कांग्रेस को अपने विधायकों पर भी भरोसा नहीं था, इसलिए विशेष विमान से उन्हें दूसरे प्रदेश में ले जा रहे थे। नामांकन निरस्त होने के बाद कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ चुकी है।


डॉ. मोहन यादव

### कांग्रेस को आत्मंथन की जरूरत

डॉ. मोहन ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने छिंदवाड़ा सीट के साथ प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर इतिहास बनाया है, तब भी इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान छोड़ दिए थे। कांग्रेस को अपने अंदर झांककर देखने और आत्ममंथन की जरूरत है। कांग्रेस को प्रत्याशी चयन से पहले उसके आपराधिक प्रकरण, आपराधिक पृष्ठभूमि की पड़ताल कर लेना चाहिए था। बता दें कि भाजपा ने मल्लाह, माझी समाज से आने वाले कार्यकर्ता महेश केवट को राज्यसभा जाने का मौका दिया है।

### कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं: खंडेलवाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विधायक ही उनके साथ नहीं हैं। कांग्रेस के आधे विधायक भी उनके साथ विमान से नहीं जा रहे थे तो यह कांग्रेस पार्टी की गलती है। कांग्रेस ने नामांकन-पत्र में गलत जानकारी दी, यह कांग्रेस पार्टी और उनकी प्रत्याशी की गलती है या जानबूझकर अपराध को छिपाया गया, यह कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट करना चाहिए। कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी ने जिस प्रकार से आपराधिक प्रकरण की जानकारी छिपाई है, उस तरह की जानकारी छिपाने पर दो साल से अधिक की सजा का प्रावधान है। कांग्रेस प्रत्याशी शपथ-पत्र में पूरी जानकारी नहीं दे रहीं हैं, इसकी वजह से नामांकन-पत्र निरस्त हुआ है।


हेमंत खंडेलवाल

### धमकी और गाली-गलौज में बदला कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन : शर्मा


रामेश्वर शर्मा

रामेश्वर ने कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन पर दी तीखी प्रतिक्रिया

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामेश्वर शर्मा ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर आयोजित धरना-प्रदर्शन पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। भाजपा विधायक शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन धमकी व गाली-गलौज में बदल गया। जिस प्रकार की ओछी भाषा का प्रयोग कांग्रेस के नेताओं द्वारा धरना-प्रदर्शन में किया गया, इससे परिलक्षित होता है कि कांग्रेस क्या करना चाहती है। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की प्रति लेकर कांग्रेस नेता धरना-प्रदर्शन में जिस तरह से गुंडागर्दी, बदतमीजी और ओछी भाषा का प्रयोग कर कर रहे हैं, यह संविधान का भी अपमान है।

---

### सीएम हेल्पलाइन में पेंडिंग शिकायतों पर निगम आयुक्त का कड़ा रुख

# योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त उपायुक्त व अधीक्षक को नोटिस

***उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने, जोन-19 के जोनल अधिकारी के विरूद्ध विभागीय जांच एवं नोटिस जारी करने के दिए निर्देश***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण को लेकर सख्त रूख अपनाते हुए शिकायतों का निराकरण न करने पर योजना प्रकोष्ठ के अपर आयुक्त, उपायुक्त तथा उद्यान शाखा की सहायक उद्यान अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

जबकि उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने व जोन-19 के जोनल अधिकारी को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने यह निर्देश बुधवार को निगम मुख्यालय में समय सीमा प्रकरणों एवं निगम कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए। जैन ने उद्यान विभाग से संबंधित शिकायतों को बिना स्थल निरीक्षण व सत्यापन किए निराकृत दर्शाने पर उद्यान विभाग की सहायक उद्यान अधीक्षक ममता ब्रह्मे को नोटिस जारी करने एवं जोनल अधिकारी जोन-19 को नोटिस जारी कर विभागीय जांच करने, उद्यान सुपरवाइजर का 10 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### आदमपुर छावनी प्रोसेसिंग प्लांट पहुचाएं सामग्री

निगम आयुक्त जैन ने वर्षा पूर्व नाला सफाई अभियान के तहत नाला-नालियों की सफाई का कार्य तेज गति से पूरा करने और सफाई के दौरान निकले गाद, मिट्टी, मलमे आदि को उठवाने तथा नाला सफाई कार्य की सूक्ष्मता से मॉनीटरिंग स्वच्छता के लिए नियुक्त सहायक नोडल अधिकारी द्वारा करने, सीएंडडी वेस्ट आदमपुर छावनी स्थित प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचाने के निर्देश दिए।

**निगम मुख्यालय में बैठक**

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को आसान तरीके से पहुंचाएं: आयुक्त


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देतीं निगम आयुक्त संस्कृति जैन।

नगर निगम के मुख्यालय अटल भवन में बुधवार को निगम आयुक्त ने 12, 15 और 16 जून 2026 को लगने वाले जनकल्याणकारी शिविरों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इन शिविरों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को सुलभ तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजनों का प्रचार-प्रसार करने व शिविरों के संबंध में संबंधित क्षेत्र के विधायकों को सूचना देने, शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने और आवेदनों को निर्धारित प्रारूप में प्राप्तकर सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपलोड कराने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार आदि उपस्थित थे।

---

### मप्र में बस किराया बढ़ाने की तैयारी अगले सप्ताह होगी अहम बैठक

**भोपाल।** मप्र में सार्वजनिक यात्री बसों का किराया बढ़ सकता है। करीब पांच वर्ष बाद बस किराए में संशोधन की तैयारी शुरू हो गई है। इस संबंध में अगले सप्ताह किराया निर्धारण समिति की बैठक मंत्रालय में होने जा रही है, जिसमें किराया वृद्धि के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार हुई बढ़ोतरी के बाद बस संचालक किराया बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। बस संचालकों का कहना है कि बढ़ती लागत के कारण वर्तमान किराया व्यवस्था में संचालन करना कठिन होता जा रहा है। प्रारंभिक चर्चाओं के अनुसार बस किराए में लगभग 20 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव विचाराधीन है। वर्तमान व्यवस्था में पहले किमी के लिए न्यूनतम किराया सात रुपए निर्धारित है।

---

### कैबिनेट मंत्री सिंह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

# कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का मंत्री सिंह ने किया समाधान



मंत्री सिंह ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का निराकरण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

---

### संभाग कमिश्नर ने की राजस्व केसों की समीक्षा

# एक माह में खत्म होगी नामांतरण सीमांकन और बंटवारे की पेंडेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



तहसील दफ्तरों में नामांतरण, सीमांकन, बंटवारे और अन्य राजस्व से जुड़े केसों की पेंडेंसी को एक महीने में खत्म किया जाए, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके। जिसके लिए अफसरों को रोजाना सुनवाई करना पड़े तो की जाए।

यह बात बुधवार को संभाग कमिश्नर संजीव सिंह ने जिला कलेक्टर्स से कही।उन्होंने हिदायत देते हुए अफसरों से कहा कि लोकसेवा गारंटी के कामों को भी टाइम लिमिट में निपटाया जाए।

---

# देरी से चल रहे प्रोजेक्ट पर हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष नाराज, कहा- इसकी जिम्मेदारी तय की जाए

***गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरे किए जाएं हाउसिंग बोर्ड के रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट: ओम जैन***

***हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रदेश के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की***


बैठक में अधिकारियों से चर्चा करते जैन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एमपी हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंडल के सभी रिडेंसिफिकेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा की। तीन घंटे चली मैराथन बैठक में अध्यक्ष ओम जैन और बोर्ड कमिश्नर गौतम सिंह ने सभी प्रोजेक्ट पर बारीकी से बात की। बैठक के दौरान कई प्रोजेक्ट की देरी पर उन्होंने मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिडेंसिफिकेशन योजना के अंतर्गत सभी कामों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। साथ ही निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विलंब से चल रही योजनाओं पर नाराजगी व्यक्त की।

### विलंब से चल रही योजनाओं की रिपोर्ट बनाई जाएगी

जैन ने कहा कि विलंब से चल रही योजनाओं की एक रिपोर्ट बनाई जाए और जिम्मेदारी तय हो। कमिश्नर गौतम सिंह ने निर्देश दिए कि जहां देरी हुई है वहां अनुबंध के अनुसार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। गौतम सिंह ने कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए। बैठक में मंडल आयुक्त गौतम सिंह, अपर आयुक्त महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपायुक्त एवं कार्यपालन यंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

---

### मुख्यमंत्री बैठक में शामिल होने दिल्ली पहुंचे

# नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज दिल्ली में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय नीति आयोग की 11वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज 11 जून को नई दिल्ली में होने जा रही है। बैठक का विषय '2047 तक विकसित भारत के लिए समावेशी मानव विकास' रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अति महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए एक दिन पहले ही नई दिल्ली पहुंच गए।

नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की इस बैठक में राज्यों के मुख्यमंत्री और उप राज्यपाल एक साथ मिलकर समावेशी मानव विकास प्रारूप पर चर्चा करेंगे। बैठक मुख्यतः 'मूलभूत मानव पूंजी और भविष्य के लिए तैयार कौशल', 'उत्पादक रोजगार, उद्यमिता और विकेंद्रीकृत विकास', 'स्वास्थ्य, पोषण और कल्याण' एवं 'सभी के लिए समानता और गरिमा' से जुड़े विषयों पर केन्द्रित रहेगी। बैठक में देश भर में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल विकास को बढ़ाने और स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल, प्रशासक, केंद्रीय मंत्री पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और मुख्य कार्यकारी अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में समावेशी मानव विकास प्रारूप पर चर्चा की जाएगी।

---

### दो से अधिक संतान के नियम को किया समाप्त

# मप्र सरकार के ऐतिहासिक निर्णय पर डॉ. यादव का आभार: मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र शासन की कैबिनेट द्वारा शासकीय कर्मचारी एवं अधिकारियों से संबंधित 'दो से अधिक संतान' नियम को समाप्त किए जाने के निर्णय का कर्मचारी एवं अधिकारी वर्ग ने स्वागत किया है।

मध्यप्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ एवं अजाक्स संगठन के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा राज्य मंत्रिपरिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय कर्मचारी एवं अधिकारी हित में एक मानवीय एवं न्यायसंगत कदम है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 के बाद लागू किए गए उस नियम के कारण अनेक कर्मचारी एवं अधिकारी मानसिक, सामाजिक एवं



प्रशासनिक परेशानियों का सामना कर रहे थे, जिसमें दो से अधिक संतान होने पर शासकीय सेवा से पृथक करने अथवा शासकीय नौकरी के लिए अपात्र घोषित करने का प्रावधान था।

---

### सभी प्रतिभागियों को सम्मानित कर किया गीत का पुनः प्रस्तुतिकरण

# 90 छात्रों ने गाया कुहू कुहू बोले कोयलिया...बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वरशाला की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वर शाला के 90 विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से गाए गए अत्यंत जटिल गीत कुहू कुहू बोले कोयलिया, को लंदन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा वर्ल्ड रिकॉर्ड का दर्जा दिया गया है। बीते दिनों एक होटल सेलिब्रेशन में आयोजित कार्यक्रम में स्वर शाला के संगीत गुरु अनूप श्रीवास्तव ने सभी 90 प्रतिभागियों को अवॉर्ड प्रदान किया। इसके साथ ही वर्ल्ड रिकॉर्ड के अधिकारियों ने एक कार्यक्रम में इस अवॉर्ड को प्रदान किया।

### चार राग का समन्वय

अनूप श्रीवास्तव के अनुसार फिल्म स्वर्ण सुंदरी का यह गीत विशुद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत पर आधारित है, जिसमें चार प्रमुख रागों- राग सोहनी, राग बहार, राग जौनपुरी और राग यमन का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। गीत का मुखड़ा राग सोहनी से प्रारंभ होकर राग यमन पर समाप्त होता है।

---

### बीएमएचआरसी, भोपाल में टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जनभागीदारी आवश्यक: डॉ. रूबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



आईसीएमआर-बीएमएचआरसी के श्वसन रोग विभाग एवं टी.बी. उन्मूलन कोर समिति द्वारा बुधवार को टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों के बीच क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूकता बढ़ाना, शीघ्र निदान, उपचार अनुपालन तथा राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के विभिन्न आयामों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में जिला टीबी अधिकारी डॉ. रूबी खान, गांधी मेडिकल कॉलेज के श्वसन रोग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. विश्वास गुप्ता तथा स्टेट टीबी ट्रेनिंग एंड डेमोंस्ट्रेशन सेंटर, मध्यप्रदेश की प्रशिक्षण प्रभाग की प्रभारी डॉ. नीलम धवन उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर बीएमएचआरसी के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनुराग यादव, श्वसन रोग विभाग के प्रमुख डॉ. ललित कुमार, प्रोफेसर डॉ. महेश राठौड़ तथा सहायक प्रोफेसर डॉ. अंकिता राय चौकसे भी उपस्थित रहे। जिला टीबी अधिकारी डॉ. रूबी खान ने कहा कि ड्रग रेजिस्टेंट टीबी (एमडीआर-टीबी) वर्तमान में बड़ी चुनौती है।

---

### लोक निर्माण मंत्री सिंह ने दिए कार्रवाई के आदेश

### जिलों में रेंडम आधार पर 35 निर्माण कार्यों का किया था निरीक्षण

# घटिया काम पर 8 ठेकेदार ब्लैकलिस्ट 29 प्रोजेक्ट में सुधार के सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लोक निर्माण विभाग ने बड़ा एक्शन लिया है। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर हुए औचक निरीक्षण में घटिया काम करने वाली 8 निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। साथ ही 29 निर्माण कार्यों में पाई गई कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग के मुख्य अभियंताओं के 7 विशेष निरीक्षण दलों ने रायसेन, सिवनी, दतिया, बड़वानी, शहडोल, रतलाम और पन्ना जिलों में रैंडम आधार पर 35 निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इसमें निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके दोनों तरह के काम शामिल थे। गुणवत्ता, प्रगति, तकनीकी मानकों और रखरखाव की स्थिति जांची गई।



### कौन-कौन हुआ ब्लैकलिस्ट

- **शहडोल:** मेसर्स आशीष गुप्ता को मुख्य अभियंता रीवा परिक्षेत्र ने काली सूची में डाला।
- **पन्ना:** असंतोषजनक गुणवत्ता पर मेसर्स आर.के. ट्रेडर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, पन्ना ब्लैकलिस्ट।
- **छतरपुर:** करिया से महोदकला सड़क निर्माण में गंभीर कमी पर मेसर्स कुमार कंस्ट्रक्शन कंपनी पर कार्रवाई। संबंधित उपयंत्री को नोटिस।
- **पन्ना:** मेसर्स आर.एस. इन्फ्रा, सतना के विरुद्ध ब्लैकलिस्टिंग के निर्देश।
- **रायसेन:** मेसर्स जगदीप सिंह एंड कंपनी, उत्तर प्रदेश; मेसर्स चौधरी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, भोपाल और मेसर्स शशि कंस्ट्रक्शन कंपनी, मुरैना को कालीसूची में दर्ज करने आदेश।
- **सिवनी:** धनोरा के गवर्नमेंट एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल के निर्माण में अनियमितता पर मेसर्स बी.आर. गोयल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इंदौर ब्लैकलिस्ट।

### कंसल्टेंट और अफसरों पर भी गिरी गाज

सिवनी जिले के धनोरा स्कूल प्रोजेक्ट में गंभीर अनियमितताओं पर वर्तमान व तत्कालीन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े कंसल्टेंट आईक्यूटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री राकेश सिंह ने साफ किया है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। दोषी एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# ‘अगरबत्ती’ में सुलगी फूलन देवी की याद: जाति, सत्ता और सवालों का धुआं

## स्मरण हबीब रंग आलाप के तीसरे दिन बेहमई से उठकर मंच तक पहुंचा इतिहास


नाटक के दौरान बाल विधवाओं के पात्र का मंचन करतीं बाल कलाकार-युवतियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम थियेटर ग्रुप द्वारा रवींद्र भवन में चल रहे 22वें स्मरण हबीब रंग आलाप नाट्य महोत्सव के तीसरे दिन आशीष पाठक लिखित और स्वाती दुबे निर्देशित नाटक ‘अगरबत्ती’ का मंचन हुआ। यह सिर्फ नाटक नहीं, बेहमई हत्याकांड से लेकर आज तक के अनुत्तरित सवालों का मंचीय दस्तावेज था। निर्देशक स्वाती दुबे के अनुसार अगरबत्ती, उसी गंभीर विमर्श को दोबारा पैदा करने का प्रयास है जो फूलन देवी और बेहमई कांड ने खड़ा किया था। सामंतवाद, पितृसत्ता और जातिगत अत्याचार का फफोला फूलन के आत्मसमर्पण और जेल यात्रा के बाद भी फूटा नहीं। राजनीति ने घटना और जातीय समीकरणों को अपने पक्ष में भुनाया, पर सवाल आज भी अनुत्तरित हैं।


नाटक अगरबत्ती के दौरान मंचन करते कलाकार।

### नाटक की जमीं वही कब्र, जहां फूलन की कथा दफनाई

नाटक वास्तविक घटना और भूगोल के धरातल पर काल्पनिक पात्रों के ताने-बाने से रचा गया है। सांसद बनने के बाद फूलन देवी की हत्या जातीय प्रेरणा से हुई, इसी प्रश्न को फिर से उठाना और विमर्श को केंद्र में लाना नाटक का उद्देश्य है। नाटक की जमीन वही कब्र है जहां फूलन की कथा दफनाई गई थी। वहीं से नाटक के नौ पात्र बनकर निकलते हैं। आपसी उठापटक और संघर्ष के साथ वो दुर्लभ सत्य तक पहुंचने की कोशिश करते हैं।

जातीय प्रेरणा से हुई फूलन की हत्या

### न कोई हीरो है, न विलेन

मंच पर न कोई हीरो है, न विलेन। एक तरफ सत्ता का शीर्ष है जहां तीव्र भावुकता राजनीतिक उपकरण बन जाती है। दूसरी तरफ गांव, जाति और बंदूक की नोंक पर लिखा गया इतिहास है। अगरबत्ती यहां प्रतीक है जलती है, खुशबू देती है, पर धुआं भी छोड़ती है। सवाल यह है कि हम खुशबू लेते हैं या धुएं से आंख चुराते हैं। स्वाती दुबे ने नाटक को पारंपरिक कथानक में नहीं बांधा। बैकग्राउंड में लगातार बेहमई की महिलाओं की आवाजें गूंजती हैं। प्रकाश संयोजन में लाल और स्याह रंगों का इस्तेमाल सत्ता और खून के द्वंद को रचता है।

13 राज्यों के जनजातीय नृत्यों की प्रस्तुति के साथ हुआ पांच दिवसीय महुआ महोत्सव का समापन

# सिंग्गीछाम से रणपा तक, लोक-संस्कृति के रंगों में डूबी महुआ महोत्सव की अंतिम संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के तेरहवें वर्षगांठ समारोह महुआ महोत्सव की समापन संध्या में जनजातीय परम्परा और संस्कृति की अद्भुत छटा देखने को मिली। जिसमें शाम की बेला का शुभारंभ वंदना मिश्रा एवं साथी, प्रयागराज द्वारा अवधी रामा-रामा रटते रटते बीती रे उमरिया..., तोहर देहिया ई माटी के मकान बा..., राम को देख कर श्रीजनक नंदिनी..., घर घर बजत बधईया अयोध्या मा सोहर हो..., जैसे कई गीतों और भजनों की प्रस्तुति से हुआ।




लोकनृत्य की प्रस्तुति देते जनजातीय कलाकार।

### हिम शेर को समर्पित सिंग्गीछाम नृत्य

इसके बाद सिक्किम के कलाकारों द्वारा सिंग्गीछाम नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जो मुख्यतः हिम शेर को समर्पित प्रस्तुति है, इसकी अगली कड़ी में राजस्थान के कलाकारों ने गैर नृत्य की प्रस्तुति दी। राजस्थान के इस लोक नृत्य को मुख्य रूप से होली के अवसर पर किया जाता है।



### छोटी छड़ी पकड़ कर किया जाता गुदुमबाजा

वहीं मुरारी लाल भार्वे ने गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुत दी, जो गोण्ड जनजाति की उपजाति ढुलिया का पारम्परिक नृत्य है। उदय कुमार एवं साथी, तेलंगाना राज्य के माथुरी नृत्य की प्रस्तुत दी। गोंड जनजाति और कोप्पू लम्बाडिस द्वारा किया जाने वाला इस नृत्य में छोटी छड़ी पकड़ कर नृत्य किया जाता है।

### गैर और गोंड जनजातीय सैला नृत्य ने मोहा मन

राजस्थान का गैर नृत्य और गोंड नृत्य सैला की प्रस्तुति ने दिल छू लिया, वहीं जुलियट लालियंटलुआंगी एवं साथी ने मिजोरम का चैराव बैम्बू नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं।



### बांस पर संतुलन बना हुआ रणपा नृत्य

कार्यक्रम की अगली प्रस्तुति में निरंजन साहू व साथियों ने उड़ीसा के रणपा नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं बृजभान मरावी एवं साथी, (उ.प्र) द्वारा झूमर नृत्य की प्रस्तुति दी। एक घेरा बनाकर पारंपरिक आभूषणों और चमकदार चमकीले परिधानों में किए जाने वाले इस नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा।

# इंजीनियरिंग छोड़ चुना अभिनय, किरदार को जीकर जीता दर्शकों का दिल...

» ‘ठुकरा के मेरा प्यार’ सीजन 2 की प्रेस वार्ता में आए लीड कास्ट धवल ठाकुर और संचिता बसु ने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैं इंजीनियरिंग कर रहा था और उसके सेकंड ईयर में मुझे लगा कि मुझे एक्टिंग करना चाहिए और फिर इसके बाद मैंने एक्टिंग की वर्कशॉप्स ली, कई बार ऑडिशन दिए और उसके बाद मैंने कास्टिंग डायरेक्टर का भी किरदार निभाया, क्योंकि जब आप रोल को कास्ट करते हो तो आप समझ जाते हैं कि किरदार को जीने के लिए किन चीजों की आवश्यकता है, बस इसी को ध्यान में रखकर मैंने अपना किरदार निभाया, जिसे दर्शकों का अपार प्यार मिला।

यह कहना है ‘ठुकरा के मेरा प्यार’ के लीड कास्ट धवल ठाकुर का, जो बुधवार को होटल हयात में आयोजित प्रेस वार्ता में बोल रहे थे। इस अवसर पर एक्ट्रैस संचिता बसु भी मौजूद थीं।




### पैरेंट्स ने पहले रोका, अब करते हैं सपोर्ट

धवल कहते हैं कि इंजीनियरिंग के साथ साथ एक्टिंग की बात सुन पहले तो पैरेंट्स ने काफी टोका, लेकिन उन्हें लगा कि मैं नहीं मानूंगा तो फिर मुझे सपोर्ट करना शुरू किया और अब वो मेरे लिए डिसीजन से काफी खुश हैं।

### 12वीं के बाद ही मिल गया सीरिज में रोल

वहीं, संचिता ने कहा कि मुझे 12वीं के बाद ही इस रोल का ऑफर आया, इससे पहले मैंने तेलगू मूवी में भी काम किया है। इसके बाद मैंने ऑडिशन दिए, फिर ये रोल मिले। लेकिन अभी भी मेरी स्टडी चल रही है और मैं सेकेंड ईयर में हूं।


प्रेस वार्ता के बाद शाम को बोट क्लब पर पहुंचे धवल ठाकुर एवं संचिता बसु।

### सीन से पहले करते कई बार रिहर्सल और लेते वर्कशाप

धवल और संचिता ने कहा कि क्योंकि एक प्रकार से हम न्यू कमर ही थे, इसलिए अपने सीन से पहले कई बार रिहर्सल करते, वर्कशाप करते ताकि अपने किरदार में जान डाल सकें। उन्होंने बताया कि सीजन 1 का स्किवल ही सीजन 2 है, जो प्यार धोखा और फिर बदले की एक नई लड़ाई बनकर दर्शकों के सामने आएगी।

### नर्मदा परिक्रमा के अनुभव सुनाएंगे पूर्व गृह सचिव श्रीवास्तव



**भोपाल** । पूर्व गृह सचिव एवं निवर्तमान आईएएस ओमप्रकाश श्रीवास्तव 13 जून को शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत संग्रहालय में कायस्थम संस्था के आयोजन में नर्मदा परिक्रमा के आध्यात्मिक अनुभव सुनाएंगे। कार्यक्रम शाम 5 बजे से होगा। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी भारती श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगी। भारती ने भी 10 दिसंबर 2025 से 5 मई तक अपने पति ओमप्रकाश श्रीवास्तव के साथ नर्मदा पथ की यात्रा की है।

- दुष्यंत संग्रहालय में 5 बजे से होगा कार्यक्रम

उनकी यह यात्रा सेवानिवृत्ति के तत्काल बात शुरू हो गई थी। स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत पत्नी भारती ने भी उसी दौरान सेवानिवृत्ति ले ली थी। कायस्थम द्वारा नर्मदा परिक्रमा के धार्मिक महत्व और अनुभव विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में ओमप्रकाश और उनकी धर्मपत्नी कायस्थ समाज और अन्य नागरिकों को यात्रा के संस्मरण सुनाकर पुण्य मां नर्मदा के धार्मिक महत्व पर चर्चा कर प्रश्नों के उत्तर भी देंगे। उल्लेखनीय है कि श्रीवास्तव दम्पति ने 147 दिन में नर्मदा पथ की 3144 किलोमीटर की यात्रा की है। श्रीवास्तव दंपत्ति ने नर्मदा परिक्रमा 10 दिसंबर से शुरू की थी, जो इस साल 5 मई को समाप्त हुई।

स्व. पं सुरेश तांतेड़ की स्मृति में सजी सांगीतिक संध्या

# युवा कलाकारों ने बिखेरे सुरों के रंग सितार-सरोद जुगलबंदी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. पं. सुरेश तांतेड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर दुष्यंत संग्रहालय में श्रद्धांजलि एवं सांगीतिक स्मरण संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकार डॉ. विकास दवे और पद्मश्री विजयदत्त श्रीधर ने तांतेड़ के कला एवं संगीत क्षेत्र में योगदान को याद किया।

अभिनव कला परिषद के राग भविष्य युवा खोज समारोह 2026 के अंतर्गत युवा कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।






### शास्त्रीय गायन की दी प्रभावशाली प्रस्तुति

अनुष्का सोनी के सितार वादन और अंशिका सोनी के सरोद वादन की जुगलबंदी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं सिद्धा साई ने शास्त्रीय गायन और स्वरीत मेहता ने तबला वादन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी।

टीवीएफ के कवि सम्मेलन पर हरिभूमि से बोले टीआरपी मामा परितोष

# ‘चाय-सी मोहब्बत’ बनी बेस्टसेलर, रॉयल्टी से बच्चों के डायपर पर करता हूं चैरिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरी सबसे चर्चित और बेस्टसेलर किताब 2021 में प्रकाशित ‘चाय-सी मोहब्बत’ मानी जाती है। जबकि मेरी पहली पुस्तक ‘मन पतंग दिल डोर’ को भी बेस्टसेलर श्रेणी में स्थान मिला था, और चाय-सी मोहब्बत अपनी श्रेणी में लगातार बेस्टसेलर रही है, इस पुस्तक से होने वाली रॉयल्टी से मैं छोटे बच्चों के डायपर पर चैरिटी करता हूं....यह कहना है टीआरपी मामा के नाम से प्रसिद्ध परितोष त्रिपाठी का, जिनकी कव्वाली टीवीएफ पर काफी लोकप्रिय हो रही है। परितोष ने हरिभूमि से बातचीत में अपने करियर से जुड़े पहलुओं पर चर्चा की।

हरिभूमि चर्चा



» *पहली पुस्तक मन पतंग दिल डोर नहीं पा सकी थी यह मुकाम*

» *टीवीएफ कव्वाली में कर रहे हर उम्र के लोग पार्टिसिपेट*

### दिव्या दत्ता ने मां की लिखी कविता को सुनाया

टीवीएफ कव्वाली में इसमें हर उम्र वर्ग के आम नागरिक पार्टिसिपेट कर रहे हैं और इसमें जो सेलिब्रिटी गेस्ट आ रहे हैं वह भी साहित्य और कविता से जुड़े हुए हैं जैसे इसमें हमारी पहली सेलिब्रिटी गेस्ट दिव्या दत्ता थीं, जिन्होंने अपनी मां की लिखी हुई कविताओं से इस कार्यक्रम का आगाज किया था।

**अश्लीलता से कोसों दूर टीवीएफ कवि सम्मेलन**

उन्होंने कहा कि आजकल जहां स्टैंड अप कॉमेडी के नाम पर अश्लीलता या गाली गलौज को खुलेआम परोसा जाता है, वहीं हमारे इस पारिवारिक कवि सम्मेलन में अश्लीलता कोसों दूर है।

### अब लोग मुझे टीवीएफ का मामा कह सकते हैं

अपने देसी अंदाज की वजह से सुपर डांसर में टीआरपी मामा कहलाया और अब यही देसी अंदाज मेरा इस कवि सम्मेलन में देखने को मिल रहा हैं और दर्शक मुझे टीवीएफ का मामा भी कह सकते हैं। बस इसमें मेरा देसी लुक कुर्ता पजामा वाला है, बस टीवीएफ में मैंने थोड़ा महंगा कुर्ता पजामा पहना है।

मानव संग्रहालय में नाटक ‘मोबाइल का जाल, जी का जंजाल’ का मंचन


# मोबाइल की लत पर बच्चों का करारा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) द्वारा बुधवार को संग्रहालय परिसर में 30 दिवसीय प्रोडक्शन ओरिएंटेड चिल्ड्रन्स थिएटर वर्कशॉप का समापन संध्या पर बच्चों द्वारा तैयार नाटक ‘मोबाइल का जाल, जी का जंजाल’ का मंचन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एनएसडी नई दिल्ली के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी, एमपीएसडी के निदेशक संजय श्रीवास्तव तथा एनएसडी के प्राध्यापक सुमन वैद्य मौजूद रहे।

लगभग 30 बाल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत 50 मिनट की नाट्य प्रस्तुति नाटक के माध्यम से बच्चों ने मोबाइल फोन के अत्याधिक उपयोग से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि तकनीक का उपयोग संतुलित और जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से किया जाना चाहिए।





### दादा-नानी से किस्से कहानियां सुनते हुए बड़े होते थे बच्चे

नाटक में उस समय की स्मृतियों को जीवंत किया गया जब मोबाइल फोन का प्रचलन नहीं था और बच्चे अपने दादा-दादी तथा नाना-नानी से किस्से-कहानियां सुनते हुए बड़े होते थे। पारिवारिक संवाद, लोककथाएं, सामूहिक खेल, आपसी मेलजोल और सामाजिक सहभागिता जैसे मूल्यों को नाटक के माध्यम से रेखांकित किया गया। इस प्रस्तुति का सह निर्देशन आशीष गड़वाल ने और संगीत संयोजन कृति विश्वकर्मा ने किया।

### कलाव्योम फाउंडेशन का कवि सम्मेलन कल


**भोपाल**। कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा मासिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस बार कवि सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसाइटी, रंगाभास नाट्यशाला एवं समरज्ञ कबीर फाउंडेशन के सहयोग से 12 जून को सायं 6 बजे से बाग मुगालिया के कुबेर बैंक्वेट में कवि सम्मेलन होगा। जिसमें प्रसिद्ध शायरा एवं मप्र उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी, लेखक एवं मप्र प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डॉ. जीवन रजक, एमसीयू में प्रोफेसर एवं कवि डॉ. अरुण अज्ञानी एवं युवा कवि चित्रांश खरे सम्मिलित होंगे।



**अवेयरनेस**
**रजनी अरोड़ा**

हमारे समाज में आमतौर पर माना जाता है कि पुरुष आसानी से बीमार नहीं पड़ते। यह सोच उनके स्वास्थ्य के लिए रिस्की हो जाती है, क्योंकि कई पुरुष अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज करते हैं। आईसीएमआर की रिपोर्ट के हिसाब से भारत में तकरीबन 46 प्रतिशत पुरुष किसी न किसी बीमारी से पीड़ित हैं। डब्लयूएचओ के अनुसार केवल बुजुर्ग ही नहीं, युवा और कम उम्र के पुरुष भी स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त हो रहे हैं। इसलिए सजग रहना जरूरी है। अब जानते हैं कि किन समस्याओं का सामना पुरुष ज्यादा करते हैं?

**हृदय रोगः** पुरुषों में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण यही है। भारत में हृदय रोग से होने वाली 70 प्रतिशत से अधिक मौतें



70 वर्ष की आयु से पहले होती हैं। उच्च रक्तचाप, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, शराब, तनाव और शारीरिक निष्क्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। सीने में दर्द या भारीपन, बाईं बांह में दर्द, सांस फूलना, अत्यधिक पसीना आना, चक्कर आना और अनियमित धड़कन हृदय रोग के मुख्य लक्षणों में शामिल हैं।

**डायबिटीजः** साइलेंट किलर कहलाने वाली डायबिटीज धीरे-धीरे व्यक्ति के हृदय, गुर्दे, आंखें और तंत्रिकाओं को नुकसान पहुंचाती है। भारत में लगभग 25 करोड़ लोग प्रभावित हैं, जिनमें महिलाओं के बनिस्पत पुरुषों की संख्या ज्यादा है। बार-बार प्यास और पेशाब, अचानक वजन कम होना, थकान, घाव देर से भरना और हाथ-पैरों में सुन्नपन इसके लक्षण हैं।

**मानसिक स्वास्थ्यः** अवसाद, चिंता, तनाव और आत्महत्या की प्रवृत्ति पुरुषों में गंभीर चिंता का विषय है। सीडीसी के अनुसार पुरुषों में आत्महत्या दर महिलाओं से 4 गुना अधिक है। लगातार उदासी, चिड़चिड़ापन, नींद की समस्या, काम में रुचि न रहना और अत्यधिक शराब पीना इसके संकेत हो सकते हैं।



**फेफड़ों की बीमारियांः** सीओपीडी और फेफड़ों का कैंसर, पुरुषों में कॉमन हैं, खासकर धूम्रपान करने वालों में। लगातार खांसी, खांसी में खून, सांस फूलना और सीने में दर्द इसके लक्षण हैं।

**प्रोस्टेट-टेस्टिकल कैंसरः** प्रोस्टेट कैंसर पुरुषों में होने वाला दूसरा बड़ा कैंसर है। खास लक्षण न होने के कारण इसकी पहचान अकसर प्रारंभिक अवस्था में नहीं हो पाती। अकसर कोई लक्षण नहीं दिखता। पेशाब करने में कठिनाई, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खून और पेड़ू में दर्द इसके संकेत हैं।

टेस्टिकल कैंसर, युवा पुरुषों में अधिक देखा जाता है। अंडकोष में गांठ, सूजन, भारीपन या दर्द होना इसके प्रमुख लक्षण हैं।

**ओबेसिटीः** यह मूलतया आधुनिक सिटिंग वर्ककल्चर के बढ़ते ट्रेंड, सेडेंटरी लाइफस्टाइल और खान-पान की गलत आदतों की देन है। ट्रंकल ओबेसिटी यानी पेट की चर्बी, हृदय रोग, मधुमेह और जोड़ों की समस्याओं का प्रमुख कारण है। जरूरी है पुरुष अपना बीएमआई इंडेक्स 18.5-24.9 के बीच और कमर की चौड़ाई 90 सेमी. से कम रखें।

**जोड़ों की समस्याएंः** बढ़ती उम्र में हार्मोन की कमी से पुरुषों की भी हड्डियां कमजोर होने लगती हैं, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस, ऑस्टियोपीनिया और आर्थराइटिस जैसी समस्याएं होती हैं। यही नहीं घंटों कंप्यूटर वर्क करने और गलत पॉश्चर के कारण युवाओं में भी पीठ दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलोसिस जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

**हार्मोन की कमी और एंड्रोपॉजः** विशेषकर टेस्टोस्टेरोन की कमी से कुछ समस्याएं हो सकती हैं। टेस्टोस्टेरोन केवल यौन हार्मोन नहीं, यह मांसपेशियां, हड्डियां, मनोदशा, ऊर्जा और हृदय स्वास्थ्य भी प्रभावित करता है। यह 20-25 वर्ष की उम्र में चरम पर होता है और बाद में हर साल 1-2 प्रतिशत घटता है। 60 वर्ष की आयु के बाद टेस्टोस्टेरोन हार्मोन तकरीबन खत्म हो जाता है यानी पुरुषों में एंड्रोपॉज या मेल मेनोपॉज होता है। लगातार थकान, चिड़चिड़ापन, वजन बढ़ना, मांसपेशियों में कमजोरी, नींद की समस्या, यौन इच्छा में कमी एंड्रोपॉज समस्या के लक्षण हैं।

**इंफर्टिलिटीः** इरेक्टाइल डिस-फंक्शन, यौन इच्छा में कमी, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की संख्या और गुणवत्ता कम होना और इंफर्टिलिटी आज तेजी से बढ़ रही समस्याएं हैं। लाखों पुरुष इससे प्रभावित हैं, लेकिन संकोचवश इसे छुपाते रहते हैं। यह केवल यौन समस्या नहीं, बल्कि हृदय रोग, मधुमेह या हार्मोन असंतुलन का शुरुआती संकेत भी हो सकता है। धूम्रपान, शराब, मोटापा, तनाव और टेस्टोस्टेरोन की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

**सार्कोपीनिया या मसल-लॉसः** उम्र के साथ मांसपेशियों का कम होना एक गंभीर समस्या है। 30 वर्ष के बाद हर दशक में मांसपेशियों का मास 3.5 प्रतिशत कम होता जाता है। 60 साल की उम्र के बाद कमजोरी, संतुलन बिगड़ने और गिरने का खतरा बढ़ जाता है।

**अल्जाइमर और डिमेंशियाः** पुरुषों में बढ़ती उम्र के साथ दिखाई देने वाले गंभीर मस्तिष्क संबंधी विकार हैं, जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और दैनिक कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करते हैं। शुरुआती लक्षणों में हाल की बातें भूलना, बार-बार एक ही प्रश्न पूछना, निर्णय लेने में कठिनाई, रास्ता भूल जाना, ध्यान केंद्रित न कर पाना और व्यवहार या मनोदशा में बदलाव शामिल हैं। बढ़ती उम्र, आनुवंशिकता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, धूम्रपान, शारीरिक निष्क्रियता, सामाजिक अकेलापन और खराब नींद इसके प्रमुख रिस्क फैक्टर्स हैं।

**जरूरी है रेग्युलर हेल्थ चेकअपः** आमतौर पर पुरुष डॉक्टर के पास तभी जाते हैं, जब तक बीमारी के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगते हैं। जिसकी वजह से वे गंभीर बीमारियों की गिरफ्त में आ जाते हैं और कई मामलों में समय से पहले ही मौत हो जाती है। विशेषज्ञों का मानना है कि अधिकांश बीमारियों को समय पर जांच और सही आदतों से रोका जा सकता है।

**स्पेशलः मेंस हेल्थ वीक (15-21 जून)**

वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ता तनाव, अनियमित-अस्वस्थ खान-पान, शारीरिक गतिविधियों की कमी, धूम्रपान, शराब का सेवन और नींद की खराब आदतों से हर उम्र के पुरुष बीमार हो रहे हैं। इससे हृदय रोग, मधुमेह, मोटापा, मानसिक स्वास्थ्य, नींद संबंधी विकार, हार्मोनल असंतुलन और हड्डियों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, जानिए।

# रेग्युलर कराएं चेकअप-बरतें प्रिकॉशन
# हर उम्र में आप रहेंगे हेल्दी









**20 से 30 वर्ष आयु के पुरुषः** इस उम्र में शरीर सामान्यतः स्वस्थ रहता है, लेकिन धूम्रपान, शराब, जंक फूड, अनियमित नींद और मानसिक तनाव सबसे बड़े खतरे हैं, जो आगे कई बीमारियों की जड़ बनते हैं। पूरी एहतियात बरतनी जरूरी है। इसके लिए टेस्टिकल का स्व-परीक्षण जरूरी है। साल में एक बार ब्लड प्रेशर, सीबीसी ब्लड काउंट, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य और विटामिन-डी। हर दो-तीन साल में-ब्लड शुगर, विटमिन डी, नेत्र परीक्षण। हर पांच साल में लिपिड प्रोफाइल चेक कराएं।

**30 से 40 वर्ष उम्र के पुरुषः** काम का दबाव, पारिवारिक जिम्मेदारियां और बैठकर काम करने की आदत स्वास्थ्य को प्रभावित करने लगती हैं। लाइफस्टाइल संबंधी बीमारियां उभरने लगती हैं। इसलिए ये टेस्ट जरूर करवाएं। हर 6 महीने में ब्लडप्रेशर। साल में एक बार, ब्लड शुगर (एचबीएएलसी), लिपिड प्रोफाइल, केएफटीए, एलएफटी, विटामिन बी-12, विटामिन-डी, बीएमआई, मानसिक स्वास्थ्य। हर 2 साल में थाइरॉयड, पेट का अल्ट्रासाउंड करवाना भी जरूरी है।

**40 से 50 वर्ष उम्र के पुरुषः** इस उम्र में वार्षिक पूर्ण स्वास्थ्य जांच अनिवार्य है। हर तीन महीने में ब्लड प्रेशर। हर 6 महीने में ब्लड शुगर और लिपिड प्रोफाइल। हर साल पीएसए (प्रोस्टेट ग्लैंड), टेस्टोस्टेरोन टेस्ट, ट्रेडमिल टेस्ट (हृदय की कार्यक्षमता), कोलोनोस्कोपी (पेट की जांच), स्पाइरोमेट्री, एक्स-रे या सिटी स्कैन (फेफड़ों), आई टेस्ट।

**50 वर्ष से अधिक उम्र के पुरुषः** हृदय, पेट, प्रोस्टेट, हड्डियों और मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हर साल पीएसए टेस्ट, आई साइट और ईयर चेकअप। हर दो साल डेक्सा स्कैन (बोन डेंसिटी), इकोकार्डियोग्राफी या एंजियोग्राफी। हर दस साल में क्लोनोस्कोपी टेस्ट। *

**(सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर फिजिशियन, डॉ. मोहसिन वली और पूर्व अध्यक्ष-एंडोक्राइन सोसाइटी ऑफ इंडिया, डॉ. संजय कालरा से बातचीत पर आधारित)**

## अपनाएं ये गुड हैबिट्स


**लंबी उम्र** और बेहतर स्वास्थ्य उम्र का रहस्य हेल्दी लाइफस्टाइल में छिपा है। कुछ अच्छी आदतें कम उम्र में अपनाकर आप स्वस्थ, सक्रिय जीवन जी सकते हैं।

**हेल्दी लाइफस्टाइलः** बिजी रुटीन होने के बावजूद पुरुषों को हेल्दी रुटीन अपनाना चाहिए। नियत समय पर उठना, सोना, खाना जरूरी है।

**नियमित व्यायामः** वजन नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें 20-30 वर्ष की आयु में प्रतिदिन लगभग 45 मिनट व्यायाम की आदत डालें। 30-40 वर्ष में रेग्युलर स्ट्रैंथ ट्रेनिंग एक्सरसाइज और 40 वर्ष के बाद योग, तैराकी तथा पैदल चलना जैसी एक्टिविटीज करना फायदेमंद है।

**संतुलित आहारः** पोषक तत्वों से भरपूर और संतुलित आहार लें। फाइबर, प्रोटीन और कैल्शियम युक्त आहार का सेवन ज्यादा से ज्यादा करें। आहार में मौसमी और ताजे फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और मेवे खाएं। नमक, चीनी और जंक फूड कम करें। यथासंभव ऑइली फूड खासकर ट्रांस फैट से परहेज करें। पर्याप्त पानी पिएं और विटामिन-डी के लिए प्रतिदिन 15-20 मिनट धूप लें।





**स्ट्रेस करें कंट्रोलः** तनाव को दबाने की बजाय परिवार, मित्रों या विशेषज्ञ से अपने दिल की बात साझा करें। मजबूत सामाजिक संबंध भी लंबी आयु और बेहतर स्वास्थ्य से जुड़े हुए हैं। ध्यान, योग और प्राणायाम मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं। इनसे मस्तिष्क में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन बनते हैं जो प्राकृतिक अवसाद विरोधी हार्मोन हैं।

**स्क्रीन टाइम करें सीमितः** लंबे समय तक लैपटॉप, स्मार्टफोन की स्क्रीन देखने से नींद खराब होती है, आंखें कमजोर होती हैं और पीठ दर्द होता है। रात को सोने से एक घंटे पहले मोबाइल बंद करें।

**लें भरपूर नींदः** रोज 7-8 घंटे की नींद लें क्योंकि नींद शरीर ऊर्जा और ताजगी देती है। कम नींद से कोर्टिसोल बढ़ता है, जो हृदय रोग और मधुमेह का कारण बनता है। रात को एक ही समय पर सोने की आदत बचपन से ही बनाएं। धूम्रपान और शराब से पूरी तरह परहेज करें। स्वास्थ्य संबंधी किसी भी तरह की समस्या होने पर बिना कोई देर किए निःसंकोच डॉक्टर को कंसल्ट करें।

**हर्बल जोन**
**रेखा देशराज**

## हीट वेव से बचाने में कारगर हैं फ्रूट्स-हर्ब्स





हालांकि कई दक्षिणी राज्यों में मानसून ने दस्तक दे दी है लेकिन उत्तर से लेकर मध्य और पश्चिम भारत में अभी भी हीट वेव्स चल रही हैं। इस वजह से लोग डिहाइड्रेशन, चक्कर आने, थकान और लू से पीड़ित हो रहे हैं। ऐसे में गर्मी से राहत दिलाने, हीट वेव से बचाने के लिए कुछ फ्रूट्स और हर्ब्स का सेवन बहुत कारगर हो सकता है। बेल का शर्बत, सौंफ का पानी, पुदीना, धनिया और खस से बने पेय शरीर को ठंडक पहुंचाने के लिए बहुत कारगर हैं।

**बनाए रखते हैं हाइड्रेशनः** आयुर्वेद के अनुसार ग्रीष्म ऋतु में शरीर में द्रवों की कमी होने लगती है और पित्त का प्रभाव बढ़ जाता है। इसलिए ऐसे खाद्य पदार्थों और जड़ी-बूटियों का सेवन लाभदायक होता है, जो शरीर को शीतलता प्रदान करें और हमारी ऊर्जा को भी बरकरार रखें। यही कारण है कि इन दिनों बेल, सौंफ, पुदीना, खस, आंवला, धनिया और गुलकंद जैसी चीजों का उपयोग करना फायदेमंद होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इनकी सबसे बड़ी ताकत है, इनमें मौजूद प्राकृतिक तत्व, जो शरीर को हाइड्रेट रखने, हमारे शरीर के पाचनतंत्र को संतुलित करने और गर्मी से होने वाली बेचैनी को कम करने में सहायक होते हैं।

**पुदीना-बेल-आंवलाः** पुदीना शरीर को ताजगी देता है और गर्मी के कारण होने वाली थकान तथा भूख की कमी होने वाली समस्याओं को कम करने में मदद करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सदियों से गर्मी और लू से बचने के लिए बेल का शर्बत पिया जाता रहा है। फाइबर और खनिज से भरपूर बेल में शरीर को गर्मी से लड़ने के लिए अनेक तत्व होते हैं, जो हमारे पाचनतंत्र से लेकर शरीर की ऊर्जा तक को महफूज रखते हैं। गर्मी से लड़ने में कारगर औषधीय फल आंवला भी है। बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम के बीच संक्रमणों से बचाव के लिए भी यह बेहद उपयोगी है।

**बरतें ये सावधानीः** यह समझना जरूरी है कि ये फल और हर्ब्स, हीट वेव का इलाज नहीं करते केवल उससे बचाव में सहायक होते हैं। इसलिए किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बेहोशी, अत्यधिक कमजोरी या हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो उसे केवल घरेलू उपायों पर निर्भर रखना खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सहायता लेना जरूरी है। *



**डॉक्टर्स सजेशन**
**डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर**

## गर्मी की वजह से जब होने लगें घमौरियां



**मेरी उम्र 28 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे शरीर पर घमौरियां निकल रही हैं। चेहरे, गले पर भी लाल-लाल दाने निकल आए हैं। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-सोहम, रोहतक**

हाल में मौसम में काफी उतार-चढ़ाव हुआ है। तापमान कम और ज्यादा हुआ है। सामान्य तौर पर इस तरह बारिश में होता है। अधिक पसीना आने की वजह से घमौरियां होती हैं और तब इस तरह की परेशानी शुरू हो जाती है। इससे राहत के लिए जब भी बाहर से घर लौटें तो पसीने को तुरंत साफ कपड़े से पोछें और स्किन को ड्राय करें। आप घमौरी वाला पावडर भी लगा सकते हैं और संभव हो तो धूप में कम निकलें, जिससे पसीना कम आएगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। कुछ हफ्ते पहले अचानक मेरे सिर में दाहिनी तरफ तेज दर्द हुआ। तब पेन-किलर लेने पर यह दर्द ठीक हो गया था। उसके बाद से बीच-बीच में उसी जगह दर्द होता रहता है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-अविनाश, रायपुर**

सबसे पहले आप अपनी आंखों की जांच करवाएं। कई बार आंख कमजोर होने की वजह से दर्द शुरू हो जाता है। अगर आपकी आई साइट ठीक है तो जरूर आपको एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लेना चाहिए। बगैर जांच कराए कोई भी ट्रीटमेंट न कराएं।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से कुछ भी खाते-पीते समय मेरे गले में दर्द और चुभन जैसा फील होता है। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और मेरी यह प्रॉब्लम कैसे ठीक होगी?**

**-प्रशांत, जांजगीर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको टॉन्सिल की प्रॉब्लम है, जिस वजह से चुभन महसूस हो रही है। बेहतर होगा कि एक बार आप ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें, वे जांच करके पता लगाएंगे, उसके बाद ट्रीटमेंट किया जाएगा। इस दौरान आप ठंडा पानी या कोई भी फ्रिज में रखी ठंडी चीज बिल्कुल न खाएं न पिएं।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे दाहिने पैर में सूजन दिख रही है। दर्द भी होता है। कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-मुकेश, कांकेर**

क्या आपके पैर में कभी चोट लगी थी? क्योंकि इस तरह की समस्या कई बार चोट लगने से होती है। अगर ऐसा है तो आपको एक्स-रे करवा लेना चाहिए, जिससे कारण पता चलेगा। फिलहाल आप पैर में सिंकाई कर सकते हैं और वजन उठाने का काम ना करें। तेज वॉकिंग या रनिंग भी बिल्कुल न करें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। कुछ महीनों से मेरे हाथ-पैर के नाखूनों का रंग बिल्कुल सफेद दिखने लगा है। वे रूखे भी दिखते हैं। कृपया बताएं कि ऐसा क्यों हो रहा है और यह कैसे ठीक होगा?**

**-दिवाकर, बिलासपुर**

इस समस्या को सुनकर लग रहा है कि आपको कैल्शियम की कमी है। इस वजह से नाखून सफेद पड़ने लगते हैं। आपको कैल्शियम की दवा लेनी होगी। बेहतर होगा कि डॉक्टर से संपर्क कर आप पहले कैल्शियम की जांच कराएं और डॉक्टर जो दवा प्रिसक्राइब करें, उसे रेग्युलर लें। दवा आपको लंबे समय तक लेनी पड़ेगी। इसमें लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मुझे लंच और डिनर के साथ सलाद खाना बहुत पसंद है। क्या खाना खाने के पहले सलाद खाना ज्यादा फायदेमंद होता है?**

**-रचित, दुर्ग**

खाने के साथ आपको जरूर सलाद खाना चाहिए। अगर आप खाने से पहले सलाद खा लेते हैं तो इससे आप खाना कम खाएंगे और पेट में फाइबर ज्यादा पहुंचेगा। डाइजेशन सिस्टम के लिए ठीक रहेगा। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**



# 90 मिनट का रोमांच, सदियों का इतिहास, दिग्गजों ने फीफा को बनाया खास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप सिर्फ 90 मिनट के खेल और ट्रॉफी जीतने की कहानी नहीं है, यह उन खिलाड़ियों के नाम भी दर्ज करता है, जिन्होंने मैदान पर ऐसे रिकॉर्ड बनाए, जिन्हें तोड़ना आसान नहीं होगा। किसी ने तीन बार विश्व कप की ट्रॉफी उठाकर इतिहास रच दिया, तो किसी ने पांच अलग-अलग संस्करणों में गोल दागकर अपनी छाप छोड़ी। ब्राजील के पेले से लेकर अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो तक, इन दिग्गजों ने फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर ऐसी उपलब्धियां हासिल कीं, जो उन्हें हमेशा के लिए खास बनाती हैं।

## पेले से मेसी-रोनाल्डो तक खास क्लब में शामिल खिलाड़ी

### पेले : 3 बार विश्व कप जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी

ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले के नाम फीफा वर्ल्ड कप जीतने का ऐसा रिकॉर्ड दर्ज है, जिसकी बराबरी अब तक कोई खिलाड़ी नहीं कर पाया है। पेले ने 1958, 1962 और 1970 में ब्राजील के साथ विश्व कप का खिताब जीता था। सिर्फ 17 साल की उम्र में 1958 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने वाले पेले ने अपने करियर में फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अलग ही छाप छोड़ी।



### लियोनल मेसीः गोल्डन बॉल का अनोखा रिकॉर्ड

अर्जेंटीना के कप्तान लियोनल मेसी फीफा वर्ल्ड कप में दो बार गोल्डन बॉल अवॉर्ड जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। लियोनल मेसी ने पहली बार 2014 विश्व कप में यह सम्मान हासिल किया था। इसके बाद 2022 में अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाने के दौरान भी उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

### रोनाल्डो : 5 वर्ल्ड कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी

पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फीफा वर्ल्ड कप में ऐसा रिकॉर्ड बनाया है, जो किसी और खिलाड़ी के नाम नहीं है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच अलग-अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले पहले और अब तक के इकलौते खिलाड़ी हैं। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 विश्व कप में गोल किए थे।

### दो पीढ़ियां : पिता के बाद अब बेटा विश्व कप में



*नॉर्वे के एर्लिंग ब्रॉट हालैंड फीफा वर्ल्ड कप 2026 में अपने देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके साथ ही वह अपने पिता अल्फ-इंगे हालैंड की तरह विश्व कप खेलने वाले परिवार की दूसरी पीढ़ी बन जाएंगे। अल्फ-इंगे हालैंड ने 1994 फीफा वर्ल्ड कप में नॉर्वे का प्रतिनिधित्व किया था।*

### गिलबर्टो मोरा और क्रेग गॉर्डनः सबसे युवा और सबसे उम्रदराज

विश्व कप में उम्र भी कई बार रिकॉर्ड की कहानी लिखती है। मैक्सिको के गिलबर्टो मोरा फीफा वर्ल्ड कप इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं। वह 17 साल 240 दिन की उम्र में विश्व कप खेलेंगे। वहीं स्कॉटलैंड के क्रेग गॉर्डन 43 साल 162 दिन की उम्र में विश्व कप खेलने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ियों में शामिल होंगे।

### लास्जलो किसः सबसे तेज हैट्रिक गोल

फीफा वर्ल्ड कप इतिहास की सबसे तेज हैट्रिक का रिकॉर्ड हंगरी के लास्जलो किस के नाम है। लास्जलो किस ने 1982 विश्व कप में एल सल्वाडोर के खिलाफ सिर्फ सात मिनट के अंदर तीन गोल दागे थे। किस ने 69वें से 76वें मिनट के बीच यह उपलब्धि हासिल की थी।



## चोट से उबरकर ट्रेनिंग पर लौटे मैनुअल नूएर

**बर्लिन।** जर्मनी की फुटबॉल टीम को फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले बड़ी राहत मिली है। टीम के अनुभवी गोलकीपर मैनुअल नूएर चोट से उबरकर पूरी ट्रेनिंग में लौट आए हैं। जर्मनी अपना पहला मैच 14 जून को ह्यूस्टन में कुराकाओ के खिलाफ खेलेगा और नूएर इस मुकाबले में मैदान पर उतर सकते हैं। नॉर्थ कैरोलिना में जर्मनी के बेस कैंप में आयोजित एक सार्वजनिक ट्रेनिंग सत्र के दौरान करीब 3,000 प्रशंसकों ने नूएर का जोरदार स्वागत किया। लंबे समय बाद उन्हें पूरी ट्रेनिंग करते देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आए। जर्मनी के मुख्य कोच जूलियन नेगल्समैन ने भी संकेत दिए हैं कि नूएर पहले ग्रुप मैच में खेलने के लिए तैयार हैं।



## अर्जेंटीना ने आइसलैंड को 3-0 से हराया

**ऑबर्न।** लियोनल मेस्सी अपने छठे विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और उनके पेनल्टी पर दागे गोल की बदौलत गत चैंपियन अर्जेन्टीना ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट से पहले अपने अंतिम तैयारी मैच में आइसलैंड को 3-0 से हराया। मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद अर्जेन्टीना के कप्तान मेस्सी इस मुकाबले के दौरान 20 मिनट तक मैदान पर रहे। अपने 39वें जन्मदिन और छठे विश्व कप से कुछ दिन पहले मेस्सी ने मुकाबले की शुरुआत स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में की। मेस्सी 70वें मिनट में मैदान पर उतरे और लोटारो मार्टिनेज के खिलाफ फाउल के लिए मिली पेनल्टी को 72वें मिनट में गोल में बदला। मेस्सी 117 गोल के साथ अर्जेन्टीना की ओर से सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं।



## राइट-बैक पर खेलने को तैयार इबानेज

**ब्राजील।** ब्राजील फुटबॉल टीम के डिफेंडर रोजर इबानेज ने कहा है कि अगर टीम प्रबंधन उन्हें मौका देता है तो वह आगामी फीफा वर्ल्ड कप 2026 में राइट-बैक की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आमतौर पर सेंटर-बैक के रूप में खेलने वाले इबानेज का कहना है कि टीम की जरूरत के हिसाब से वह किसी भी पोजीशन पर खेलने के लिए तैयार हैं। ब्राजील की टीम को हाल ही में बड़ा झटका लगा है। युवा खिलाड़ी वेस्ली फ्रैंका चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। इसके बाद टीम में राइट-बैक की जगह को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। अनुभवी खिलाड़ी डैनिलो इस भूमिका के लिए सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं। हालांकि, इबानेज भी इस पोजीशन पर खेल सकते हैं और उन्हें एक अच्छे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। जब इबानेज से पूछा गया कि वेस्ली की जगह कौन लेगा, तो उन्होंने कहा, मेरी पोजीशन तय करना कोच का काम है। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि जहां भी टीम को मेरी जरूरत होगी, मैं वहां खेलने के लिए तैयार हूं।

## खबर संक्षेप



### मेरा सफर महिला क्रिकेट की प्रगति को दर्शाता : मिताली

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान मिताली राज ने कहा कि उनका सफर देश में महिला क्रिकेट की उल्लेखनीय प्रगति को दर्शाता है, जिसमें सीमित मौकों से लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनना शामिल है। मिताली ने कहा कि उनका व्यक्तिगत सफर देश में इस खेल के विकास की कहानी भी है। मिताली ने कहा कि अनुकूलन क्षमता, परिस्थितियों की समझ और सीखने की इच्छा ऐसी खूबियां हैं, जो भारतीय टीम के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगी। मिताली ने कहा, 'कई बार हम बहुत मेहनत करते हैं और महसूस करते हैं कि हमने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है लेकिन फिर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जिनके लिए हम तैयार नहीं होते। यदि आप अपने आसपास के माहौल और परिस्थितियों को समझते हैं तो उनके अनुसार खुद को ढालने की बेहतर स्थिति में होंगे।

### एशियाई खेलों के लिए पाक ने किया टीम का ऐलान

**लाहौर।** पाकिस्तान ने जापान के



आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों की पुरुषों की टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान की अगुआई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें अधिकतर खिलाड़ी अनुभवहीन हैं। टीम में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, शाहीन शाह अफरीदी, हारिस राऊफ और शादाब खान जैसे सीनियर स्टार खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया है। फरहान पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान की कप्तानी करेंगे। पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले अब्दुल समद को उप कप्तान बनाया गया है। टीम में शामिल अबरार अहमद, उस्मान खान और सईम अयूब ने ही हाल में पर्याप्त अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला है। टीम के चार सदस्यों आकिफ जावेद, अली रजा, माज सदाकत और साद मसूद ने अभी तक टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण नहीं किया है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेलेंगे हार्दिक पंड्या

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या खेलने की स्वीकृति मिलने के कुछ घंटे बाद अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए जब उनकी जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। पंड्या बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपनी पीठ की ऐंठन की चोट से उबरने के बाद खेलने की मंजूरी लेने गए थे। यह चोट उन्हें आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए खेलते समय लगी थी। हो सकता है कि यह नई चोट सीओई में आकलन के दौरान पूरे 10 ओवर की गेंदबाजी करने की वजह से लगी हो।



### 13 से शुरू होगी सीरीज

अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला शनिवार को धर्मशाला में शुरू होगी। इसके बाद लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 17 और 20 जून को दो अन्य मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने कहा, ' उन्हें ठीक होने में तीन हफ्ते लगेंगे इसलिए उनके एकदिवसीय श्रृंखला में खेलने की कोई संभावना नहीं है क्योंकि उनका रिहैबिलिटेशन पूरा नहीं हो पाएगा।' पंड्या आईपीएल में मुंबई इंडियन्स के लिए कुछ मैच नहीं खेल पाए थे लेकिन टीम के अंतिम कुछ मैच में खेलने के लिए उतरे थे। इस 32 साल के ऑलराउंडर को यह नई चोट ऐसे समय में लगी है जब अगले साल होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें अधिक एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

## आईसीसी रैंकिंग : गिल ने लगाई छलांग, पंत टॉप-10 से बाहर

### यशस्वी को नुकसान, ब्रुक बने नंबर 1, 000 टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत को सिर्फ 2 बैटर

एजेंसी ▶▶| दुबई

आईसीसी ने टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग जारी की, जिसमें भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को फायदा हुआ। गिल ने अफगानिस्तान के खिलाफ हुए टेस्ट मैच में टीम के लिए शतकीय पारी खेली थी और इसके दम पर उन्होंने रैंकिंग में 2 स्थान का छलांग लगाया और 8वें स्थान पर पहुंच गए।

यशस्वी जायसवाल ने अफगानिस्तान के खिलाफ कोई कमाल नहीं दिखाया था और उन्हें ताजा टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में एक अंक का नुकसान हुआ और वो 8वें से 9वें नंबर पर आ गए जबकि इस टीम के खिलाफ 81 रन की पारी खेलने वाले ऋषभ पंत को फायदा हुआ और वो एक स्थान के फायदे के साथ अब 12वें नंबर पर आ गए, लेकिन टॉप-10 से वो बाहर हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में टॉप-10 बल्लेबाजों में भारत को सिर्फ 2 बल्लेबाज मौजूद हैं।



### ब्रुक ने रूट को पीछे छोड़ा

आईसीसी की ताजा टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में हैरी ब्रुक ने जो रूट को पीछे छोड़ दिया और वो पहले नंबर पर आ गए जबकि रूट अब तीसरे नंबर पर खिसक गए। ब्रुक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के लिए अहम 56 रन की पारी खेली थी और इसके दम पर ही वो पहले स्थान पर आ गए जबकि पहले नंबर पर मौजूद जो रूट इस मैच में सिर्फ एक और 8 रन की पारी बना पाए थे और इसका उन्हें नुकसान हुआ। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड हाल के समय में टेस्ट क्रिकेट न खेलने के बावजूद दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। हालाँकि रूट अपनी टॉप पोजीशन वापस पाने की कोशिश करेंगे क्योंकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अभी भी दो टेस्ट मैच बाकी हैं।



### बुमराह पहले नंबर पर कायम

आईसीसी की ताजा टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं, जिनके 870 रेटिंग अंक हैं जबकि दूसरे नंबर पर मिचेल स्टार्क हैं जिनके 838 रेटिंग अंक हैं जबकि बुमराह के अलावा टॉप-10 में अन्य कोई भारतीय गेंदबाज नहीं है। कुलदीप यादव इस रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो पहले 15वें स्थान पर थे। इस रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पैट कमिंस हैं, जिनके 832 रेटिंग अंक हैं।

### टॉप 5 में ये बल्लेबाज

टॉप पांच बल्लेबाजों की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 831 रेटिंग पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर मजबूती से टिके हुए हैं। उनके ठीक नीचे श्रीलंका के कामिन्दु मेंडिस हैं, जिन्होंने एक पायदान की बढ़त हासिल की है और वे 781 अंकों के साथ पांचवें नंबर पर आ गए हैं। इसके अलावा, न्यूजीलैंड के दिग्गज केन विलियमसन (780 अंक) को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वे छठे पायदान पर आ गए हैं जबकि साउथ अफ्रीका के टेम्बा बावुमा 775 अंकों के साथ सातवें नंबर पर बरकरार हैं।

## 44 साल की सेरेना का जलवा

## 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार से की सर्विस

जीत के साथ की शानदार वापसी



एजेंसी ▶▶| लंदन

पेशेवर टेनिस से लगभग चार साल दूर रहने के बाद सेरेना विलियम्स ने क्वीन्स क्लब में जीत के साथ वापसी करते हुए दिखाया कि उनके खेल में अब भी बहुत दम है। क्वीन्स क्लब ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में 44 साल की सेरेना ने कनाडा की 19 साल की खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको के साथ मिलकर अपना पहला युगल मैच जीता। इस दौरान सेरेना ने 120 मील प्रति घंटा की रफ्तार वाली सर्विस की और कुछ शानदार विनर्स लगाए।

### 2022 के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच

सेरेना और एमबोको ने निकोल मेलिचर मार्टिनेज और एरिन राउटलिफ की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 7-6, 6-2 से हराया। यह 2022 अमेरिकी ओपन के बाद सेरेना का पहला पेशेवर मैच था। अब क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला लेयला फर्नांडीज और लॉरा सेगमंड से होगा। अपनी वापसी का जोरदार एहसास कराते हुए सेरेना ने पहले दौरे के मैच का अंत दो ऐस और फिर एक सर्विस विनर के साथ किया। सेरेना कहा, ' यह बहुत मजेदार था। विक्टोरिया के साथ खेलने में मुझे बहुत मजा आया। हमने पहले कभी साथ नहीं खेला था लेकिन उसके साथ खेलना बहुत स्वाभाविक लगा।'

## जेमिमा ने कहा- तेंदुलकर सर की सलाह से एकाग्रता में मिली मदद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स का कहना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के एक फोन कॉल ने उन्हें एकाग्रता वापस पाने में मदद की क्योंकि पिछले साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में खेली गई अपनी यादगार पारी के बाद वह काफी भावुक और उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि तेंदुलकर सर की सलाह ने उन्हें एकाग्रता बनाए रखने में मदद की। जेमिमा ने कहा, ' सचिन सर ने मेरे कोच प्रशांत शेट्टी को फोन किया।



उन्होंने उनसे कहा कि वह मुझे बताएं कि वह समझते हैं कि पिछले कुछ दिन मेरे लिए बहुत भारी रहे हैं, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी पारी खेलना, उन्हें हराने की खुशी।'

## इंग्लिश काउंटी टीम ने किया सुथार को साइन, वारविकशर के लिए खेलेंगे मैच

एजेंसी ▶▶| लंदन

अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिनर मानव सुथार इंग्लैंड के क्लब वारविकशर के लिए काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों में खेलेंगे। वारविकशर ने बुधवार को सुथार के साथ अल्पकालिक अनुबंध की घोषणा की। इस अनुबंध के तहत वह रॉथेसे काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध होंगे। पहला मैच 12 से 15 जून तक यॉर्कशर के खिलाफ स्कारबोरो में और दूसरा मैच अगले



सप्ताह समरसेट के खिलाफ टॉनटन में खेला जाएगा।

### वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित

सुथार ने कहा, मैं काउंटी चैंपियनशिप के अगले दो मैचों के लिए वारविकशर में शामिल होकर बेहद उत्साहित हूं। टीम ने इस सत्र की अच्छी शुरुआत की है। ऐसे में मैं उम्मीद करता हूं कि टीम को खिताब की ओर बढ़ाने में अहम योगदान दे पाऊंगा। वारविकशर के निदेशक जेम्स थॉमस ने कहा, हमें मानव का बेयर्स में स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। यह टीम के लिए वास्तव में रोमांचक समय है।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन : मालविका, ईशारानी और तान्या ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

# सीधे गेमों में जीतीं सिंधू, तन्वी ने किया उलटफेर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पीवी सिंधू की अगुआई में महिला खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन किया जबकि तन्वी शर्मा भी उलटफेर करने में सफल रहीं। तीसरी वरीय सिंधू, तन्वी, मालविका बंसोड, ईशारानी बरुआ और तान्या हेमंत सभी ने राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए हालांकि बुधवार का दिन खराब रहा जब किरण जॉर्ज, थारुन मान्नेपल्ली और क्वालीफायर सनीथ दयानंद पहले दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।


### सिंधू ने सालाजार को हराया

सिंधू ने महिला एकल के पहले दौर के एकतरफा मुकाबले में पेरु की इनेस लूसिया कास्टिलो सालाजार को सीधे गेम में सिर्फ 32 मिनट में 21-13, 21-11 से हराया। सिंधू अगले दौर में हमवतन ईशारानी से भिड़ेंगी, जिन्होंने एक घंटा तीन मिनट चले कड़े मुकाबले में चीन की हान कियान को 22-20, 10-21, 21-14 से शिकस्त दी। दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 17 साल की तन्वी ने किया, जिन्होंने पांचवीं वरीय और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी चीनी ताइपे की च्यु पिन चियान को 45 मिनट में 21-12, 22-20 से शिकस्त दी। दुनिया की 36वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी अगले दौर में साथी भारतीय खिलाड़ी मालविका से भिड़ेंगी, जिन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड की तोंरुंग सेहेंग को 15-21, 21-7, 21-13 से हराया।



### तान्या ने इशिका को 39 मिनट में हराया

तान्या ने अमेरिका की इशिका जायसवाल को 39 मिनट में 21-17, 21-18 से हराया। वह अगले दौर में थाईलैंड की दूसरी वरीय और दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ेंगी। पुरुष एकल में किरण को कड़े मुकाबले में मलेशिया के जस्टिन हो के खिलाफ एक घंटा दो मिनट में 19-21, 21-14, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। क्वालीफायर दयानंद भी चीन के हू झिआन के खिलाफ सिर्फ 35 मिनट में 8-21, 10-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। थारुन उलटफेर करने के करीब पहुंचे लेकिन अंततः उन्हें दूसरे वरीय और दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ एक घंटा 20 मिनट में 21-18, 13-21, 23-25 से शिकस्त झेलनी पड़ी।




### दक्षिण पश्चिम विधानसभा में 9 दिनी टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन

# आर पारी 11 ने जीती विधायक ट्रॉफी, एक लाख एक हजार रु.व ट्रॉफी की अपने नाम

**महिला मैत्री मैच भी खेला गया**

**बुचके कंट्रक्शन बनी उपविजेता, इक्यावन हजार रु. का इनाम और ट्रॉफी जीती, प्रशंसकों में उत्साह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा आयोजित नेहरु नगर के पुलिस ग्राउंड पर आयोजित विधायक ट्रॉफी 2026 दक्षिण पश्चिम विधानसभा टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मंगलवार देर रात समापन किया गया। फाइनल मुकाबले में आर पारी इलेवन ने बुचके कंस्ट्रक्शन को 6 रन से हराकर खिताब जीता।

विजेता टीम को एक लाख एक हजार और ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 51 हजार रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि विधायक भगवानदास सबनानी प्रदेश मंत्री एवं राज्यसभा प्रत्याशी रजनीश अग्रवाल एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता संकेत गुप्ता ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। इसी के साथ 9 दिनी टूर्नामेंट का समापन हो गया। मीडिया प्रभारी राजकुमार बरुआ ने बताया कि इस नौ दिवसीय टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में क्षेत्र के खेल प्रेमी दर्शकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, प्रत्येक दिन फ्री कूपन प्रदान किए गए और 21 दर्शकों को ऊपर वितरित किए, फाइनल मुकाबले में 50 दर्शकों को उपहार दिए गए एवं एक मेगा उपहार डबल डोर फ्रीज भी दिया गया।



ट्रॉफी व चेक के साथ विजेता टीम।



ट्रॉफी व चेक के साथ उप विजेता टीम।

### क्षेत्र के खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने टूर्नामेंट को ऐतिहासिक बना दिया: सबनानी



क्रिकेटर्स और प्रशंसकों को संबोधित करते हुए विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों ने आकर साबित कर दिया कि खेलों के प्रति उनका कितने उत्साहित है, मैं उपस्थित सभी खिलाड़ियों दर्शकों और अतिथियों का स्वागत करता हूं। विधायक ने कहा, खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को निखारने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। समिति के सदस्यों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देता हूं कि उन्होंने इतना सुंदर और अविस्मरणीय आयोजन किया। फाइनल मुकाबला टेनिस बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन आर पारी इलेवन की खिताबी जीत और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। उन्होंने कहा, सेमीफाइनल और फाइनल के इन नॉकआउट मुकाबलों में गेंद और बल्ले का जबरदस्त संघर्ष देखने को मिला, जहां आर पारी इलेवन ने अपनी बादशाहत कायम करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।


### आर पारी इलेवन ने संघर्षपूर्ण मुकाबला जीता

टूर्नामेंट का 10 ओवरका महा फाइनल मुकाबला आर पारी इलेवन और बुचके कंस्ट्रक्शन के बीच खेला गया, जिसमें आर पारी इलेवन ने 103/9 का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुचके कंस्ट्रक्शन की टीम ने अंत तक संघर्ष किया, लेकिन वे 6 विकेट खोकर केवल 97 रन ही बना सके और खिताब से 6 रन दूर रह गए।

**मैच के हीरो (अरविंद अज्जू):** अंतिम ओवर्स में मात्र 10 गेंदों पर 4 छक्कों की मदद से नाबाद 25 रन ठोके। गेंदबाजी में 2 विकेट (2.0-0-23-2) लेकर फाइनल में 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने।

### ये खिलाड़ी रहे सर्वश्रेष्ठ

- **मैन ऑफ द सीरीज:** आर.पारी.अरुण इलेवन के विकास यादव को पूरे टूर्नामेंट में उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द सीरीज' चुना गया और उन्हें 11,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया।
- **वैभव सूर्यवंशी अवार्ड:** बुचके कंस्ट्रक्शन के शिवा को उनके खास खेल के लिए इस अवार्ड से नवाजा गया, जिसके तहत उन्हें 43 इंच की एलईडी टीवी भेंट की गई।
- **सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज:** बुचके कंस्ट्रक्शन के पीयूष को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया और 5,100 रुपए का इनाम दिया गया।
- **सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज:** आर.पारी.अरुण इलेवन के अरविंद ने अपनी शानदार गेंदबाजी का लोहा मनवाया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज के खिताब के साथ 5,100 रुपए की इनामी राशि दी गई।
- **सर्वश्रेष्ठ फील्डर:** राजेश इलेवन के धर्मेंद्र शाह को मैदान पर उनकी शानदार चुस्ती और कैचिंग के लिए सर्वश्रेष्ठ फील्डर चुना गया और 5,100 रुपए का पुरस्कार दिया गया।



### खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता रहेगा: रजनीश

वहीं, भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं राज्यसभा प्रत्याशी रजनीश अग्रवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट से विधायक जी का खेलों के प्रति लगाव जगजाहिर हो गया है। उन्होंने कहा कि विधायक सबनानी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता रहेगा और वे इसी प्रकार आगे बढ़ते रहेंगे।

### मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट

# विराट कोहली हाउस को हराकर रोहित शर्मा हाउस बना चैंपियन



विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी की इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर -14 वर्ग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में रोहित शर्मा हाउस ने विराट कोहली हाउस को हराकर खिताब अपने नाम किया।

रोहित शर्मा हाउस ने 108 रन बनाए। इनमें उत्कर्ष ने सर्वाधिक 34 रन बनाए, अथर्व ने 21, जबकि ध्रुव ने 14 रन का योगदान दिया। विराट कोहली हाउस की ओर से यश ने 4 विकेट हासिल किए। आदित्य और आरव ने भी महत्वपूर्ण विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विराट कोहली हाउस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। टीम के लिए कार्तिक ने 51 रन बनाए, जबकि विराट ने 15 और गौरव ने 9 रन का योगदान दिया। विराट की टीम 105 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा हाउस ने प्रतियोगिता को 3 रन से जीत लिया। इनमें रिदम महाराज ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। घातक गेंदबाजी के लिए रिदम महाराज को मैन ऑफ द फाइनल चुना गया । प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण किया क्रिकेट कोच केडी गुप्ता, सुरेश खड़से और अब्दुल जमील खान ने किया।

**टूर्नामेंट में ये रहे श्रेष्ठ**

**श्रेष्ठ बल्लेबाज़** - अंशुमन मुखिया
**श्रेष्ठ गेंदबाज़** - रियांश परिहार
**मैन ऑफ द मैच फाइनल** -रिदम महाराज
**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट**-काव्यांश यादव

### एचएमजी कप 2026 इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल

# अरेरा को हराकर सेंचुरियन फाइनल में, आज वीएस अकादमी से खिताबी मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीडीसीए द्वारा आयोजित एचएमजी कप अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमी फाइनल डीपीएस खेल मैदान पर सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के मध्य मैच खेला गया।

सेंचुरियन ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 237 रन बनाए, जिसमें शिवांशु मिश्रा ने 57, अनिमेष सक्सेना ने 56 रन, नीलांग मिश्रा 49 रन नाबाद और अयान खान ने 30 रन बनाए । अरेरा के आदित्य ने 3 और विराज ने 2 विकेट लिए । जवाब में अरेरा की टीम 9 विकेट के नुकसान पर 175 रन ही बना सकी, जिसमें विवान ने 56 और केतन ने नाबाद 29 रन का योगदान दिया। सेंचुरियन से अद्विक अरोरा ने 3 और शिवांशु मिश्रा ने 2 विकेट लिए। इस तरह सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी ने अरेरा को 62 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया । मेन ऑफ़ द मैच शिवांशु मिश्रा 57 रन और 2 विकेट (सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी) को दिया गया। कल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला वीएस एकेडमी और सेंचुरियन क्रिकेट एकेडमी के मध्य प्रातः 8 बजे से खेला जाएगा।




# राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिपः मप्र ने जीते 17 पदक, ऑरो क्लब का 5 पदकों पर कब्जा

***4 से 7 जून तक परेड ग्राउंड के मल्टीपरपज़ हॉल में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता***




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देहरादून में आयोजित 5वीं केआईओ सब-जूनियर, कैडेट एवं जूनियर राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 4 से 7 जून तक परेड ग्राउंड के मल्टीपरपज़ हॉल में खेली गई इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में मप्र की टीम ने कुल 17 पदक अपने नाम किए। इस बड़ी सफलता में भोपाल के 'ऑरो स्पोर्ट्स क्लब' के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा। क्लब के कराटेबाजों ने कुल 5 पदकों पर कब्जा किया। विजेता खिलाड़ियों में कियारा अग्रवाल ने अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं, प्रियांश बेले ने कड़े मुकाबले में रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा उन्नति पुरवाल और यश्वी पुरवाल ने शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक हासिल किए। खिलाड़ियों की सफलता पर ऑरो स्पोर्ट्स क्लब के मुख्य प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों और अभिभावकों ने खुशी जाहिर की है। क्लब प्रबंधन ने सभी विजेता खिलाड़ियों और कोचों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### रोचक हुआ प्रसून सारंग स्मृति टूर्नामेंट

# अकीरा की धमाकेदार जीत, मयंक अकादमी को 7 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रसून सारंग स्मृति टूर्नामेंट में मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट एकेडमी और अकीरा के बीच खेला गया मुकाबला पूरी तरह से अकीरा के पक्ष में रहा। वेदांत पांडे और उत्सव पंवार की शानदार अर्धशतकीय पारियों और गेंदबाजों के धारदार प्रदर्शन के दम पर अकीरा ने मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की।

मयंक की पूरी टीम ने 29.5 ओवरों में महज 129 रन बनाए। इनमें निशांत परचवानी ने 34,अर्नव धाकड़ ने 24 और शौर्य बदौनिया ने 22 रन बनाए। वहीं हृदेश सिंह सियोते ने 6 ,कार्तिक शर्मा ने 4, ध्रुव चौरसिया ने 13, और अंशुमन मुखिया ने 4 रन बनाए। अकीरा के श्रेयंश फरकाले ने 3, समर्थ पुंतंबेकर, उत्सव पंवार और आद्या व्यास ने भी 2-2 विकेट लिए। जवाब में अकीरा की टीम ने मात्र 18 ओवरों में 3 विकेट खोकर 130 रन बनाकर मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। इनमें वेदांत पांडे ने 52, उत्सव पंवार ने 50, समर्थ पुंतंबेकर ने नाबाद 22, अभिराज उइके 2 रन बनाकर नाबाद रहे। मयंक के श्रीवर्धन चतुर्वेदी, अखंड प्रताप सिंह और हृदेश को 1-1 विकेट मिला।




### टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट भोपाल में दो दिनी भव्य आयोजन 28 से

# यूनिकॉर्न चेस फेस्टिवल में ग्रैंडमास्टर सूर्या शेखर देंगे विशेष प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**कुल 2,00,000 रुपए की पुरस्कार राशि समेत कई विशेष पुरस्कार मिलेंगे**

शतरंज प्रेमियों के लिए जून 2026 का अंतिम सप्ताह विशेष रूप से यादगार होने जा रहा है। यूनिकॉर्न चेस अकादमी द्वारा 'प्रथम यूनिकॉर्न ओपन फिडे रेपिड चैस टूर्नामेंट 2026' एवं 'चेस साइकोलॉजी एवं परफार्मेंस कैंप' का आयोजन भोपाल में किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित आयोजन 28 एवं 29 जून को टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आनंद नगर में आयोजित होगा।

प्रतियोगिता फिडे रेटेड होगी तथा इसमें देशभर के खिलाड़ी भाग लेकर अपने फिडे रेटिंग अंक बढ़ाने का अवसर प्राप्त करेंगे।



टूर्नामेंट में 15 मिनट + 10 सेकंड इन्क्रीमेंट का समय नियंत्रण रहेगा। खिलाड़ियों के लिए कुल 2,00,000 रुपए की आकर्षक पुरस्कार राशि, ट्रॉफियां एवं विभिन्न विशेष पुरस्कार रखे गए हैं। इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता भारत के प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित ग्रैंडमास्टर सूर्या शेखर गांगुली की उपस्थिति रहेगी। वे 29 एवं 30 जून को आयोजित विशेष "ग्रैंडमास्टर माइंडसेट – चेस साइकोलॉजी एंड परफॉर्मेंस कैंप" का संचालन करेंगे।

### ग्रेंडमास्टर आनंद के सहयोगी रह चुके हैं गांगुली

ग्रैंडमास्टर गांगुली विश्वनाथन आनंद के विश्व चैंपियनशिप अभियानों में उनके प्रमुख सहयोगी एवं प्रशिक्षक दल का हिस्सा रह चुके हैं। इस विशेष कैंप में खिलाड़ियों को चैंपियन मानसिकता, टूर्नामेंट मनोविज्ञान, निर्णय क्षमता, फोकस, मानसिक दृढ़ता तथा प्रदर्शन सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आयोजन की संयोजक एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर तथा फिडे आर्बिटर अदिति श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिकॉर्न चेस अकादमी का उद्देश्य खिलाड़ियों को केवल प्रतियोगिताओं का मंच प्रदान करना ही नहीं, बल्कि उन्हें मानसिक एवं तकनीकी रूप से और बेहतर बनाना है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930